

हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं रांची से प्रकाशित



खेल

**स्मृति मंधाना ने रचा इतिहास : 2024 में वनडे में लगाए चार शतक**

देश

**तराखंड लागू करेगा देश की प्रथम योग नीति : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी**

शुक्ल पक्ष, कृतिका, विक्रम संवत् 2081 • औरंगाबाद • शुक्रवार • 13 दिसम्बर 2024 • वर्ष 27 • अंक 06 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
|  |  |
| ₹79,470 | ₹95,500 |

## आज का इतिहास

- **1955 :** भारत के वर्तमान रक्षा मंत्री व गोवा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर परिकर का जन्म हुआ।
- **2000 :** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विजय सैमुअल हजारे 'कैस्ट्रॉल लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड' पाने वाले पहले व्यक्ति बने।

## न्यूज बाइट्स

### दिल्ली सरकार महिलाओं को हर महीने 1000 देगी

**नई दिल्ली (ए.)।** दिल्ली सरकार महिलाओं को हर महीने 1000 रुपए देगी। इसे महिला सम्मान योजना नाम दिया गया है। 18 साल की उम्र पूरी करने वाली हर महिला इस स्कीम के दायरे में आएगी। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के नेशनल कन्वीनर अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को इस स्कीम का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि योजना के लिए आज से ही रजिस्ट्रेशन शुरू हो जाएंगे। केजरीवाल ने यह भी कहा कि चुनाव बाद महिलाओं को हर महीने मिलने वाली रकम को बढ़ाकर 2100 कर दिया जाएगा।

### 18 साल के गुकेश शतरंज के नए वर्ल्ड चैंपियन

**नईदिल्ली (ए.)।** 18 साल के भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने सिंगापुर में गुरुवार को वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप का खिताब जीत लिया। उन्होंने चीन के डिफेंडिंग चैंपियन डिंग लिरेन को 7.5-6.5 से फाइनल हराया। ऐसा करने वाले वह दुनिया के सबसे युवा प्लेयर बने। इससे पहले 1985 में रूस के गैरी कैस्परोव ने 22 साल की उम्र में खिताब जीता था। गुकेश ने चीनी खिलाड़ी को 14वें गेम में हराकर टाइटल जीता। 25 नवंबर को चैंपियनशिप का फाइनल शुरू हुआ था, 11 दिसंबर तक दोनों के बीच 13 गेम खेले गए। स्कोर यहां 6.5-6.5 से बराबर था। गुकेश ने आज 14वां गेम जीता और एक पॉइंट की बढ़त लेकर स्कोर 7.5-6.5 कर दिया।

### मस्जिदों पर दावे वाले नए केस अब नहीं होंगे दाखिल

**नई दिल्ली (ए.)।** सुप्रीम कोर्ट ने उपासना स्थल अधिनियम, 1991 के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए निर्देश दिया है कि जब तक इन याचिकाओं का निपटारा नहीं हो जाता, तब तक देश में इस कानून के तहत नए मुकदमे दर्ज नहीं किए जाएंगे। यानी अब मस्जिदों पर दावे वाले नए केस दाखिल नहीं होंगे। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया है कि वह इस एक्ट के कुछ प्रावधानों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर अपना हलफनामा दाखिल करे। अदालत ने केंद्र को चार सप्ताह में याचिकाओं पर जवाब दाखिल करने को कहा। न्यायालय ने केंद्र द्वारा याचिकाओं पर जवाब दाखिल किए जाने के बाद संबंधित पक्षों को प्रत्युत्तर दाखिल करने के लिए चार सप्ताह का समय दिया है।

### मंगल पांडेय लिखित पुस्तक का विमोचन 17 को राज्यपाल करेंगे

**पटना (नि.सं.)।** स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय द्वारा लिखित पुस्तक 'आरोग्य पथ पर बिहार, जन स्वास्थ्य का मंगल काल का विमोचन राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर 17 दिसंबर को करेंगे। विधानसभा के विस्तारित भवन के सभागार में आयोजित होने वाले विमोचन समारोह में उपमुख्यमंत्री द्वय सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा, विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव, विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह समेत विभिन्न विभागों के मंत्री, भाजपा और जदयू के प्रदेश अध्यक्ष, सभी मेडिकल कॉलेज अस्पतालों के प्राचार्य एवं अधीक्षक आदि अतिथि मौजूद रहेंगे।

अब हर व्यक्ति तक पहुंचेंगी दवा, स्वास्थ्य सेवाओं में आएगी तेजी

# 109 औषधि वाहनों को किया गया रवाना उपस्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचेंगी दवाइयां



- **जीपीएस सिस्टम से लैस औषधि वाहनों की सेवा**

**निज संवाददाता | पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरूवार को स्वास्थ्य विभाग के मुफ्त औषधि वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इन वाहनों के माध्यम से निःशुल्क औषधि वितरण एवं स्वास्थ्य सेवाओं में और बेहतरी आयेगी। कुल 109 मुफ्त औषधि वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को विकास आयुक्त सह स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने हरित पौधा भेंटकर स्वागत किया। राज्य सरकार ने स्वास्थ्य सेवा को समाज के सबसे गरीब और वंचित वर्ग तक पहुंचाने के उद्देश्य से एक ऐतिहासिक पहल करते हुए औषधि आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत एवं व्यवस्थित करने हेतु मुफ्त औषधि वाहन' का शुभारंभ किया है। इस योजना का उद्देश्य राज्य के सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों, विशेष रूप से सुदूरवर्ती क्षेत्रों में स्थित सरकारी अस्पतालों एवं स्वास्थ्य केंद्रों तक औषधियों की ससमय उपलब्धता सुनिश्चित करना है, ताकि कोई भी नागरिक औषधि की अनुपलब्धता के कारण स्वास्थ्य लाभ से वंचित न रहे। सरकार का यह प्रयास हर नागरिक, विशेषकर गरीब और वंचित वर्ग, को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक सशक्त कदम है। आम नागरिकों को सरकारी अस्पतालों में सभी आवश्यक औषधियां समय पर और निःशुल्क मिल रही हैं। अब ग्रामीण एवं सुदूरवर्ती क्षेत्रों में आकस्मिक और आपात स्थिति में भी दवाओं की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित होगी, जिससे गरीब परिवारों को ससमय बेहतर इलाज मिल सकेगा। राज्य के सुदूरवर्ती गांवों में आवश्यक औषधियां ससमय और सुगमता से उपलब्ध कराने के लिए जीपीएस सिस्टम से लैस औषधि वाहनों की सेवा शुरू की गई है, जिससे दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित होगी और समय पर आपूर्ति संभव हो सकेगी।

यह योजना 'स्वस्थ बिहार' मिशन का अभिन्न हिस्सा है, जिसमें समाज के सबसे कमजोर वर्गों के जीवन स्तर में सुधार लाने का प्रयास किया जा रहा है। राज्य सरकार की यह योजना बिहार के लिए एक समावेशी एवं रोजगारोन्मुखी पहल है। इसके माध्यम से राज्य की स्वास्थ्य सेवाओं को अत्यधिक सुदृढ़, सुलभ एवं उत्तरदायी बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डे, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, विकास आयुक्त सह स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, राज्य स्वास्थ्य समिति के कार्यपालक निदेशक सुहर्ष भगत सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### स्टॉक में ही एक्सपायर हो जाती थी दवाईयां

सरकारी अस्पतालों में मिलने वाले सभी मेडिसिन अब अस्पताल तक पहुंच पाएगा। ट्रांसपोर्ट की बेहतर सुविधा नहीं होने के कारण कई मेडिसिन स्टॉक में ही एक्सपायर या खराब हो जाती थी। स्टॉक से दवाइयां जिला मुख्यालय के अस्पताल से ग्रामीण क्षेत्र के सरकारी अस्पताल तक पहुंचे, इसके लिए इन वाहनों को शामिल किया गया है।

# वन नेशन वन इलेक्शन पर मोदी कैबिनेट की मुहर
## अगले हफ्ते संसद में पेश हो सकता है बिल
पास हुआ तो 2029 तक एक साथ देशभर में चुनाव

**एजेंसी | नई दिल्ली**

केंद्रीय कैबिनेट से एक देश-एक चुनाव के प्रस्ताव को मंजूरी मिल गई है। सूत्रों ने यह दावा करते हुए बताया कि अगले हफ्ते बिल को संसद में पेश किया जा सकता है। सरकार इस बिल पर आम सहमति बनाना चाहती है, लिहाजा संसद से बिल को चर्चा के लिए जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी (जेपीसी) के पास भेजा जाएगा। जेपीसी इस बिल पर सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा करेगी।

इससे पहले सितंबर में केंद्रीय कैबिनेट ने वन नेशन-वन इलेक्शन के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी थी। कैबिनेट मीटिंग के बाद केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा था कि पहले फेज में विधानसभा और लोकसभा चुनाव साथ होंगे। इसके बाद 100 दिन के भीतर दूसरे फेज में निकाय चुनाव साथ कराए जाएंगे। कमेटी की रिपोर्ट के मुताबिक, एक देश-एक चुनाव लागू करने के लिए कई राज्य विधानसभाओं का कार्यकाल घटेगा। जिन राज्यों में विधानसभा चुनाव 2023 के आखिर में हुए हैं, उनका कार्यकाल बढ़ाया जा सकता है। विधि आयोग के प्रस्ताव पर सभी दल सहमत हुए तो यह 2029 से ही लागू होगा। इसके लिए दिसंबर 2026 तक 25 राज्यों में विधानसभा चुनाव कराने होंगे। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद रिपोर्ट सौंप चुके वन नेशन वन इलेक्शन पर विचार के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में 2 सितंबर 2023 को एक पैनल बनाया गया था। इस पैनल ने स्टेकहोल्डर्स-एक्सपर्ट्स से चर्चा के बाद 191 दिन की रिसर्च के बाद 14 मार्च को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपनी रिपोर्ट सौंपी थी। आजादी के बाद 1952, 1957, 1962 और 1967 में लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एकसाथ ही हुए थे, लेकिन 1968 और 1969 में कई विधानसभाएं समय से पहले ही भंग कर दी गईं। उसके बाद 1970 में लोकसभा भी भंग कर दी गई। इस वजह से एक देश-एक चुनाव की परंपरा टूट गई।




### क्या है वन नेशन वन इलेक्शन ?

क्या है वन नेशन वन इलेक्शन भारत में फिलहाल राज्यों के विधानसभा और देश के लोकसभा चुनाव अलग-अलग समय पर होते हैं। वन नेशन वन इलेक्शन का मतलब है कि पूरे देश में एकसाथ ही लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव हों। यानी मतदाता लोकसभा और राज्य के विधानसभाओं के सदस्यों को चुनने के लिए एक ही दिन, एक ही समय पर या चरणबद्ध तरीके से अपना वोट डालेंगे।

### कोविंद पैनल के 5 सुझाव...?

सभी राज्य विधानसभाओं का कार्यकाल अगले लोकसभा चुनाव यानी 2029 तक बढ़ाया जाए।

हंग असेंबली (किसी को बहुमत नहीं), नो कॉन्फिडेंस मोशन होने पर बाकी 5 साल के कार्यकाल के लिए नए सिरे से चुनाव कराए जा सकते हैं।

पहले फेज में लोकसभा-विधानसभा चुनाव एक साथ कराए जा सकते हैं, उसके बाद दूसरे फेज में 100 दिनों के भीतर लोकल बॉडी के इलेक्शन कराए जा सकते हैं।

चुनाव आयोग लोकसभा, विधानसभा, स्थानीय निकाय चुनावों के लिए राज्य चुनाव अधिकारियों के परामर्श से सिंगल वोटर लिस्ट और वोटर आईडी कार्ड तैयार करेगा।

कोविंद पैनल ने एक साथ चुनाव कराने के लिए उपकरणों, जनशक्ति और सुरक्षा बलों की एडवांस प्लानिंग की सिफारिश की है।

# रबी की खेती के लिए 36 जिलों के 18 हजार से अधिक गांवों में होगा डिजिटल क्रॉप सर्वे

**निज संवाददाता | पटना**

सरकार किसानों को फसल विशेष योजनाओं का लाभ समय से सुनिश्चित करने के लिए डिजिटल क्रॉप सर्वे कराएगी। रबी की खेती के लिए 36 जिलों के 18 हजार से अधिक गांवों को चिह्नित किया गया है। कृषि विभाग की ओर बुधवार को आयोजित कार्यशाला में यह घोषणा की गई। बामेती सभागार में एग्री स्टैक परियोजना के तहत डिजिटल क्रॉप सर्वे एवं फार्मर रजिस्ट्री विषय पर आयोजित एक दिवसीय कर्मशाला-सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने किया। अपर मुख्य सचिव ने अपने संबोधन में कहा कि बिहार में डिजिटल क्रॉप सर्वे कराना बहुत जरूरी है। डिजिटल क्रॉप सर्वे हो जाने से किसानों की जमीन के बारे में साईंटिफिक डाटा उपलब्ध हो जाएगा और जरूरतमंद किसानों को योजनाओं का उचित लाभ मिल पाएगा। उन्होंने 31 जनवरी तक जियो रेफरेंस मैप तैयार करने का निर्देश दिया।

उन्होंने कृषि विभाग से अपील किया कि कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ उन्हीं किसानों को दें, जिनका भू-अभिलेख आधार से लिंक हो। साथ ही, उन्होंने किसानों से अपना भू-अभिलेख ठीक कराने का भी आह्वान किया। कृषि विभाग के संजय अग्रवाल ने कहा कि बिहार में डिजिटल क्रॉप सर्वे की बहुत बड़ी क्रांति के रूप में शुरुआत की जा रही है। वर्तमान में किस जिले में, किस फसल की, कितने क्षेत्र में खेती की गई है, इस विषय पर विभिन्न स्रोतों के अलग-अलग आंकड़े हैं।

### 1.18 लाख प्लॉट का सर्वे 31 जनवरी तक होगा

अग्रवाल ने कहा कि पांच जिले के 10 गांव में 1.18 लाख प्लॉट का डिजिटल क्रॉप सर्वे 31 जनवरी तक करना होगा। डिजिटल क्राप सर्वे करने वाले कर्मी को पांच रुपये प्रति प्लाट की दर से प्रोत्साहन राशि दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त पावर बैंक की सुविधा के साथ-साथ नेट के लिए अलग से राशि उपलब्ध कराई जाएगी। यह कार्य अनुमंडल कृषि पदाधिकारी के नेतृत्व में कराया जाएगा। अनुमंडल कृषि पदाधिकारी को डिजिटल क्रॉप सर्वे का प्रशासनिक प्राधिकार नामित किया जाएगा। प्रत्येक अनुमंडल कृषि पदाधिकारी को नमूना के रूप में एक-एक गांव का डिजिटल क्रॉप सर्वे स्वयं अगले एक महीने में करना होगा, ताकि वे डिजिटल क्रॉप सर्वे के मास्टर ट्रेनर के रूप में काम सके।

# देश में पहली बार वॉट्सऐप कॉल पर स्कूलों की मॉनिटरिंग

**निज संवाददाता | पटना**

बिहार के स्कूलों की मॉनिटरिंग अब वॉट्सऐप वीडियो कॉल के जरिए की जा रही है। शिक्षा विभाग की माने तो ये पहल करने वाला बिहार देश का पहला राज्य है। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ ने खुद वीडियो कॉल कर स्कूलों की मॉनिटरिंग की। वीडियो कॉल कर उन्होंने क्लास रूम, टीचर्स, स्टूडेंट्स की मॉनिटरिंग की। कुछ टीचर क्लास से बाहर दिखे तो उनसे सवाल-जवाब हुए। बच्चे यूनिफॉर्म में नहीं दिखे तो टीचर्स को फटकार भी लगी। कुछ शिक्षकों को जर्जर क्लासरूम पर भी फटकारा। एस.सिद्धार्थ ने शिक्षकों से बच्चों की क्लास और स्कूल से जुड़ी जानकारी भी ली। वीडियो कॉल पर बातचीत के दौरान एस. सिद्धार्थ की नजर स्कूल के दीवार पर गई। उन्होंने शिक्षक से कहा कि स्कूल की मरम्मती क्यों नहीं हुई है ? हेड मास्टर को फोन दीजिए। एस. सिद्धार्थ ने हेडमास्टर से कहा कि स्कूल की मरम्मत क्यों नहीं हो रही है ? जिस पर हेडमास्टर ने कहा कि स्कूल के फर्श की मरम्मत हुई है। जिस पर एस. सिद्धार्थ ने बिगड़ते हुए पूछा कि पूरे स्कूल की मरम्मती क्यों नहीं करवाई गई। स्कूल में सफाई क्यों नहीं हुई है। स्कूल के हेडमास्टर ने बताया कि जिस ठेकेदार को काम दिए तो वो सिर्फ फर्श की मरम्मती करके गए हैं। बाकी बाद में होगा। इसके बाद एस. सिद्धार्थ ने पूछा कि आज स्कूल में प्रार्थना हुई है ? जवाब हां में मिला।

डॉ. एस. सिद्धार्थ ने पश्चिम चंपारण के गवर्नमेंट मिडिल स्कूल ने वॉट्सऐप कॉल किया। इस कॉल को एक शिक्षक ने उठाया, जिनका नाम इमाम कौसर है।



### हर दिन 10 स्कूलों की करेंगे मॉनिटरिंग

बिहार के शिक्षा अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ वीडियो कॉल पर हाजिरी देखेंगे। शिक्षकों की उपस्थिति से लेकर बच्चों के मौजूदगी का जायजा लेंगे। डॉ. सिद्धार्थ रोजाना 10 स्कूल का वीडियो कॉल पर मॉनिटरिंग करेंगे। इसमें रैंडम कॉल किए जाएंगे। कॉल के दौरान क्लास में बच्चों की उपस्थिति देखी जाएगी। शौचालय की साफ सफाई, टीचर्स की उपस्थिति, मिड डे मील आदि को देखेंगे। एसीएस सिद्धार्थ +91 9153468895 से कॉल करेंगे।

# पटना के गांधी मैदान में सरस मेला का उद्घाटन

**पटना (नि.सं.)।** पटना के गांधी मैदान में ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने बिहार सरस मेला का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कई स्टॉल का निरीक्षण किया। साथ ही उत्पाद के बारे में जानकारी ली। सरस मेला 12 से 26 दिसंबर तक चलेगा। सभी के लिए फ्री एंट्री रखी गई है। सरस मेले में बिहार के सभी 38 जिले की जीविका दीदियों समेत 27 राज्यों के स्वयं सहायता समूह की महिलाएं और उद्यमियों ने अपने-अपने प्रदेश की शिल्प, कला, लोकल, व्यंजन, स्वनिर्मित उत्पादों की 560 प्रदर्शनी लगाई है। महिला उद्यमियों की ओर से कुल 400 स्टॉल लगाए गए हैं। स्टॉल के लिए 5 पवेलियन बनाए गए हैं। भोजपुरी, मैथिली, मगही, अंगिका और बज्जिका के नाम पर पवेलियन का नाम रखा गया है। भागलपुरी साड़ी, साज-सज्जा के सामान, बांस से बने उत्पाद, टेराकोटा से बने उत्पाद, पापड़, अदौड़ी, अचार, चूड़ा, मधुबनी पेंटिंग, हस्त शिल्प के स्टॉल भी लगाए गए हैं।

# वन अपराधों पर नियंत्रण को बनेगा जिला टास्क फोर्स

**निज संवाददाता | पटना**

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने वन अपराधों के नियंत्रण के लिए जिला स्तर पर टास्क फोर्स का गठन करने का निर्देश पदाधिकारियों को दिया है। उन्होंने कहा है कि क्षेत्रीय स्तर के वनपाल एवं वनरक्षियों की काफी संख्या में बहाली हो चुकी है, इसलिए अंचलस्तर पर भी उड़नदस्ता दल का गठन किया जाय, ताकि वन अपराधों पर पूर्ण नियंत्रण बना रहे। मंत्री गुरुवार को अरण्य भवन स्थित कार्यालय कक्ष में वन अपराध नियंत्रण से संबंधित आयोजित समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। मंत्री ने यह भी निर्देश दिया कि अफीम की खेती, अवैध पत्थर खनन, विभिन्न वन्यजीवों-प्रवासी पक्षियों के शिकार आदि पर पूर्ण रूप से रोक लगायी जाय। यदि किसी पदाधिकारी-कर्मी की कर्तव्यहीनता सामने आती है कि उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करें।



# पुस्तक मेला में गौरैया स्टॉल बना आकर्षण का केंद्र

**निज संवाददाता | पटना**

पटना पुस्तक मेला 2024 के थीम पेड़, पानी एवं जीवन के मद्देनजर हमारी गौरैया एवं एनवायरनमेंट वारियर्स की ओर से बिहार की राजकीय पक्षी गौरैया के संरक्षण पर लगी 'गौरैया फोटो, कृत्रिम घोंसला, दाना-पानी पॉट-गौरेया संरक्षण स्टॉल' पर रोजाना लोगों की भीड़ उमड़ रही है। आम और खास दर्शक आ रहे हैं और गौरैया संरक्षण से जुडने के आह्वान से रूबरू हो रहे हैं। गौरैयाविद संजय कुमार और एनवायरनमेंट वाररिर्स के निशांत रंजन ने बताया कि पद्मश्री एवं डॉल्फिनमैन प्रो. डॉ. रवींद्र कुमार सिन्हा, चर्चित साहित्यकार प्रेम कुमार मणि आए। कई चर्चित चेहरों का आने का सिलसिला जारी है। पिछले दिनों यूके और स्विट्जरलैंड से बिहार आए दो पर्यटक भी स्टॉल पर और गौरैया संरक्षण पर चर्चा की। बिहार सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ प्रेम कुमार भी गौरैया संरक्षण स्टॉल का अवलोकन कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि लोग गौरैया संरक्षण को लेकर तरह-तरह के सवाल पूछते है और बताते हैं कि घर आँगन कि गौरैया अब नहीं दिखती। वहीं कई ने बताया कि उनके घर आती तो है लेकिन संख्या काम हो गई है। गौरैया संरक्षण जागरूकता स्टॉल बच्चों और युवाओं को भी भा रहा है। गौरैया की घर वापसी को लेकर हमारी गौरैया एवं एनवायरनमेंट वारियर्स टीम के युवा साथी जानकारी दे रहे हैं। स्टॉल पर गौरैया और पर्यावरण संरक्षण पर पाँच पुस्तकें, अभी मैं जिंदा हूँ गौरैया, ओ री गौरैया, आओ गौरैया, हमारे आसपास के पक्षी और जल जीवन हरियाली उपलब्ध है।



# पर्वतारोहण और ट्रैकिंग प्रशिक्षण का आयोजन

**निज संवाददाता | पटना**

बिहार सरकार अपने अधिकारियों के कौशल विकास के लिए उन्हें अमूमन अनेक गतिविधियों में शामिल करती रही है। इसी कड़ी में सरकार ने अब भारतीय प्रशासनिक सेवा, पुलिस सेवा के साथ ही वन सेवा और इंजीनियरिंग सेवा के अधिकारियों को पर्वतारोहण, स्पोर्ट्स क्लाइंबिंग, टैकिंग का प्रशिक्षण देने की तैयारी है। अधिकारियों का यह प्रशिक्षण बाधा ट्रेनिंग के रूप में होगा। अधिकारियों के लिए यह प्रशिक्षण बिहार लोक प्रशासन एवं ग्रामीण विकास संस्थान (बिपार्ड) ने आयोजित किया है। बिपार्ड के महानिदेशक केके पाठक ने सरकार की इस पहल के संबंध में सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव के साथ साथ ही सचिव व प्रमंडलीय आयुक्त और जिलाधिकारियों को एक पत्र भेजा है। जिसमें यह जानकारी दी गई है कि विभाग और जिलों में कार्यरत अधिकारियों के लिए सरकार ने ट्रैकिंग एक्सपीडिशन का आयोजन किया है। इस प्रकार के प्रशिक्षण आयोजन से अधिकारियों का कौशल विकास होता है। बिपार्ड महानिदेशक केके पाठक ने अपने पत्र में कहा है कि भारतीय प्रशासनिक, पुलिस सेवा के साथ ही अन्य सेवाओं के जो पदाधिकारी इस प्रशिक्षण में भाग लेना चाहते हैं वे अपने आवेदन यथाशीघ्र मुहैया करा दें ताकि अलग-अलग बैच बनाकर उन्हें हिमालयन पर्वतारोहध संस्थान, दार्जिलिंग के पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में शामिल कराया जा सके।

**100 बेड की सुविधा, पीड़ित बच्चों का मुफ्त में होगा इलाज, सीएम ने किया शिलान्यास**

# बिहार में बन रहा देश का पहला बाल कैंसर अस्पताल

**निज संवाददाता | पटना**

बिहार में देश का पहला बाल कैंसर अस्पताल बनने जा रहा है। पटना के फुलवारी शरीफ में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को अस्पताल की आधारशिला रखी। धर्म गुरूओं की मौजूदगी में शिलान्यास किया। कार्यक्रम स्थल पर मुख्यमंत्री करीब 10 मिनट तक रुके। महावीर मंदिर न्यास समिति की ओर से संचालित अस्पताल 100 बेड का होगा। जिसमें कैंसर पीड़ित बच्चों का मुफ्त में इलाज होगा। इस मौके पर संस्थान के सचिव आचार्य किशोर कुणाल ने कहा कि कैंसर पीड़ित बच्चों के लिए इलाज, दवाई, खाना, पढ़ाई की सुविधा मुफ्त में उपलब्ध कराई जाएगी। भारत का यह पहला बाल कैंसर अस्पताल होगा। वहीं, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एल बी सिंह ने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम साहब जब संस्थान में पहुंचे थे, तब उन्होंने आग्रह किया था कि कैंसर पीड़ित बच्चों का मुफ्त निदान करने की व्यवस्था किया जा सकता है। जिस पर न्यास समिति के सचिव ने इसकी घोषणा की थी। डॉ. एल बी सिंह ने आगे कहा कि अत्याधुनिक तकनीक से मरीजों का उपचार होगा। कीमोथेरेपी, रेडियोथेरेपी सभी उपचार की सुविधा बिल्कुल मुफ्त रहेगा। इलाज पर जितना भी खर्च होगा, महावीर कैंसर संस्थान करेगी। निर्माण कार्य 1 से डेढ़ वर्ष के अंदर पूरा करने का लक्ष्य है। छह मंजिला भवन में 100 बेड की सुविधा प्रदान की जाएगी।




# अग्निशमन विभाग का हाईटेक कमांड कंट्रोल रूम तैयार
## पटना से 106 लोकेशन को किया जाएगा लाइव ट्रैक

**निज संवाददाता | पटना**

बिहार अग्निशमन विभाग का हाईटेक और अपग्रेड कमांड कंट्रोल रूम पूरी तरह से बनकर तैयार हो गया है। कुछ दिनों में इसे फंक्शनल भी कर दिया जाएगा। कंट्रोल रूम के अंदर डेस्कटॉप, एलईडी स्क्रीन, टीवी और आधुनिक मशीन लगाए गए हैं। एलईडी स्क्रीन पर पूरे राज्य के 106 जगहों की लाइव लोकेशन की जानकारी एक साथ मिलेगी। मिनट टू मिनट की इंटरनल जानकारी मिलेगी। कितनी गाड़ी किस फायर स्टेशन में खड़ी है। ये भी कंट्रोल रूम से देखा जा सकेगा। जरूरत पड़ने पर आग लगने की स्थिति में में लोकल थाने से कॉर्डिनेशन बनाकर सहायता भी उपलब्ध कराई जाएगी। इसे मुंबई की तर्ज पर बनाया गया है। पिछले दिनों राज्य अग्निशमन के पदाधिकारियों ने मुंबई जाकर इसके बारे में जानकारी ली थी। आग लगने के दौरान अब तक सिर्फ अग्निशमन विभाग के कर्मियों और पदाधिकारियों को टेलीफोनिक सूचना ही मिलती थी।

### मिनट टू मिनट की होगी जानकारी

आग लगने के दौरान कौन सी गाड़ी किस लोकेशन से तुरंत घटनास्थल पर पहुंच सकती है। गाड़ी किस दिशा में जा रही है। कितना समय घटनास्थल पर पहुंचने में लगा। अगर देरी हुई तो उसकी क्या वजह रही। ट्रैफिक जाम के कारण किस तरह की चुनौती सामने आई। इन सब चीजों की मॉनिटरिंग की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### मानपुर के पत्रकार अजय सिंह को पितृ शोक

**गया।** मानपुर के पत्रकार अजय सिंह के पिता जे.पी. सिंह का निधन बुधवार की सुबह हो गया। उनकी उम्र करीब 78 वर्ष थी। एकाएक पिता के निधन से बेटा सहित पूरा परिवार काफी मर्माहत है। उनका अंतिम संस्कार विष्णुपद स्थित मुक्तिधाम में किया गया। बड़े पुत्र अजय सिंह ने मुखाग्नि दी। इस मौके पर होटल घराना के जय कुमार सिंह, राजीव कुमार सिंह, संदीप कुमार सिंह, नीरज कुमार सिंह, रंजीत सिंह, अरुण कुमार सिंह, सिद्धार्थ कुमार, पत्रकार वीरेंद्र सिंह, उदय शंकर प्रसाद आदि लोग मौजूद थे।

### आरपीएफ ने अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**गया।** आरपीएफ गया ने रेल एक्ट के विभिन्न धाराओं पर फरार चल रहे अभियुक्त सूरज कुमार को गिरफ्तार किया है। सूरज डेल्हा थाना क्षेत्र के छोटकी डेल्हा का रहने वाला है। इस बारे में आरपीएफ गया के पोस्ट प्रभारी निरीक्षक अजय प्रकाश ने बताया कि आरपीएफ के अधिकारी व जवानों द्वारा आरपीएफ के दो मामले में फरार चल रहे अभियुक्त सूरज को गिरफ्तार कर लिया गया है। अभियुक्त को रेल न्यायालय में अग्रसारित किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### फरार आरोपी के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

**करायपरसुराय।** थाना क्षेत्र के चकबाजीतपुर गांव में लड़की भगाने के मामले में फरार चल रहे शत्रुघ्न प्रसाद के घर पर बुधवार को न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने इश्तेहार चिपकाया है। थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह ने बताया कि चकबाजीतपुर गांव के शत्रुघ्न प्रसाद पर लड़की भगाने का आरोप है। गिरफ्तारी के लिए छापामारी अभियान चलाया जा रहा है, लेकिन आरोपी पकड़ में नहीं आ रहा है। न्यायालय द्वारा निर्गत इश्तेहार को आरोपी के दरवाजे पर पुलिस द्वारा चिपकाया गया। आरोपी अगर आत्मसमर्पण नहीं करता है कुर्की जब्ती की कार्रवाई की जाएगी।

### सीरा में पेंशन शिविर का हुआ आयोजन

**मोहड़ा।** मोहड़ा प्रखंड की अरई पंचायत अंतर्गत सीरा गांव में प्रमुख प्रतिनिधि के द्वारा पेंशन शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में पंचायत से दर्जनों लोगों ने भाग लिया। प्रमुख प्रतिनिधि गया यादव ने बताया कि शिविर में 70 लोगों का आवेदन लिया गया। उन्होंने बताया कि अगले माह तक सभी लोगों का पेंशन चालू कराने का लक्ष्य रखा गया है।

### एएम लॉ कॉलेज में संगोष्ठी का आयोजन

**गया।** अनुग्रह मेमोरियल लॉ कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। एनएनएस की ओर से इसका आयोजन किया गया। संचालन सह सहायक प्राध्यापक पवन कुमार मिश्रा मानवाधिकार पर प्रकाश डालते हुए इसके अंतरराष्ट्रीय महत्व बताए। कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य सह पूर्व संकायाध्यक्ष डॉ. प्रदीप कुमार ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र राजमर्रा की जिंदगी में मानवाधिकारों के महत्व को स्वीकार करने के लिए मानवाधिकार दिवस मनाया जाता है। संगोष्ठी में प्रो. कौशल किशोर द्विवेदी, प्रो. अग्रसेन कुमार व विद्यार्थियों ने भी विषय वस्तु पर परिचर्चा की।

### कुजापी में हम से. का चला सदस्यता अभियान

**गया।** नगर प्रखंड अंतर्गत ग्राम बतसपुर कुजापी में बुधवार को हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा सेक्युलर द्वारा सदस्यता अभियान चलाया गया। इस अभियान में दर्जनों ग्रामीणों ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ली। नेतृत्व पार्टी के नेता धर्मेन्द्र मांझी ने किया। इस मौके पर पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता नंदलाल मांझी, जिलाध्यक्ष नारायण प्रसाद, जिला उपाध्यक्ष सुधीर यादव, जिला संगठन सचिव राम सनेही मांझी, जिला सचिव राकेश कुमार, रामप्रसाद मांझी, शेरघाटी प्रखंड अध्यक्ष मनोज मांझी आदि मौजूद थे।

## केनरा बैंक ने विद्यालय के लिए डोनेट किए 3 लाख के उपस्कर



**टिकारी।** मुंबई में केनरा बैंक में उप महाप्रबंधक के तौर पर कार्यरत अलीपुर मध्य विद्यालय के पूर्व छात्र ने बुधवार को एक विशेष कार्यक्रम में अपने विद्यालय को तीन लाख रुपए के उपस्कर डोनेट किए। बता दें कि इन उपस्करों की खरीद के लिए खर्च की गई राशि केनरा बैंक के सौजन्य से दी गई हैं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल प्रखंड शिक्षा अधिकारी डॉ.अभय कुमार रमन ने श्री शर्मा की भूरी भूरी प्रशंसा की। कहा कि वर्तमान सरकार की पूरी कोशिश है कि किसी भी विद्यालय में शिक्षा से संबंधित किसी भी प्रकार की सामग्री का अभाव न रहे। परन्तु श्री शर्मा की कोशिश अत्यंत प्रशंसनीय है। पूर्व छात्र जो वर्तमान में अब सामाजिक, आर्थिक रूप से सक्षम हैं यदि विद्यालय पर ध्यान देने लगेंगे तो सुदूर ग्रामीण इलाके के विद्यालय भी अच्छी स्थिति में होंगे। विद्यालय के प्रधानाध्यापक विक्रम कुमार ने बताया कि दिए गए सामग्री में अलमारी, पंखा, ट्यूबलाइट, कुर्सी टेबल आदि शामिल है। संचालन पूर्व प्रधानाध्यापक अखिलेश कुमार ने किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता सुरेन्द्र प्रसाद यादव कॉलेज के प्राचार्य लालदेव यादव ने की। इनके अतिरिक्त कार्यक्रम में गोपाल शर्मा ,चंदेश्वरी शर्मा ,अशोक कुमार वर्मा,सिद्धार्थ कुमार सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद थीं।

## गुरुपदगिरि पर्वत पर पहुंचे बौद्ध श्रद्धालु भगवान बुद्ध का किया पूजन-दर्शन



**फतेहपुर।** बिहार और झारखंड प्रदेश की सीमा पर स्थित फतेहपुर प्रखंड के घनघोर जंगल में बसे गुरपा के बौद्धकालीन गुरुपदगिरि पर्वत पर बुधवार को कई देशों के बौद्ध श्रद्धालु पहुंचे। बौद्ध श्रद्धालुओं ने पर्वत शिखर पर भगवान बुद्ध के स्तूप और महाकश्यपा के मंदिर में विधि विधान से पूजन-दर्शन किया। इसके साथ ही वे यहां पर साधना भी किया। बौद्ध श्रद्धालुओं ने सुखमय जीवन और विश्वशांति के लिए भगवान बुद्ध से प्रार्थना की। बोधगया से तिब्बत, ताइवान, थाईलैंड, नेपाल, श्रीलंका, फ्रांस, कंबोडिया, लद्दाख आदि देशों के गुरपा पहुंचे बौद्ध श्रद्धालुओं ने बुद्धम शरणम गच्छामि का जयघोष करते हुए गुरुपदगिरि पर्वत शिखर पर पहुंचे। यहां बौद्ध श्रद्धालुओं ने भगवान बुद्ध के चालीस फीट ऊंची बौद्ध स्तूप सहित अन्य बौद्ध स्तूपों का दर्शन किया और वहां पर इनका जत्था भगवान बुद्ध को नमन करते हुए कैंडल जलाकर पूजा-अर्चना किया। बौद्ध श्रद्धालुओं ने भगवान बुद्ध के महान शिष्य महाकश्यपा के मंदिर में भी पूजा-पाठ किया। पर्वत शिखर पर बौद्ध श्रद्धालुओं ने एक घंटे तक साधना भी किया और सुखमय जीवन व विश्वशांति की कामना की।

# नालंदा में हर्ष फायरिंग में युवक की मौके पर ही मौत

### जयमाला के समय वर पक्ष से चलाई गई थी गोली

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा में शादी समारोह के दौरान बुधवार की रात हुई हर्ष फायरिंग में एक युवक को गोली लगने से मौत हो गई। मामला सारे थाना क्षेत्र अंतर्गत नेरुत गांव का है। मृतक की पहचान बिन्द थाना क्षेत्र अंतर्गत बरहोग गांव निवासी रामशरण यादव के (27) वर्षीय पुत्र त्रिलोकी कुमार के रूप में की गई है। वह अपने गांव से बारात में शामिल होने के लिए नेरूत गांव गया था। परिजनों ने आरोप लगाते हुए बताया कि जानबूझकर त्रिलोकी कुमार को गोली मारी गई है। वहीं, दूसरी तरफ परिवार वालों का यह भी कहना है कि त्रिलोकी का किसी से कोई दुश्मनी नहीं था। उन लोगों को गुरूवार को सुबह 3 बजे सूचना प्राप्त हुई की त्रिलोकी की मौत गोली लगने से हो गई है।

**युवक के सीने में लगी गोली:** परिजनों ने बताया कि बुधवार की शाम बिन्द के बरहोग गांव से ज्वाला प्रसाद के बेटे शंकर की बारात नेरुत गांव के लिए निकली थी। जैसे ही बारात नेरुत गांव पहुंची बारातियों का स्वागत किया गया और जयमाला के दौरान हर्ष फायरिंग की जाने लगी। इसी दौरान एक गोली त्रिलोकी कुमार के सीने में आ लगी और वह गंभीर रूप से जख्मी होकर वहीं गिर पड़ा। उसे आनन-फानन में स्थानीय अस्पताल में उपचार के लिए ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मृतक शेखपुरा जिला में रहकर चालक का काम करता था।

वह तीन भाइयों में दूसरे नंबर पर था और 3 वर्ष पूर्व उसकी शादी हुई थी। सारे थाना अध्यक्ष धर्मेश कुमार गुप्ता ने बताया कि हर्ष फायरिंग में युवक की मौत हुई है। फिलहाल पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दी है। पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। वर पक्ष की ओर से ही हर्ष फायरिंग की जा रही थी। जिसकी वजह से यह हादसा हुआ है।

## शराब कारोबारी महिला गिरफ्तार, एक व्यक्ति फरार

निज संवाददाता। नालंदा




♦ भारी मात्रा में शराब और नकदी बरामद, महिला पुलिस कर्मी को दांत काटा

नालंदा जिले के लहेरी थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक महिला शराब कारोबारी को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से बड़ी मात्रा में अवैध शराब और नकदी बरामद की गई है। बरामदगी के दौरान महिला के घर से 200 मिलीलीटर की 130 पाउच देशी शराब और 4 लाख 96 हजार 722 रुपए नकद बरामद किया है। छापेमारी के दौरान महिला तस्कर पुलिस पदाधिकारी से उलझ गई। जिसमें मौका पाकर पुरुष शराब कारोबारी मौके से फरार हो गया। इसी बीच महिला ने एक महिला पुलिस पदाधिकारी को दांत काट ली। गिरफ्तार महिला धमेंद्र यादव की पत्नी सरोज देवी है। मामले की जानकारी देते हुए लहेरी पुलिस ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि आलमगंज यादव टोला में कुछ लोग अवैध शराब का कारोबार कर रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी की। छापेमारी के दौरान गिरफ्तार महिला ने पूछताछ में बताया कि वह काफी समय से अवैध शराब का कारोबार कर रही है। बरामद नकदी इसी कारोबार से कमाई गई है। महिला के बयान के आधार पर महिला के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। आगे की जांच जारी है। छापेमारी टीम में निशा भारती,संतोष कुमार सिंह,चंदन कुमार एवं सशस्त्र पुलिस बल शामिल रही। बता दें कि पुलिस की इस कार्रवाई की लोगों ने सराहना की है। लोग उम्मीद कर रहे हैं कि पुलिस इस तरह की कार्रवाई जारी रखेगी और जिले में अपराधियों पर लगाम कसेगी।

## गया-आनंद विहार स्पेशल ट्रेन के संचालन में बदलाव

निज संवाददाता। गया



गया-आनंद विहार और मुजफ्फरपुर-आनंद विहार स्पेशल ट्रेनों के संचालन में तकनीकी कारणों से बदलाव किया गया है। इन ट्रेनों का परिचालन अब पहले की तुलना में कम दिनों पर होगा। रेलवे ने इन बदलावों की जानकारी साझा करते हुए यात्रियों को यात्रा योजना पहले से बनाने की सलाह दी है। जिससे रेल यात्रा के लिए निकलने पर उन्हें किसी प्रकार की कोई परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। जन सम्पर्क अधिकारी सरस्वती चन्द्र ने जानकारी देते हुए बताया कि स्पेशल ट्रेनों का नया शेड्यूल तय किया गया है। अब स्पेशल ट्रेनें तय किए गए नए शेड्यूल के तहत चलेंगी। मुजफ्फरपुर आनंद विहार स्पेशल ट्रेन का भी शेड्यूल चेंज किया गया है।

**गया-आनंद विहार स्पेशल ट्रेन में बदलावः** गाड़ी संख्या 02397गया से आनंद विहार तक यह ट्रेन 11 दिसंबर 2024 से 31 दिसंबर 2024 के बीच केवल सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को चलेगी। सप्ताह में 3 गया से आनन्द विहार के लिए चलेंगीं। गाड़ी संख्या 02398 आनंद विहार से गया के लिए यह ट्रेन 12 दिसंबर 2024 से 1 जनवरी 2025 के बीच मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को संचालित होगी। रेलवे ने यात्रियों से अनुरोध है कि वे यात्रा से पहले अपनी टिकट और समय-सारणी की जांच अवश्य कर लें। रेलवे ने यात्रियों की सुविधा और तकनीकी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया है। पूर्व की तुलना में इन ट्रेनों का परिचालन कम किए जाने के पीछे कई कारण हैं।

## गया के महाबोधि मंदिर को उड़ाने की धमकी, गैंगस्टर प्रिंस ने वीडियो जारी कर कहा- मेरा इसमें हाथ नहीं

निज संवाददाता। गया



गया के महाबोधि मंदिर को उड़ाने की धमकी के मामले में एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ। उसमें धनबाद स्थित वासेपुरा का भगोड़ा गैंगस्टर प्रिंस खान किसी के साथ बैठा दिख रहा है। बैकग्राउंड से संभवतः उसी की आवाज आ रही है। उसमें वह कह रहा है कि उसने मंदिर को उड़ाने की धमकी नहीं दी है। यह उसके परिवार को परेशान करने की विरोधियों की साजिश है। धमकी का जो पत्र भेजा गया है, उससे उसका कोई लेना-देना नहीं है। उसने कहा कि वह आतंकी नहीं है। अपने गुर्गे सैफी का बचाव करते हुए कहता है कि वह अपराधी नहीं है। सिर्फ उसका बिजनेस संभाल रहा है।

**धनबाद के प्रिंस खान के नाम से भेजा गया पत्रः** भगवान बुद्ध की तपोभूमि और बौद्ध धर्मावलंबियों के आस्था का सबसे प्रमुख तीर्थस्थल बोधगया के महाबोधि मंदिर को बम से उड़ा देने की धमकी दी गई है। मंदिर उड़ाने की धमकी भरा पत्र डाक के माध्यम से बीटीएमसी भेजा गया है। यह पत्र झारखंड के गैंगस्टर प्रिंस खान के नाम से आया है।

**गया पुलिस पहुंची धनबाद के वासेपुरः** धमकी भरा पत्र मिलते ही पुलिस इसकी गंभीरता से जांच में जुट गई है। वहीं, मंदिर की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। उधर, गया पुलिस मंगलवार को धनबाद के वासेपुर स्थित गैंगस्टर के घर पहुंची। लेकिन वहां प्रिंस खान नहीं मिला। जांच में उसके मोबाइल लोकेशन दुबई में मिल रहा है।

**जांच के लिए गठित की गई एसआईटी की टीमः** बोधगया थाना को सूचना मिली कि प्रबंधक महाबोधि मंदिर प्रबंधन समिति को डाक के माध्यम से एक धमकी भरा पत्र प्राप्त हुआ है। इसके बाद सिटी एसपी प्रेरणा कुमार द्वारा इस मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीपीओ बोधगया के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया।


**यहीं गौतम बुद्ध को ज्ञान की प्राप्ति हुई थीः** महाबोधि मंदिर, बिहार के बोधगया में स्थित एक प्राचीन बौद्ध मंदिर है। यह मंदिर, फल्गू के किनारे बना है। माना जाता है कि इसी जगह पर गौतम बुद्ध को ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। यह मंदिर, भगवान बुद्ध के जीवन से जुड़े चार पवित्र स्थलों में से एक है। इसे यूनेस्को ने विश्व धरोहर स्थल घोषित किया है।

**पहले भी हो चुके हैं आतंकी हमलेः** 7 जुलाई, 2013 को आतंकवादियों ने महाबोधि मंदिर और बोधगया के आसपास के तीर्थस्थलों पर विस्फोट किए थे। 30 मिनट में 9 विस्फोट किए गए थे। इस हमले में दो भिक्षु सहित 5 लोग घायल हुए थे।

**19 जनवरी 2019 में भी हुई थी कोशिशः** बोधगया को दोबारा दहलाने की साजिश 19 जनवरी 2019 को की गई थी। आतंकियों ने महाबोधि मंदिर परिसर के आसपास तीन जगहों पर विस्फोटक रखे थे। उस समय दलाई लामा बोधगया में ही प्रवास पर थे। हालांकि, गया पुलिस ने सर्च अभियान चलाकर तीनों विस्फोटक बरामद कर किया था। इससे बड़ा हादसा होने से बच गया था।

## रहुई से आने वाले वाहन शहर में नहीं जाएंगे, सुबह 7 से शाम 4 बजे तक ट्रैफिक में बदलाव, BPSC परीक्षा को लेकर निर्णय

निज संवाददाता। नालंदा



जिला प्रशासन ने 70वीं संयुक्त प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा के मद्देनजर शहर में व्यापक यातायात प्रबंधन की योजना बनाई है। जिला पदाधिकारी की ओर से जारी विस्तृत आदेश में 13 दिसंबर सुबह 7 बजे से शाम 4 बजे तक कई महत्वपूर्ण यातायात नियम लागू किए जाएंगे। प्रशासन ने विभिन्न दिशाओं से आने वाले वाहनों के लिए अलग-अलग मार्ग और प्रतिबंध निर्धारित किए हैं। बरबीघा और शेखपुरा से आने वाली सवारी बसों को नकटपुरा बाइपास से सोहसराय हॉल्ट और पचासा होते हुए पटना जाना होगा। बड़े वाहनों पर विशेष प्रतिबंध लगाए गए हैं। बरबीघा और अस्थावां से आने वाले सभी बड़े वाहन, मिनी बस और ट्रैक्टर को आदर्श हाईस्कूल के सामने स्थित बस स्टैंड तक ही जाने की अनुमति होगी। इसी तरह रहुई से आने वाले वाहनों को भी शहर में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी।

**परीक्षार्थियों के लिए महत्वपूर्ण निर्देशः** जिला प्रशासन ने स्पष्ट निर्देश दिए है कि शहर के विभिन्न चौक और मोड़ पर वाहनों की आवाजाही पर कड़े प्रतिबंध लागू होंगे। विशेष रूप से 17 नंबर चौक और सोहसराय बाजार के आसपास बड़े वाहनों का प्रवेश पूर्णतः वर्जित रहेगा। कारगिल बस स्टैंड में एक अस्थायी सरकारी बस स्टैंड स्थापित किया जाएगा। नवादा से पटना जाने वाली सरकारी बसों को इसी बस स्टैंड से गुजरना होगा। शहर के मौजूदा बस स्टैंड में किसी भी बस को प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

**यातायात पुलिस के अधिकारी तैनात होंगेः** थानाध्यक्षों और अंचल अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे इन यातायात नियमों का कड़ाई से पालन कराएं। यातायात पुलिस के अधिकारी विभिन्न चिह्नित स्थानों पर तैनात किए जाएंगे। जिला प्रशासन ने परीक्षार्थियों से अपील की है कि वे इन यातायात नियमों का पालन करें और समय से परीक्षा स्थल पर पहुंचे।

## सड़क हादसे में महिला की मौत, भाई और बेटा जख्मी

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में गुरुवार की सुबह अज्ञात ट्रैक्टर से बाइक में टक्कर होने से एक महिला की मौत हो गई। घटना में दो ने लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मामला दीपनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत भट्ट बीघा कल्याणपुर के बीच यात्री सेड के समीप की है। मृतका की पहचान पटना जिला के मानपुर निवासी सुधीर यादव की पत्नी गीता देवी (45) के रूप में हुई है। हादसे में महिला का पुत्र और भाई जख्मी हो गया है। परिजन ने बताया कि महिला अपने बहन के पति से बिहार शरीफ मंडल कारा में मुलाकात करने अपने मायके वासवन विगहा गांव से अपने भाई और बेटे के साथ जा रही थी। इसी बीच पीछे से आ रही ट्रैक्टर कुचलते हुए फरार हो गया। जिसमें महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गई। घायल दो व्यक्ति को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

सड़क हादसे में मौत की खबर जैसे ही परिजनों को मिली परिवार वाले सदर अस्पताल पहुंचे। इस मामले में दीपनगर थाना के प्रभारी थानाध्यक्ष पंकज कुमार सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पुलिस पोस्टमार्टम कराने की प्रक्रिया में जुट गई है। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। अज्ञात ट्रैक्टर की चपेट में आने से हादसा हुआ। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है।

## नालंदा के 68 गांवों की सड़कें होंगी दुरुस्त, निर्माण के लिए डीपीआर तैयार

### अब स्वीकृति के लिए हो रहा इंतजार

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा जिले के 5 प्रखंडों के 68 गांवों में रहने वाले डेढ़ लाख से अधिक लोगों की जिंदगी जल्द ही आसान होने वाली है। गांवों की जर्जर सड़कों का कायाकल्प किया जाएगा। ग्रामीण कार्य विभाग ने इन सड़कों के लिए डीपीआर तैयार कर ली है। इसे स्वीकृति के लिए मुख्यालय भेज दिया गया है। इन गांवों की सड़कें पिछले कई साल से जर्जर हालत में हैं। इन पर गड्ढे हो गए हैं, जिससे लोगों को आवागमन में काफी दिक्कत होती है। बारिश के मौसम में तो इन सड़कों पर चलना और भी मुश्किल हो जाता है।

**कौन-कौन से गांवों में होगा काम ?:** योजना के तहत अस्थावां, बिहारशरीफ, बिंद, रहुई और सरमेरा प्रखंड के कुल 68 गांवों की सड़कों का निर्माण या मरम्मत की जाएगी। इनमें से प्रमुख सड़कें हैं...

**अस्थावांः** एनएच-82 (मालती गेट) से बलवापर तक, जिरायन-ओंदा पथ से भिखनी बिगहा, एनएच-82 के सारे-नोआवां पथ से कमसपुर, अमावां प्राथमिक विद्यालय से बेलदरिया, एनएच-82 से देसना रोड भाया अस्थावां थाना मोड़, एनएच-82 से तरबनी सामुदायिक भवन, सारे-नोआवां रोड से महानंदपुर-फिरोजपुर-फतेपुर, कुंभरी नदी से गोंगचक, अस्थावां-अन्दी रोड से गपुर बिगहा, झरहापर, नोआवां से चकपर, गोटिया, तारबिगहा, गोरवा बरतर, चूलिहारी, एनएच-82 कुम्भरी-सरबहदी से पीपरापर, एनएच 82 से भैरो बिगहा।

**बिहारशरीफ :** एनएच-82 से नकटपुरा, एनएच-20 (दीपनगर) से न्यू डीआरसीसी भवन, बियावानी से गोलापर हवाई अड्डा-दाउदनगर तक, राना बिगहा पक्की सड़ से जिला स्कूल-सिपाह पुल, खारे बिगहा से सिंगथू, दीपनगर से ओकनावां भाया मौलानगर, एनएच-82 मननकी रोड से उपरावां, बहुआरा-मखदुमपुर रोड से खारे बिगहा, नवीनगर से जोरारपुर, बिहारशरीफ-एकंगरसराय रोड से गोपालपुर से डुमरावां-लालबिगहा, एनएच-110 जमालीचक मोड़ से डुमरावां-मंडाच्छ महादलित टोला, दीपनगर से मनियावां, बिहारशरीफ-राजगीर से मेघी नगवां पथ, एनएच-82 बिहारशरीफ-राजगीर से अमरपुरा, विलासपुर, गोनावां, अस्थावां-कुम्भरी-पलनी रोड से मजीदपुर, बैजनाथपुर, महलपुर-तेतरावां रोड से अलौदिया, छातो, बरांदी-पुनहा रोड से बेलदरियापर।

**बिंद :** मसिया, एसएच-78 से बरहोग तक, सोइवा-अलीपुर रोड से उतरथू दायापीपल, बेनार-सकसोहरा पथ से पितंबर बिगहा, एनएच-82 मसियां कथराही से बरहोग, बेनार-सकसोहरा रोड से महमुदाबा, एसएच-78 से कुसहर, दरियापुर।

**रहुईः** रहुई बाजार से बागनबिगहा, पचेतन भाया पेसौर, कयानपुर, उतरनावां-पेसौर पथ से गैबी।

**सरमेरा :** मोगलाचक, देवीस्थान से मलावां, धनावांडीह, चेरो से वृंदावन, बड़ी घरियारी से मानाचक, कबीरचक, इसुआ, छोटी केनार, सुजाचक, मोकामा रोड से हुसैना, केनार मोड़ से केनार, पसुआ पथ से ससौर, एनएच 82 से तोरा गांव।

**टेंडर निकाल दिया गया हैः** ग्रामीण कार्य विभाग के कार्यपालक अभियंता अनिश कुमार सिंह ने बताया कि जिले के सात प्रखंडों के 35 ग्रामीण पथों का निर्माण होना है। टेंडर निकाल दिया गया है। पुरानी ग्रामीण सड़कों के कायाकल्प के लिए डीपीआर बनाई गई है। मुख्यालय से स्वीकृति मिलने के बाद जल्द निर्माण कार्य शुरू होगा। सड़कें चिकनी होंगी तो लोगों को आने-जाने में सहूलियत मिलेगी। इस योजना से इन गांवों के लोगों को काफी राहत मिलेगी। उन्हें अब खराब सड़कों पर चलने से परेशानी नहीं होगी। इससे न केवल लोगों का आवागमन आसान होगा बल्कि इन गांवों का विकास भी होगा।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com



# संक्षिप्त समाचार

## विद्युत विपत्र सुधार समस्याओं का हुआ ऑन द स्पॉट समाधान

**बिक्रमगंज (रोहतास) (नि.सं.)।** बिजली से संबंधित शिकायतों व उसके निवारण को लेकर बिजली विभाग के कनीय विद्युत अभियंता बिक्रमगंज नवदीप कुमार के अगुवाई में प्रखंड क्षेत्र बिक्रमगंज के पंचायत सरकार भवन घुसियाखुर्द में गुरुवार को शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में कुल 31 आवेदन प्राप्त हुए एवं कैंप स्थल पर ही 9 आवेदनों का निराकरण कर दिया गया है। इस शिविर में लगभग तीन दर्जन उपभोक्ताओं ने आवेदन देकर अपनी अपनी समस्याएं रखी। शिविर को लेकर सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज राज कुमार ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायत में 14 दिसंबर तक शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर के माध्यम से उपभोक्ताओं के नए घरेलू और कृषि विद्युत कनेक्शन लेने, पोल संबंधित शिकायत, खराब मीटर बदलने व स्मार्ट मीटर संबंधित शिकायत के अलावे नाम और पता से संबंधित शिकायत आदि का आवेदन लिया जा रहा है। जिसका ऑन स्पॉट सुधार संभव है समाधान भी किया जा रहा है तथा जो भी उपभोक्ताओं का सुधार कैम्प स्थल पर संभव नही है उनका विपत्र निरीक्षण के पश्चात अधिकतम सात दिनों के अंदर सुधार करते हुए सुधारा गया विपत्र उपभोक्ता को हस्तगत करा दिया जाएगा। मौके पर प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी सलोनी चतुर्वेदी, बिजली विभाग के कर्मी, सुपरवाइजर संदीप कुमार व लाइनमैन अविनाश कुमार आदि मौजूद थे।

## शराब के नशे में एक व्यक्ति को किया गिरफ्तार

**कोचस (रोहतास) (नि.सं.)।** परसथुआ ओपी पुलिस ने शराब के नशे में अभद्र भाषा का प्रयोग कर रहे एक पियक्कड़ को गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार युवक नैनाकोन निवासी धर्मदेव शर्मा का पुत्र टुनटुन शर्मा बताया जाता है। ओपी थाना अध्यक्ष रामचंद्र चौपाल ने बताया कि पुलिस दिव्या गश्ती पर थी, तभी एक पियक्कड़ ने शराब पीकर स्थानीय बाजार में गाली गलौज तथा मार पीट कर रहा था जिसमे पुलिस ने उक्त पियक्कड़ को गिरफ्तार कर थाने लाई ।जहां मध्य निषेध अधिनियम के तहत कांड दर्ज करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है।

## महुली हाई स्कूल समीप से लूटा ट्रैक्टर बक्सर में बरामद

**करगहर (रोहतास) (नि.सं.)।** थाना क्षेत्र के महुली हाई स्कूल के समीप से गत मंगलवार की देर रात लूटा गया ट्रैक्टर बक्सर के ईटाढ़ी थाना क्षेत्र से गुरुवार को बरामद कर लिया गया। इसकी जानकारी ट्रैक्टर के मालिक ने दी। उन्होंने बताया कि थाना क्षेत्र के पिपरा गांव से ट्रैक्टर ट्रॉली पर धान लोड कर सासाराम ले जाने के क्रम में अपराधियों ने चालक को बंधक बना ट्रैक्टर लूट कर फरार हो गए थे। ट्रैक्टर पर लोड 134 बैग धान जिसकी कीमत एक लाख पचास हजार रुपए आंकी गई जिसको अपराधियों ने बेच दिया और ट्रेलर सहित ट्रैक्टर को लावारिस हालत में ईटाढ़ी थाना से एक किलोमीटर पहले छोड़कर फरार हो गए। उन्होंने बताया कि थाना ने इसकी जानकारी मुझे दी। तब वे थाना के अधिकारियों के साथ जाकर ट्रैक्टर की पहचान किया और ट्रैक्टर करगहर थाना ले आए।

## फेरी वाले को घायल कर लूटपाट करने की घटना

**बिक्रमगंज (रोहतास) (नि.सं.)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के घोसिया कला पंचायत के कांडाडीह रोड़ में रंगदारी नहीं देने पर कपड़ा फेरीवाले को घोसिया बाल पर फेरीवाले पर हमला कर उससे लूटपाट कर मोबाइल सहित रुपये ले भागे उचक्के। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों के द्वारा 112 पुलिस को सूचित कर बिक्रमगंज अनुमंडल अस्पताल भेजवाया गया, जिस घटना में उसकी हालत चिंताजनक बनी है स्थिति गंभीर होने के कारण अभी गोपाल नारायण हॉस्पिटल जमुहार में ईलाज जारी है। घायल युवक का नाम-शिवम कुमार (करीब 18 साल), पिता-पप्पू कुमार, ग्राम अलीगंज, पोस्ट इमिरता, थाना सूर्यपुरा का निवासी बताया जा रहा है। वहीं थाना अध्यक्ष बिक्रमगंज ललन प्रसाद ने घटना की पुष्टि करते हुए ट्रैक्टर से धक्का लग जाने की जानकारी सामने आने की भी बात बता रहे हैं।

# मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के तहत लाभुकों को स्वीकृति पत्र वो चेक वितरित

निज संवाददाता | सासाराम (रोहतास)



सासाराम के डीआरडीए सभागार में मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के तहत एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में वर्ष 2024-25 के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त 135 लाभुकों को प्रथम किस्त के रूप में कार्यशाला निर्माण के लिए प्रति लाभुक दो लाख रुपये के स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। साथ ही, मुख्यमंत्री लघु उद्यमी योजना के तहत प्रथम किस्त का उपयोग सफलतापूर्वक करने के बाद द्वितीय किस्त के रूप में 11 लाभुकों को एक-एक लाख रुपये की राशि प्रदान की गई। प्रमुख अतिथियों की उपस्थिति इस महत्वपूर्ण अवसर पर भवन निर्माण विभाग के प्रभारी मंत्री जयंत राज और जिला पदाधिकारी उदिता सिंह मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे। उन्होंने लाभुकों के बीच सांकेतिक चेक और स्वीकृति पत्र वितरित किए। अपने संबोधन में उन्होंने सभी लाभुकों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वे अपने उद्यम को और अधिक बढ़ाएं और दूसरों के लिए भी रोजगार के अवसर पैदा करें। मंत्री ने उद्यमिता को आत्मनिर्भरता की ओर एक महत्वपूर्ण कदम बताया। जिला पदाधिकारी ने भी लाभुकों को संबोधित किया और उनके प्रयासों की सराहना की। उन्होंने सभी को आश्वस्त किया कि प्रशासन उद्यमियों के हरसंभव सहयोग के लिए तैयार है। योजना की विस्तृत जानकारी कार्यक्रम की शुरुआत में जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक ने मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के उद्देश्यों और लाभों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह योजना न केवल लाभुकों को आर्थिक सहायता प्रदान करती है बल्कि उनके आत्मविश्वास को बढ़ाकर उन्हें अपने सपनों को साकार करने का अवसर भी देती है। पुरस्कृत लाभुकों की प्रशंसा कार्यक्रम में योजना के तहत पहले से लाभ प्राप्त कर चुके उद्यमियों को भी सम्मानित किया गया। उनके बेहतर कार्य और उत्पादों की प्रशंसा मंत्री और जिला पदाधिकारी ने की। बेहतर प्रदर्शन करने वाले इन लाभुकों को प्रशस्ति पत्र देकर उनके प्रयासों को सराहा गया। उपस्थित विशिष्ट जन कार्यक्रम में आरक्षी अधीक्षक, क्षेत्रीय विधायक, उप विकास आयुक्त, वरीय उप समाहर्ता, और जिला उद्योग केंद्र के पदाधिकारी भी उपस्थित थे। उनके साथ-साथ कई अन्य गणमान्य अतिथियों ने भी इस कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। कार्यक्रम का समापन समारोह का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। इस दौरान सभी अधिकारियों ने उद्यमियों को भरोसा दिलाया कि उनके विकास के लिए हरसंभव मदद की जाएगी। कार्यक्रम ने जिले में उद्यमिता के प्रति एक सकारात्मक संदेश दिया और यह सुनिश्चित किया कि लाभुक अपनी जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा के साथ निभाएं। यह आयोजन जिले के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ, जिसने न केवल लाभुकों के जीवन को एक नई दिशा दी, बल्कि जिले में रोजगार और आत्मनिर्भरता के अवसरों को भी बढ़ावा दिया।

# मुंगेर में रेल और सड़क हादसे में दो लोगों की हुई मौत



निज संवाददाता | मुंगेर

जिले में अलग अलग हादसों में दो लोगों की मौत हो गयी है। बता दें की एक रेल और एक सड़क हादसे में रेलकर्मी सहित दो की मौत हो गयी है। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है। दरअसल जमालपुर - धरहरा रेल खंड के रतनपुर हॉल्ट के पास ट्रेन की चपेट में आने से एक रेलकर्मी की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार मृतक जमालपुर रेल कारखान के कार्यरत 58 वर्षीय रघुनंदन यादव जो कि नयारमनगर थाना क्षेत्र के पनियालाचक पदम के निवासी थे। रोज़ाना रतनपुर हॉल्ट से इंटरसिटी पकड़ जमालपुर जाते थे। आज भी जब वह इंटरसिटी ट्रेन पकड़ने रतनपुर हॉल्ट पहुंचे। उसी दौरान पटरी पार करने के क्रम में वे दूसरे लाइन पर आ रही कविगुरु एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आ गए। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। परिवार वालों ने बताया कि मृतक के तीन बेटा और तीन बेटी है। वहीं दूसरी घटना में जमालपुर के दशरथपुर में सड़क हादसे में एक 55 वर्षीय लटोरी चौधरी की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार वह मजदूर था और सुबह काम की तलाश में निकला था। उसके बाद घरवालों को फोन गया कि वह सड़क हादसे का शिकार हो गया और घायल है। लेकिन परिजनों के द्वारा जब उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई। इन हादसों के बाद दोनों के परिजनों में मातम छा गया है। हादसे के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# मुर्गा फॉर्म में बन रही थी लूट की बड़ी साजिश, पुलिस छापेमारी में एक साथ 11 अपराधी गिरफ्तार

निज संवाददाता | पटना



पटना शहर की सीमा पर स्थित मनेर में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक साथ 11 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। बताया गया कि यह सभी यहां एक मुर्गा फॉर्म में लूट की बड़ी साजिश को अंजाम देने के लिए जुटे थे। लेकिन, वारदात से पहले ही पुलिस ने घेराबंदी कर दी। इस कार्रवाई में गिरफ्तार बदमाशों के पास से देसी पिस्टल सहित छह बाइक और कारतूस जब्त किया है। एक साथ 11 बदमाशों की गिरफ्तारी पुलिस के लिए बड़ी कामयाबी मानी जा रही है। दानापुर डीएसपी 2 पंकज कुमार मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि बुधवार की रात पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि मनेर थाना क्षेत्र के सराय पोखरा स्थित एक मुर्गा फार्म में 10 -12 अपराधी जुटकर बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में हैं। मनेर थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर छापेमारी की गई। मौके से 11 लोगों को शराब पार्टी करते पकड़ा तथा इनलोगों के पास से 1 देसी पिस्टल, 9 जिंदा कारतूस,1 चाकू, 6 मोटरसाइकिल, 1 कार समेत 10 मोबाइल भी बरामद किया । गिरफ्तार लोगों में रणवीर कुमार,राज पटेल,सोनू कुमार,सन्नी यादव,भीम कुमार, नीरज कुमार, संजीत कुमार सभी थाना मनेर, दीपक कुमार बिहटा थाना,राहुल कुमार शाहपुर थाना, रंजन कुमार दानापुर थाना तथा राजू कुमार संदेश थाना भोजपुर शामिल है। दानापुर डीएसपी 2 पंकज कुमार मिश्रा ने बताया कि सोनू कुमार पिता मनोज कुमार एवं सन्नी कुमार यादव पिता चन्द्रिका प्रसाद दोनों महुरी बगीचा थाना मनेर के विरुद्ध पटना के विभिन्न थानों में कई आपराधिक मामले दर्ज है।

# सामुदायिक पहल के साथ डालमिया भारत ने मनाया संस्थापक दिवस, 175 महिलाओं को सिलाई मशीन वितरित

निज संवादाता | सासाराम (रोहतास)



भारत की अग्रणी सीमेंट कंपनी डालमिया भारत लिमिटेड ने अपना संस्थापक दिवस गुरुवार को सामुदायिक विकास और सशक्तिकरण की कई महत्वपूर्ण पहलों के साथ मनाया। यह कार्यक्रम कंपनी की समृद्ध विरासत और समाज के सतत विकास के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को समर्पित था। डालमिया सीमेंट के कल्याणपुर प्लांट में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में स्थानीय समुदाय की महिलाओं को आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के उद्देश्य से 175 सिलाई मशीनें वितरित की गई। इसके अलावा, घरेलू खेती को बढ़ावा देने और घरेलु पोषण सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए 500 लाभार्थियों को किचन गार्डन के बीज वितरित किए गए। साथ ही, मशरूम उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए 200 लाभार्थियों को मशरूम स्पॉन किट्स भी प्रदान की गई। इस पहल का उद्देश्य न केवल स्थानीय किसानों का समर्थन करना है, बल्कि कृषि क्षेत्र में आय बढ़ाने के नए अवसर भी प्रदान करना है। इस अवसर पर, डालमिया भारत फाउंडेशन के सीईओ अशोक कुमार गुप्ता ने कहा,'संस्थापक दिवस केवल डालमिया भारत की यात्रा का उत्सव नहीं है, बल्कि हमारे संस्थापक, जयदयाल डालमिया जी द्वारा स्थापित मूल्यों को फिर से याद करने का दिन है। उनकी दूरदर्शी सोच, सरलता, ईमानदारी और निस्वार्थ सेवा के आदर्श हमें प्रेरित करते हैं। आज हम समाज और पर्यावरण पर सकारात्मक प्रभाव डालने के अपने संकल्प को दोहराकर उनकी स्थायी विरासत का सम्मान कर रहे हैं।'उल्लेखनीय है कि हर वर्ष डालमिया भारत 11 दिसंबर को अपने दूरदर्शी संस्थापक स्वर्गीय जयदयाल डालमिया की जयंती के अवसर पर संस्थापक दिवस मनाता है। यह दिन उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों को श्रद्धांजलि देने और उनके आदर्शों के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता की पुष्टि करने का अवसर है, जो आज भी इसके मार्गदर्शन का आधार है।

# अनुमंडल कार्यालय नए भवन में होगा स्थानांतरित

निज संवाददाता | बिक्रमगंज (रोहतास)

साढे तीन दशक बाद नए भवन में स्थानांतरित होने जा रहा है बिक्रमगंज का अनुमंडल कार्यालय। 10 करोड़ की लागत से बने इस भवन का उद्घाटन मुख्यमंत्री के हाथ होने की संभावना जताई जा रही है। ज्ञात हो कि अनुमंडल कार्यालय बिक्रमगंज अपने स्थापना काल 1984 से ही केन यूनियन के भवन में किराए के मकान में संचालित है और अनुमंडल अधिकारी बिक्रमगंज का आवास भी जिला परिषद के भवन में स्थापित है। इस तरह चार दशक बाद अनुमंडल कार्यालय अपने अस्तित्व को ग्रहण करने जा रहा है। बिक्रमगंज के धांवा नहर पुल के बगल में सिंचाई विभाग की भूमि में 2 एकड़ 4 डिसमिल क्षेत्र के अधीन नया भवन बनकर तैयार हो चुका है और अनुमंडल अधिकारी अनिल बशाक ने इसके पूरी तरह तैयार हो जाने की घोषणा कर दी है तो वही 27 दिसंबर को इस नए भवन के उद्घाटन की तिथि भी तय माना जा रहा है है। लगभग 10 लाख की आबादी से घिरे अनुमंडल क्षेत्र बिक्रमगंज में कुल आठ प्रखंड और 11 थाने मौजूद है तो वही एक ओपी तथा नगर परिषद के अलावे चार नगर पंचायत भी इसके अधीन है। इस तरह अपने वृहत क्षेत्र को गति देने के लिए अनुमंडल कार्यालय को स्थिरता के साथ विकास की आशा के रूप में देखा जा रहा है। हालांकि वर्तमान पदस्थापित अनुमंडल पदाधिकारी एवं भारतीय प्रशासनिक संवर्ग से आने वाले अनिल बशाक ने इस पर तत्परता दिखाते हुए भवन के शीघ्र उद्घाटन की बात कही है। क्षेत्र के लोगों एवं राजनीतिक गलियारे से अनुमंडल क्षेत्र के अपना भवन हो जाने से अनुमंडल के अधीन समस्त क्षेत्र के विकास की बात हो रही है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत, जागरूकता रथ रवाना

निज संवाददाता | सासाराम

बिहार राज्य विधिक सेव प्राधिकार पटना के पत्र के आलोक में 14 दिसम्बर को व्यवहार न्यायालय सासाराम, अनुमण्डल न्यायालय, बिक्रमगंज एवं डेहरी में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होना है। राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु लोगों को जागरूक किया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक वादों का निष्पणादन हो सके। इसी के तहत बुधवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार रोहतास सासराम अनुज कुमार जैन के नेतृत्व में न्यायिक पदाधिकारियों द्वारा प्रचार-प्रसार हेतु जागरुकता रथ को संयुक्त रुप से हरी झण्डी दिखा कर रवाना किया गया। उक्त जागरुकता रथ दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक के सौजन्य से चलाया जा रहा है जो जिले के विभिन्न प्रखण्डों, पंचायतों तथा गावों में जाकर लोगों को 14 दिसम्बर शनिवार को आयोजित होनेवाले राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलहनीय वादों को निष्पादित कराने हेतु जागरूक करने का काम करेगा। सेवा प्राधिकार रोहतास अनुज कुमार जैन, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश सुधाकर पाण्डेय, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश दशरथ मिश्रा, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार रोहतास, सासाराम सुरभी श्रीवास्तव एवं दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक जितेन्द्र कुमार, सर्टीफिकेट अधिकारी रोहित कुमार सहित कई अन्य लोग मौजुद रहे।

# ब्यूटीशियन का प्रमाण पत्र वितरित

निज संवाददाता | नोखा (रोहतास)



पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान रोहतास नोखा प्रखण्ड में दिनांक 11 नवम्बर 2024 से दिनांक 12 दिसम्बर 2024 तक ब्यूटी पार्लर मैनेजमेंट का प्रशिक्षण दिया गया ये प्रशिक्षण 30 दिवसीय रहा। इस प्रशिक्षण की ट्रेनर ऋतु पाल थी जो इस प्रशिक्षण में थ्रेडिंग और आई ब्रो शेपिंग, वैक्सिंग, फ्रेंच मैनीक्योर और पेडीक्योर, अरोमा थेरेपी और मुंहासे उपचार, दुल्हन सजावट इत्यादि से जुड़ी जानकारी सभी प्रशिक्षणार्थियों को दी। संस्थान के निदेशक राकेश कुमार उपाध्याय ने बैंक से जुड़ी जानकारी एवं ऋण लेने हेतु सभी जानकारी प्रशिक्षणार्थियों को दिये 12.12.2024 को प्रवीण कुमार मंडल प्रमुख पंजाब नेशनल बैंक औरंगाबाद,, एवं संस्थान के निदेशक राकेश कुमार उपाध्याय के द्वारा प्रमाण पत्र वितरण किया गया एवं सभी प्रशिक्षणार्थियों को संबोधन करते हुये उन्होंने कहा कि आप आपना रोजगार करें बैंक आपको हर सम्भव मदद करेगी। उक्त मौके पर संस्थान के संकाय रुस्तम अली, कार्यालय सहायक विकाश कुमार, प्रियांशु कुमार, संजीत कुमार भी शामिल थे।

# डालमिया भारत ने मनाया संस्थापक दिवस

निज संवाददाता | कल्याणपुर (रोहतास)



भारत की अग्रणी सीमेंट कंपनी डालमिया भारत लिमिटेड ने अपना संस्थापक दिवस सामुदायिक विकास और सशक्तिकरण की कई महत्वपूर्ण पहलों के साथ मनाया। यह कार्यक्रम कंपनी की समृद्ध विरासत और समाज के सतत विकास के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को समर्पित था। डालमिया सीमेंट के कल्याणपुर प्लांट में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में स्थानीय समुदाय की महिलाओं को आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के उद्देश्य से 175 सिलाई मशीनें वितरित की गई। इसके अलावा, घरेलू खेती को बढ़ावा देने और घरेलु पोषण सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए 500 लाभार्थियों को किचन गार्डन के बीज वितरित किए गए। साथ ही, मशरूम उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए 200 लाभार्थियों को मशरूम स्पॉन किट्स भी प्रदान की गई। इस पहल का उद्देश्य न केवल स्थानीय किसानों का समर्थन करना है, बल्कि कृषि क्षेत्र में आय बढ़ाने के नए अवसर भी प्रदान करना है। इस अवसर पर, डालमिया भारत फाउंडेशन के सीईओ, अशोक कुमार गुप्ता ने कहा,'संस्थापक दिवस केवल डालमिया भारत की यात्रा का उत्सव नहीं है, बल्कि हमारे संस्थापक, जयदयाल डालमिया जी द्वारा स्थापित मूल्यों को फिर से याद करने का दिन है। उनकी दूरदर्शी सोच, सरलता, ईमानदारी और निस्वार्थ सेवा के आदर्श हमें प्रेरित करते हैं। आज हम समाज और पर्यावरण पर सकारात्मक प्रभाव डालने के अपने संकल्प को दोहराकर उनकी स्थायी विरासत का सम्मान कर रहे हैं। हर साल, डालमिया भारत 11 दिसंबर को अपने दूरदर्शी संस्थापक स्वर्गीय जयदयाल डालमिया की जयंती के अवसर पर संस्थापक दिवस मनाता है। यह दिन उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों को श्रद्धांजलि देने और उनके आदर्शों के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता की पुष्टि करने का अवसर है, जो आज भी इसके मार्गदर्शन का आधार है।

# फाइनल मुकाबला में नरहट की टीम ने पतरोल की टीम को हराया

**» नरहट की टीम ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए 13 ऑवर 3 गेंद में 4 विकेट खोकर 221 रन बना कर मैच में जीत हासिल कर लिया। इस टूर्नामिंट के मुख्य अतिथि बहुजनों के नेता निशिकांत सिन्हा व खनवां पंचायत के मुखिया उमेश राम और नरहट पंचायत के मुखिया एहतेशाम उर्फ गुड्डु मौजूद थे। उपविजेता टीम पतरौल को उमेश राम व गुड्डु मुखिया ने सम्मानित किया वहीं विजेयता टीम को निशिकांत सिन्हा ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।**

निज संवाददाता | नरहट (नवादा)





डॉ भीम राव अम्बेडकर फुटबॉल स्टेडियम कोनीबर के मैदान में गुरुवार को क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला खेला गया। फाइनल मैच पतरौल बनाम नरहट के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पतरौल की टीम ने 14 ऑवर में 220 रन बना कर नरहट की टीम को 221 रनो का लक्ष्य दिया। पतरौल के तरफ से शानदार पारी खेलते हुए अकेले युराज ने 93 रन बनाया। वहीं बलजीत ने सर्फ़ 06 गेंदों में 25 रन बनाये। पतरौल के अन्य खेलाडियों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। नरहट टीम के कैप्टन अजित ने 220 रनो के लक्ष्य को भेदने के लिए सलामी जोड़ी के रूप में सुमन सौर्या और गौरव को भेजा। सुमन सौर्या ने 42 रनों के निजी स्कोर पर अपना विकेट गवा बैठे। नरहट की टीम ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए 13 ऑवर 3 गेंद में 4 विकेट खोकर 221 रन बना कर मैच में जीत हासिल कर लिया। इस टूर्नामिंट के मुख्य अतिथि बहुजनों के नेता निशिकांत सिन्हा व खनवाँ पंचायत के मुखिया उमेश राम और नरहट पंचायत के मुखिया एहतेशाम उर्फ गुड्डु मौजूद थे। उपविजेता टीम पतरौल को उमेश राम व गुड्डु मुखिया ने सम्मानित किया वहीं विजेयता टीम को निशिकांत सिन्हा ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। विशिष्ट अतिथि के तौर पर भीम आर्मी के जिला उपाध्यक्ष रंजीत कुमार चौधरी व खनवां पंचायत जागरण क्लब के पंचायत अध्यक्ष मुकेश संगम शामिल रहे। अतिथि निशिकांत सिन्हा ने खिलाडियों को उत्साहित किया और खेल के क्षेत्र में खिलाडियों को शुभकामनाएं दिए। इस टूर्नामेंट का आयोजन मोहनी और बालजीत तथा इनके सहयोगियों द्वारा आयोजित किया गया था। उपस्थित काफी संख्या में खेल प्रेमियों ने खेल का आनंद उठाया और खिलाड़ियों का हौसला अफजाई किया।

# मंडल कारा दिवस समारोह में शामिल हुए डीएम-एसपी

निज संवाददाता | नवादा




मंडल कारा नवादा में जिला पदाधिकारी नवादा, रवि प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान के संयुक्त नेतृत्व में कारा दिवस एवं बंदी दरबार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने कहा कि न्याय व्यवस्था के मुख्यतः तीन उद्देश्य होते हैं- पहला उद्देश्य है अगर किसी ने कुछ गलती की है तो उस गलती की मात्रा के अनुसार सजा हो ताकि जिनके विरूद्ध गलती की गयी है, उनको न्याय मिले। दूसरा उद्देश्य होता है, समाज में डिटरेंस पैदा करना ताकि अन्य लोग गलती करने से बचे। तीसरा उद्देश्य होता है सुधार, इसके अन्तर्गत सजा प्राप्त बंदियों के जीवन में सकारात्मक सुधार लाना। जैसे-उनके सोंच को सकारात्मक बनाना, प्रशिक्षण प्रदान करना, पढ़ाई-लिखाई आदि पर ध्यान देना। अर्थात् एक बेहतर इंसान बनाना ताकि वह यहां से जब बाहर निकले तो बदले हुए व्यक्तित्व के साथ निकले एवं वह अपने और अपने परिवार के लिए अच्छा सोंच सके और जीवन में बदलाव ला सके। हमारे सभी कारा गृहों का प्रमुख उद्देश्य सुधारात्मक ही है। इस अवसर पर बंदियो के लिए संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया तथा बंदियो को शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य एवं सकारात्मक सोच बढ़ाने के लिए जेल प्रीमियर लीग का भी उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर बंदियों के पांच टीम बनाई गई और उनके बीच में लगातार टी-20 मैच का आयोजन किया जाएगा तथा टूर्नामेंट का फाइनल जनवरी 2025 के अंतिम सप्ताह में आयोजन किया जाएगा। जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा कारा के अंदर वृक्षारोपण का कार्य भी किया गया। जिला पदाधिकारी ने संपूर्ण कारा का निरीक्षण किया एवं सुरक्षा के दृष्टिकोण से कारा में जो भी कमियां पाई गई उसे जल्द से जल्द दूर करने का निर्देश कारा अधीक्षक को दिया गया। संपूर्ण कारा के निरीक्षण के बाद जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने जेल की व्यवस्था एवं साफ सफाई की स्थिति पर संतोष व्यक्त किया।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# योजनाओं का लाभ लेकर जीवन में हो रहे हैं सकारात्मक बदलाव : डीएम

निज संवाददाता | नवादा



जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री उद्यमी योजना एवं बिहार लघु उद्यमी योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में चयनित एवं प्रशिक्षण प्राप्त लाभुकों के बीच प्रथम किस्त की राशि का वितरण हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यमंत्री उद्यमी योजनान्तर्गत कुल पांच लाभुकों यथा-ज्योति कुमारी, कुसुम शर्मा, मोहम्मद अंसारी, सूरज कुमार एवं गोपाल कुमार को 2-2 लाख का चेक प्रदान किया गया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री लघु बिहार उद्यमी योजनान्तर्गत कुल पाँच लाभुकों को यथा-सुधांशु शेखर, तुलसी प्रसाद, सुशीला देवी, निर्मला देवी और राकेश कुमार को चेक जिला पदाधिकारी द्वारा वितरण किया गया। साथ हीं मुख्यमंत्री उद्यमी योजनान्तर्गत सफल उद्यमियों को यथा-रितेश कुमार, सन्टु कुमार, सरवर अली एवं गुलशन कुमार को प्रशस्ति पत्र भी दिया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा लाभुकों से फीडबैक प्राप्त किया, जिसमें उन्होंने योजना का लाभ प्राप्त करने के उपरांत लाभुकों के जीवन में आये बदलाव के बारे में पूछा गया। लाभुकों द्वारा बताया गया कि उनके जीवन में कई सकारात्मक बदलाव आये हैं, जिससे वह एक उद्यमी के रूप में उभरे हैं। सभी लाभुकों द्वारा उक्त योजना को सफल बताते हुए बिहार सरकार की सराहना की एवं बिहार सरकार को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, नवादा अमित विक्रम भारद्वाज एवं अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

## नाबालिग बच्चों को वाहन ना देने की अपील

**डेहरी आन-सोन (सासाराम) (रोहतास)।** जिले में धड़ल्ले से नाबालिग बच्चों के हाथो अभिभावक द्वारा बाईक से लेकर चार पहिया वाहन। आये दिन होता है एक्सीडेंट कई लोगों ने अपनी जान गवा देते है यातायात नियमों का धज्जियां उडा रहे जिसको दाए बाए का गयान नही है और सड़क पर वाहन लेकर आ जाते है। एसपी रौशन कुमार ने बताया कि अभिभावक अपने नाबालिग बच्चों को हाथो मे वाहन ना दे क्योंकि यातायात नियमों की कोई जानकारी नही होता है। सुत्रो से मिली जानकारी के अनुसार कैसे निर्गत होता है नाबालिग बच्चों का भी कैसे बनता है डीएल। अभी से जागिए अभिभावक और सावधान रहिए अपने बच्चों को हाथो मे वाहन मत दिजिए जान है तो जहान है जिला प्रशासन लगातार लोगो को हिदायत कर रहा है कि घर से निकल लिए तो हैल्मेट के साथ यात्रा करे एक कहावत है कि सावधानी हटी तो दुर्घटना घटी।

# संक्षिप्त समाचार

## माया बिगहा में लाखों की चोरी

**नवादा (नि.सं.)।** जिले के कादिरगंज थाना क्षेत्र के माया बिगहा गांव के एक घर में बेशकीमती सोने-चांदी के जेवरात और नगदी की चोरी कर ली गई। घर दिलीप पासवान के पुत्र नवीन कुमार पासवान का है। तीन कमरों में गोदरेज तोड़ कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया। गृहस्वामी के मुताबिक चोरों ने 6 लाख 70 हजार रुपये के सोने-चांदी के गहनों और 70 हजार रुपये नगद राशि की चोरी कर ली। घटनास्थल कादिरगंज थाना से चंद कदम दूर है। पीड़ित ने बताया कि वे घर पर नहीं थे। रोह मोड़ स्थित धर्मकांटा पर थे। जब वे लौटकर वापस घर आए तो देखा कि तीन कमरों में गोदरेज को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। बड़ी भाभी के चार लाख रुपये के सोने-चांदी के गहने और 70 हजार रुपये गायब हैं। पत्नी का दो लाख रुपये के सोने-चांदी जेवरात भी गायब मिले। साथ ही भाई का 70 हजार रुपये के गहने गायब मिले। कहा जा रहा है कि परिवार की महिलाएं घर के निचले तल पर थीं। इसी बीच चोरों ने गहनों और नकदी पर हाथ साफ कर लिया। पीड़ित ने तत्काल चोरी की सूचना कादिरगंज थाना को दी। इसके बाद पुलिस वहां पहुंची और छानबीन की। पीड़ित ने कादिरगंज थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराते हुए चोरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग के साथ चोरी गए गहनों व नगदी की बरामदगी की गुहार लगाई है। कादिरगंज थाना से चंद कदम दूर हुई वारदात से लोगों में काफी नाराजगी देखी जा रही है। लोगों ने पुलिस की गश्ती पर सवालिया निशान लगाया है। कादिरगंज पुलिस की गस्ती बेहतर नहीं रहने के कारण ही थाना से कुछ ही दूरी पर चोरों ने पुलिस को खुलेआम चुनौती दी है।

## शिविर में 28 हजार रूपये का राजस्व जमा

**नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)।** बिजली बिल सुधारने व बिल जमा करने के लिए ओडो पंचायत के ओडो गांव में गुरुवार को शिविर आयोजित हुई। यह शिविर बिजली विभाग के कनीय अभियंता नवीन कुमार सिंह व राजस्व पदाधिकारी दीपा कुमारी के देखरेख में हुआ। विभिन्न गांव के 10 उपभोक्ताओं ने बिजली बिल सुधारने व 20 उपभोक्ताओं ने बिल जमा किये। कनीय अभियंता ने कहा शिविर में आये चार बिजली उपभोक्ताओं बिल को सुधार कर दिया गया है। शेष उपभोक्ताओं का हिसुआ में सुधार किया जाएगा। वही 20 उपभोक्ताओं ने 28 हजार 409 रुपये बिल जमा किये हैं। मौके पर जेएलएम विपिन कुमार, अनन्त कुमार, संजय कुमार, इरफान, सहायक लाइन मैन गोपाल कुमार उपभोक्ता में सच्चिदानंद सिंह, ओंकार मिश्र, अरविंद सिंह, दिनकर मिश्र, सरिता कुमारी समेत अन्य रहे।

## खाद्यान्न वितरण पर समीक्षा बैठक

**नवादा (नि.सं.)।** जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में खाद्यान्न की गुणवत्ता, उठाव एवं खाद्यान वितरण से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में गुणवत्तापूर्ण अनाज ससमय लाभुकों को देना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने डीएम एसएफसी को निर्देश दिया कि जो भी वाहन अभिकर्ता हैं, एकरारनामा के अनुसार वाहन की आपूर्ति करना सुनिश्चित करेंगे। यदि किसी वाहन अभिकर्ता द्वारा वाहन की आपूर्ति कम की जाती है तो उसका भुगतान से कटौती कर राशि का भुगतान किया जायेगा। विभागीय निर्देश के अनुसार प्रत्येक माह की 25वी तारीख तक सभी डीलरों को खाद्यान की आपूर्ति डीएसडी द्वारा करना सुनिश्चित करेंगे। यदि डिलरों को खाद्यान आपूर्ति में विलम्ब होगी तो पेनाल्टी लगाते हुए भुगतान की राशि भुगतान किया जायेगा। उन्होंने एजीएम को निर्देश दिया कि खराब गुणवत्ता वाले चावल मिलरों द्वारा भेजे जाने पर स्वीकार नहीं करेंगे एवं अपने संबंधित अधिकारी को जानकारी दें। रजौली टीपीडीएस गोदाम में 250 बैग खराब चावल है जिसे जिला पदाधिकारी द्वारा कोर्ट के आदेश के अनुसार वापस करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि अधिप्राप्ति के दौरान बीसीओ की प्रतिनियुक्ति प्रत्येक मिलों पर करना सुनिश्चित करेंगे एवं चिन्हित मिलों पर एमओ एवं संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी नियमित रूप से मिलों में तैयार किये गए चावलों का गुणवत्ता जांच करेंगे। जिले में 02 गुणवत्ता नियंत्रक है, जिन्हें साप्ताहिकी शिड्यूल बनाकर सभी प्रखंडों में चावल की गुणवत्ता को जांच करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि गोदामों में यदि खराब चावल पहुंचता है तो संबंधित पदाधिकारी पर ही उसकी जबावदेही होगी एवं कार्रवाई की जायेगी। जिला पदाधिकारी ने कहा कि सभी एमओ एवं डिलरों को गुणवत्तापूर्ण चावल लाभुकों के बीच देना सुनिश्चित करेंगे। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर अखिलेश कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी रजौली आदित्य कुमार पियूष, जिला आपूर्ति पदाधिकारी सुनील कुमार सिंहा, डीएम एसएफसी प्रितम सिंह, सभी सहायक प्रबंधक सीएमआर/टीपीडीएस, सभी वाहन अभिकर्ता, लिपिक बालमुकुन्द कुमार के साथ-साथ अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## नई रेल लाईन की मांग, डेहरी-बलिया मार्ग

**डेहरी ऑन-सोन (रोहतास) (नि.सं.)।** काराकाट सांसद राजाराम सिंह ने रेल राज्य मंत्री से लिखित रूप मे डेहरी डुमराव बलिया मार्ग पर नई रेल लाईन निर्माण की लिखित रूप मे मांग किया है, अपने लिखित आवेदन मे उन्होंने जिक्र किया है की इसके बनने से दियारान्चल से लेकर दक्षिणी बिहार के लोगो का जुड़ाव के साथ साथ बुरध सर्किट के साथ साथ आधा दर्जन जिलों से हो जायेगा। जिसमे नसरीगंज काराकाट गोरारी विक्रमगंज गोसालडीह ढेदगांव कोआथ भक्नोल परमडीह भटॉलो नावानगर कातिकनगर केसठ कुरानसराय डुमराव सिमरी नियजीपुर गंगोली बलिया के लोग जो अब तक यह दुरी सात से आठ घंटो मे तय करते आ रहे है वह इसके बन जाने से इस दुरी को महज दो से तीन घंटो मे तय कर लेंगे जिससे उनके समय के साथ पैसो की भी बचत होगी साथ ही रेलवे को भी अच्छी राजस्व की प्राप्ति होगी अब देखना है यह धरातल पर कितना जल्द साकार होती है।

## छात्रों के लिए आपार आईडी कार्ड

**डेहरी ऑन-सोन (रोहतास) (नि.सं.)।** वर्तमान मे बिहार, झारखण्ड व राजस्थान समेत कई राज्यों के विद्यलयों मे छात्रों की आपार आईडी बनाने का कार्य चल रहा है, सरकारी हो या निजि देश के सभी विद्यालयों के बच्चों की यूनिक आईडी बनाई जा रही है जिसे आपार नाम दिया गया है आपार यानि आटोमेटीक परमानेंट एकेडमिक अकाउंट रजिस्ट्री अपार केंद्र सरकार की वन नेशन वन स्टूडेंट आईडी योजना के तहत यह आपार आईडी कार्ड बनाया जा रहा है, इस योजना के तहत प्रत्येक छात्रों को 12 अंको का एक यूनिक आईडी नंबर जारी किया जा रहा है जिसे आपार आईडी का नाम दिया गया है, जिसमे एक छात्र की बचपन से लेकर हायर एजुकेशन तक की पुरी शैक्षणिक गतिविधियों का पुरा व्योरा दर्ज होगा, आपार आईडी कार्ड मे छात्र का नाम, लिंग, जन्मतिथी, पता, अभिभावक का नाम, फोटो के साथ उनकी शैक्षणिक यात्रा यानि जितनी पढ़ाई, मार्कशीट, सर्टिफिकेट, डिग्री, डिप्लोमा प्रमाण पत्र का है कैरेक्टर सर्टिफिकेट स्कुल ट्रांसफर सर्टिफिकेट सहित आय का दस्तावेज भी मौजूद रहेगा, छात्र को खेल प्रतियोगिता मे हिस्सा, स्कॉलरशिप जीते गये अवार्ड स्किल ट्रेनिंग, एक्सट्रा करिकूलर एक्टिविटीज ओलिंपियाड मे सहभागिता की जानकारी भी इस आईडी मे दर्ज कराई जायेगी, इसकी पुरी जानकारी देते हुये राजकीयकृत मध्य विद्यालय शिवगंज डेहरी के प्रधानाध्यापक संजय कुमार ने बताया की आपार आईडी की भविष्य मे अपार संभावना है जिसे बनाने के लिये विद्यार्थी का आधार कार्ड के साथ अभिभावको की सहमति अति आवश्यक है।

## विशेष पशु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**विक्रमगंज (रोहतास) (नि.सं.)।** कृषि विज्ञान केंद्र बिक्रमगंज ने मोहनी गांव में एक विशेष पशु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया, जिसका उद्देश्य ग्रामीण इलाकों में पशुओं की सेहत से संबंधित समस्याओं को हल करना था। इस शिविर में स्थानीय किसानों और पशुपालकों को उनके पशुओं की उचित देखभाल, रोगों से बचाव, और उपचार संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई।शिविर का उद्घाटन केवीके के प्रमुख डॉ. शोभा रानी ने किया। उन्होंने पशु स्वास्थ्य के महत्व को बताते हुए कहा कि स्वस्थ पशु न केवल किसानों की आय बढ़ाते हैं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूत करते हैं। उन्होंने पशुपालकों से अपने पशुओं की नियमित जांच और टीकाकरण की अपील की।इस शिविर में विशेष रूप से कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक श्री आर के जलज संजू कुमारी एवं पशु चिकित्सक रंजन पारसारथी मौजूद थे, जो गाय, भैंस, बकरी, और अन्य घरेलू पशुओं का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर रही थी। शिविर में एक मोबाइल पशु चिकित्सालय भी उपस्थित था, जो दूर-दराज के क्षेत्रों में पशुपालकों तक चिकित्सा सेवाएं पहुंचा रहा था। इस मोबाइल पशु चिकित्सालय में आवश्यक चिकित्सा उपकरण और दवाएं रखी गई थीं, जिससे पशुपालक अपने पशुओं का तत्काल इलाज करवा सके और उन्हें त्वरित चिकित्सा सहायता मिल सके। इसके अलावा, पशुओं में आम तौर पर होने वाली बीमारियों जैसे बर्ड फ्लू, दस्त, बुखार, और त्वचा रोगों के बारे में किसानों को जागरूक किया गया।

# भिन्न स्थानों से तीन लोग हुए गिरफ्तार

निज संवाददाता | दावथ (रोहतास)

पुलिस अधीक्षक रोहतास के द्वारा शराबबंदी के खिलाफ चलाए जा रहा है सघन जांच अभियान के तहत आज दावथ थाने की पुलिस ने विभिन्न स्थानों से तीन लोगों को किया गिरफ्तार। इसकी जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष दावथ कृपाल जी ने बतलाया कि शराब के नशे में विनय कुमार पिता राजेंद्र चौधरी ग्राम कोवाथ थाना दावथ जिला रोहतास को गिरफ्तार किया गया। जिस सम्बन्ध में दावथ थाना अप्राथमिकी संख्या 24/24 दिनांक 11.12.24 दर्ज करते हुए अग्रतर करवाई की जा रहीं है। तो वहीं दावथ थाना कांड संख्या 106 भाग 24 दिनांक 2 अप्रैल 24 बिहार मध्य निषेध एवं उत्पाद संशोधन अधिनियम 2022 के प्राथमिक अभियुक्त सिकंदर पासवान पिता हरि भजन पासवान ग्राम हथडीहा थाना दावथ जिला रोहतास को गिरफ्तार कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। वारंटी पुनपुन पाठक पिता बबन पाठक ग्राम पटखोली थाना दावथ जिला रोहतास को गिरफ्तार किया गया है।

» जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष दावथ कृपाल जी ने बतलाया कि शराब के नशे में विनय कुमार पिता राजेंद्र चौधरी ग्राम कोवाथ थाना दावथ जिला रोहतास को गिरफ्तार किया गया।

# परीक्षाकेन्द्रों के सौ मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा लागू

निज संवाददाता | नवादा

बिहार लोक सेवा आयोग की 70वीं संयुक्त (प्रारंभिक) प्रतियोगिता परीक्षा एक पाली में सम्पन्न होगी। जिला मुख्यालय नवादा में 18 एवं हिसुआ प्रखंड मुख्यालय में 04 अर्थात् कुल 22 परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा होगी तथा समय 12:00 बजे मध्याह्न से 02:00 बजे अप0 तक होगी। जिला संयुक्तादेश के आलोक में श्री अखिलेश कुमार अनुमंडल दंडाधिकारी नवादा सदर द्वारा बीएनएसएस की धारा 163 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नवादा सदर अनुमंडल क्षेत्रान्तर्गत सभी 22 (बाईस) परीक्षा केन्द्रों के 100 मीटर की परिधि में दिनांक 13.12.2024 को 08:00 बजे पूर्वा0 से 03:00 बजे अप0 तक निषेधाज्ञा लागू किया गया है।

**जिसके अन्तर्गत निम्न आदेश दिये गए हैः-**

1. सभी परीक्षा केन्द्र के आस-पास 100 मीटर की परिधि में कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार के अस्त्र-शस्त्र, हथियार, लाठी, गड़ासा, फरसा, चाकू, छुरा, विस्फोटक पदार्थ एवं आग्नेयास्त्रों इत्यादि लेकर नहीं घूमेंगे।
2. सभी परीक्षा केन्द्रों के चारों ओर 100 मीटर की परिधि अन्तर्गत किसी सार्वजनिक या प्राइवेट स्थान में निम्न काम नहीं करेंगेः- मटरगश्ती करना, परीक्षा से संबंधित कोई भी कागजात, पत्र या अन्य सामग्री वितरित करवाना अथवा उसका अन्यथा प्रचार करना या प्रचार करवाना, ऐसे अन्य कलाप में संलग्न होना जिससे परीक्षा से संचालन या उसकी गोपनीयता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना हो परन्तु इस धारा में अन्तर्विष्ट कोई भी बात ऐसे परीक्षा केन्द्र में ली जा रही परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों के सद्भावी कार्यकलापों के संबंध में लागू नहीं होगी।
3. परीक्षा केन्द्र के 100 मीटर की परिधि में किसी भी स्थान पर पॉच या उससे अधिक व्यक्तियों को झगड़ा अथवा लोक परिशांति भंग करने के उद्देश्य से एकत्र होना वर्जित है।
4. सभी परीक्षा केन्द्रों के निषेधाज्ञा दायरे के अन्तर्गत अथवा परिक्षार्थियों को सुनाई पड़ने की तक दूरी के अन्तर्गत ध्वनि विस्तारक यंत्र का व्यवहार वर्जित रहेगा।
5. परीक्षा केन्द्रों पर कोई भी परीक्षार्थी प्रवेश पत्र पेन आदि के अतिरिक्त अन्य कोई कागजात यथा किताब, नोट बुक, मोबाइल फोन अथवा चिट आदि परीक्षा केन्द्रों के अन्दर नहीं ले जायेंगे।
6. स्वच्छ एवं शांतिपूर्ण परीक्षा संचालन में किसी प्रकार का अवरोध अथवा अशांति उत्पन्न करना वर्जित रहेगा।
7. शासकीय कार्य में लगे पदाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों द्वारा धारित आग्नेयास्त्र इस निषेधाज्ञा परिधि से बाहर रहेगा।
8. यह आदेश परीक्षा अवधि, दिनांक 13.12.2024 को 08:00 बजे पूर्वा0 से 03:00 बजे अप0 तक लागू रहेगा।

# छात्र-छात्राओं के अपार आईडी एवं आधार कार्ड बनवाने में तेजी लाने को किया निर्देशित

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)



प्रखण्ड मुख्यालय स्थित इंटर विद्यालय के बाबूलाल भवन में गुरुवार को जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार चौधरी के नेतृत्व में प्रखण्ड क्षेत्र के प्राथमिक एवं मध्य विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों के साथ एक बैठक की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के अपार आईडी एवं आधार कार्ड बनवाने में तेजी लाना है। इस मौके पर प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी ए. वर्षा मौजूद रहीं। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बैठक में शामिल प्रधानाध्यापकों से शिक्षण क्षेत्र में बेहतर कार्य करने को लेकर बात कही गई। उन्होंने कहा कि सरकारी विद्यालयों में गरीबों के बच्चे पढ़ने के लिए आते हैं, इसलिए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए अथक प्रयास करने की जरूरत होती है। इस दौरान सुदूरवर्ती क्षेत्रों में स्थित विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को विशेष निर्देश दिए। साथ ही सवैयाटांड़ के बाराटांड़, बसरौन एवं झलकडीहा विद्यालय के प्रधानाध्यापकों को फटकार लगाया गया एवं नियमित रूप से मध्याह्न भोजन व शिक्षण कार्य मे जुटने का निर्देश दिया। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने कहा कि नवादा जिले में गरीब बच्चों की संख्या अधिक है। साथ ही कहा कि गुरुवार तक प्राथमिक, मध्य एवं माध्यमिक विद्यालयों के नामांकित 22715 बच्चों में 6631 बच्चों का अपार आईडी कार्ड बनाया जा चुका है, जो जिले में दूसरा स्थान रखता है। वहीं प्रखण्ड क्षेत्र के निजी विद्यालयों में नामांकित 4739 बच्चों में 150 बच्चों का अपार कार्ड बन चुका है। वहीं शेष बच्चों के अपार आईडी और आधार कार्ड बनवाने को लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। इस मौके पर सत्येन्द्र कुमार पांडेय, संजय कुमार शर्मा, मिथलेश कुमार मिश्रा, सुबोध कुमार सिंह, सुभाष चन्द्र, सुनील निराला, ममता रानी, सविता कुमारी, शोभा कुमारी के अलावे प्रखण्ड क्षेत्र के लगभग 150 प्रधानाध्यापक व प्रधानाध्यापिका मौजूद रहे।

# शिव मन्दिर जीर्णोद्धार व खंडित शिवलिंग को हटाने को लेकर हुआ पूजा अर्चना व रुद्राभिषेक



निज संवाददाता | कौआकोल

प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय मुख्यालय परिसर अवस्थित शिव मंदिर में गुरुवार को खंडित शिवलिंग को हटाने एवं मन्दिर जीर्णोद्धार को लेकर विधिवत पूजा अर्चना किया गया। इस दरम्यान पंडित कुन्दन पराशर की देखरेख में व चार ब्राह्मणों की मौजूदगी में पूजा अर्चना एवं रुद्राभिषेक कर भगवान शिव की आराधना की गई। यजमान की भूमिका स्थानीय ग्रामीण रौशन कुमार सोनु ने निभाई। उन्होंने बताया कि शिव मंदिर में विराजमान शिवलिंग किसी कारणवश खंडित हो गया था। जिसके बाद कौआकोल सीओ मनीष कुमार के पहल पर मन्दिर जीर्णोद्धार एवं शिव लिंग के स्थापना को लेकर प्रयास किया गया। इसी कड़ी में गुरुवार को पंडित कुंदन पराशर की देखरेख में खंडित शिवलिंग को हटाने को लेकर पूजा अर्चना एवं रुद्राभिषेक किया गया।

# सात दिवसीय मशरूम प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

निज संवाददाता | सासाराम (रोहतास)

गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित नारायण कृषि विज्ञान संस्थान के पादप रोग विभाग द्वारा सात दिवसीय मशरूम प्रशिक्षण कार्यक्रम का सकुशल समापन आज किया गया। संस्थान के कुलाधिपति श्री गोपाल नारायण सिंह ने कार्यक्रम में प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले किसानों, छात्रों एवं अन्य लोगों को उद्यमिता की तरफ कदम।बढ़ाने के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने पादप रोग विज्ञान संस्थान के शिक्षकों को ऐसे रोजगारपरक प्रषिक्षण देने के लिए बधाई दी। संस्थान के निदेशक प्रो० एच के सिंह ने सभी का स्वागत किया एवं प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्रशिक्षुओं से इस प्रशिक्षण के बारे में प्रतिक्रिया ली एवं उनके सहभागिता के लिए उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर सभी प्रशिक्षुओं को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में संस्थान के वरिष्ठ प्रवक्ता प्रो० अशोक कुमार, प्रो० डी आर सिंह एवं पादप रोग विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ प्रशांत कुमार सिंह एवं डॉ शिवम सिंह समेत अन्य शिक्षकगण उपस्थित थे।

# प्रखंड क्षेत्र में पूर्ण रूपेण फेल हुआ लोहिया स्वच्छता अभियान

निज संवाददाता | नारदीगंज नवादा



प्रखंड क्षेत्र में लोहिया स्वच्छता अभियान अपना दम तोड़ चुका है। प्रखंड के किसी भी पंचायत में यह अभियान सुचारू रूप से नहीं चल रहा है। यही कारण है कि प्रखंड मुख्यालय से लेकर ग्रामीण क्षेत्र तक सभी जगह कचरे का अंबार लगा हुआ है। दो वर्ष पूर्व सरकार की यह महत्ती योजना बड़े ही ताम झाम के साथ प्रखंड क्षेत्र में शुरू किया गया था। इसके लिए सभी घरों में पंचायत के तरफ से गिला और सुखा कचरा रखने के लिए दो दो बाल्टी दी गई थी। सुबह होते ही कचरा लेने वाला भीसिल बजाते हुए कचरा लेने के लिए दरवाजे पर पहुंच जाता था। जिसके परिणाम स्वरूप सभी पंचायत कचरा मुक्त हो गया था। एक वर्ष तक इस योजना के माध्यम से सभी पंचायतों में साफ सफाई का काम होता रहा। लेकिन दूसरा वर्ष प्रारंभ होते ही यह योजना फेल साबित हो गया। एक वर्ष पूर्व से प्रखंड के किसी भी पंचायत में कचरा उठाने वाला नहीं दिखाई पड़ता है। जिसके कारण सभी पंचायतों में कचरे का अंबार लग गया है। प्रखंड क्षेत्र के बुद्धिजीवियों का कहना है कि सरकार के इस योजना में नाहक में करोड़ों रुपए बर्बाद हुआ है।इस योजना का कोई फायदा प्रखंडक्षेत्र में देखने को नहीं मिल रहा है। सभी जगह कचरा भरा पड़ा है। प्रखंड स्वच्छता समन्वयक पूजा सिंह ने बताया कि कुछ तकनीकी गड़बड़ी के कारण लोहिया स्वच्छता अभियान प्रखंड क्षेत्र में बंद हो गया था। जिसे ठीक कर पुनः चालू कर दिया गया है। वर्तमान समय में प्रखंड के ओड़ो, कोसला, इचुआ करणा, दोहड़ा, मसौढा, नारदीगंज, कहुआरा पंचायत में लोहिया स्वच्छता अभियान शुरू किया गया है। शेष पंचायतों में बहुत जल्द शुरू किया जाएगा।

# विकसित बिहार उद्यम के तहत जिलाधिकारी ने युवा उद्यमी को दिया प्रशस्ति पत्र

» जिले भर के सफल उद्यमियों के साथ-साथ रजौली एनएच-20 के किनारे स्थित स्वस्तिक रेस्टोरेंट के संचालक रितेश सिंह कौशल को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया एवं बेहतर भविष्य की कामना की गई।

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)



प्रखण्ड क्षेत्र के डीह रजौली निवासी स्वस्तिक रेस्टोरेंट के संचालक रितेश सिंह कौशल को गुरुवार को समाहरणालय सभागार में जिलाधिकारी नवादा रवि प्रकाश द्वारा सफल युवा उद्यमी को उनके क्षेत्र में सफल कार्य एवं मुख्यमंत्री के विकसित बिहार उद्यम के तहत प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान जिले भर के सफल उद्यमियों के साथ-साथ रजौली एनएच-20 के किनारे स्थित स्वस्तिक रेस्टोरेंट के संचालक रितेश सिंह कौशल को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया एवं बेहतर भविष्य की कामना की गई। स्वास्तिक रेस्टोरेंट के संचालक रितेश सिंह कौशल ने बताया कि लोगों को राज्य के विभिन्न योजनाओं का लाभ समाज एवं स्वयं के हित में जरूर लेना चाहिए, जिससे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विकसित बिहार का सपना साकार हो सके। साथ ही कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बिहार के युवा, महिला, किसान और बेरोजगार युवाओं के लिए अनेकों योजनाओं को बिहार में लाकर उनके जीवन और रोजगार को बेहतरीन बढ़ावा देने का काम किए हैं। विकसित बिहार के लिए उनका किया गया कार्य प्रेरणास्त्रोत हैं। इसके पहले जिलाधिकारी ने सफल उद्यमियों से उनके सफलता एवं चुनौतियों तथा शासकीय सहयोग के संदर्भ में जानकारी प्राप्त किया एवं मार्गदर्शन भी दिया।

## पछुआ हवा से गेहूं बुवाई हो रही बाधित

**बिक्रमगंज (रोहतास) (नि. सं.)।** अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न प्रखंड क्षेत्रो के किसानों के बीच कटनी की समस्या मुंह बाए अभी खड़ी ही है कि पछुवा हवा के कारण खेतों से भाग रहे नमी से किसान चिंतित है। धान की फसल की अभी पूरी तरह कटाई भी नहीं हो पाई है कि गेहूं के बीज जमने के लिए खेतों में नमी का अभाव दिखने लगा है और मिट्टी की परत बिल्कुल सुखी दिखाई दे रही है तथा खेतों में दरारें भी पड़ने लगी है। मौसम की इस बेरुखी से किसान काफी चिंतित है। क्योंकि इस क्षेत्र में छोटे एवं मध्यम वर्ग के किसानों की तादाद ज्यादा है जिन्हें धान के साथ ही गेहूं पर ज्यादा निर्भरता रखनी पड़ती है इस कारण गेहूं की बुवाई के लिए तत्पर रहने के बावजूद भी मौसम के विपरीत परिस्थिति ने उन्हें संकट में डाल रखा है।

# वरीय अधिवक्ता एस डी संजय सुप्रीम कोर्ट में बने भारत सरकार के एएसजी



निज संवाददाता | पटना

पटना हाईकोर्ट के वरीय अधिवक्ता एस डी संजय को सुप्रीम कोर्ट में भारत सरकार का एडीशनल सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) नियुक्त किए जाने पर पटना हाईकोर्ट का एडवोकेट्स एसोसिएशन ने सम्मानित किया। एडवोकेट्स एसोसिएशन ने एसोसिएशन के राजेंद्र हॉल ( मेन हॉल) में संजय को एक अभिनंदन समारोह आयोजित हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजय ने कहा कि उनका सुप्रीम कोर्ट में एएसजी बनने का गौरव आपका है। आगे उन्होंने कहा कि यदि वे सुप्रीम कोर्ट जा सकते हैं, तो आप लोगों में से कोई भी जा सकता है। पटना हाईकोर्ट में भारत सरकार के एडिशनल सॉलिसिटर जनरल डॉ के एन सिंह ने कहा कि संजय को परिचय की जरूरत नहीं है। ये कानून के एक अच्छे ज्ञान रखने के साथ ही एक अच्छे वक्ता भी हैं। उन्होंने उम्मीद जताया कि मेरे एक और पटना के साथी सॉलिसिटर जनरल भी बनें। पटना हाईकोर्ट में भारत सरकार के डिप्टी सॉलिसिटर जनरल राणा विक्रम सिंह ने कहा कि जिस तरह से संजय ने पटना हाईकोर्ट में काम किया, सुप्रीम कोर्ट में भी परचम लहराएंगे। वरीय अधिवक्ता विंध्य केशरी सिंह ने कहा की जिस तरह से पालखीवाला का जब परिचय कराया जा रहा था, कहा जाता था कि उनके परिचय की जरूरत नहीं है। उसी प्रकार से संजय के परिचय की जरूरत नहीं है।

## संक्षिप्त समाचार

### युवक की हत्या के मामले में मां के बयान पर एफआईआर दर्ज

**आरा।** मंगलवार की रात कोईलवर थाना क्षेत्र के दौलतपुर गांव के बगल में झाड़ी से सचिन कुमार का शव मिला था। घटना के बाद मृतक सचिन कुमार के मां संजू देवी के बयान पर कोईलवर थाना में 4 नामजद और एक अज्ञात पर एफआईआर दर्ज कर लिया गया है। कोईलवर थाना के थानाध्यक्ष नरोत्तम चंद्र ने बताया कि थाना क्षेत्र में दौलतपुर गांव के निवासी सचिन का शव मंगलवार की रात गांव के बगल के झाड़ी से मिला था। घटना में चार नामजद और एक अज्ञात पर एफआईआर दर्ज कर लिया गया है। घटना की जांच की जा रही है। जल्द ही पुलिस घटना में शामिल आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। मृतक सचिन के मामा ने बताया कि सचिन को उसके गांव के कुछ दोस्तो के द्वारा सचिन के फोन पर पहले जान से मारने की धमकी दिया गया था। सचिन मंगलवार को सुबह 6 बजे मेरे गांव से वापस अपने गांव पर आया था। सचिन की मां भी शादी में मेरे गांव यानी अपनी मायके गई थी। सचिन पहले अपने गांव आ गया था। मां संजू देवी बाद में गांव पर आई । संजू देवी ने ही पहले झाड़ी में सचिन का शव देखी थी।

### अधिवक्ता रामदास राय की मनाई गई पुण्यतिथि

**आरा।** अधिवक्ता एसोसिएशन आरा के सभागार में स्वर्गीय रामदास राय अधिवक्ता की प्रथम पुण्यतिथि आयोजित किया गया।जिसकी अध्यक्षता बिहार अधिवक्ता कल्याण संघर्ष समिति पटना के प्रदेश अध्यक्ष अजीत रंजन कुमार ने किया। सभा में शंकर पांडे ने स्वर्गीय रामदास राय अधिवक्ता के जीवन आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वह एक कुशल विधिवेता गरीबों के मददगार अधिवक्ता थे। वह मृदुभाषी शांतिप्रिय अधिवक्ताओं के विकास के लिए सदैव प्रयत्नशील रहते थे। उन्हें कहा की राय जो सादा जीवन उच्च विचार गांधी जी के आदर्शों पर चलने वाले व्यक्ति थे। उनके जीवन दीन दुखियों के लिए समर्पित था। सभा में शामिल प्रमुख अधिवक्ताओं में श्रीकृष्ण प्रसाद, अशोक चौधरी, अमरेश कुमार, सुभाष चंद्र प्रसाद, विनय कुमार, अजय कुमार, दुर्ग विजय सिंह, संतोष कुमार ,चंद्रमणि सिंह, अखिलेश सिंह आदि मौजूद थे।

### वित्तीय समावेशन कैंप में डाक विभाग के योजनाओं की दी जानकारी

**आरा।** इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक (भारतीय डाक विभाग) तथा नाबार्ड के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को वित्तीय समावेशन कैंप का आयोजन हुआ। तरारी प्रखंड के लबना पटखोली गांव में आयोजित कैंप में इंडिया पोस्ट पैमेंट बैंक के द्वारा 0-5 आयु के बच्चो का मुफ्त में आधार कार्ड बनाने के साथ आधार में मोबाइल नंबर बदलने का कार्य हुआ। इस दौरान बैंक के अधिकारियों ने दुर्घटना बीमा, सुकन्या समृद्धि योजना, मुफ्त मर्चेंट क्यूआर कोड सहित डाक विभाग की योजनाओं की जानकारी दी। मौके पर इंडिया पोस्ट पैमेंट के सीनियर मैनेजर अमित कुमार, डाक सहायक, पीरो सब डिविजन सोनू कुमार, पर्यवेक्षक रंजीत कुमार, दीपक कुमार गुप्ता, शाखा डाकपाल लबना पटखोलि, मोहित, अतुल कुमार, सागर पांडे, शाखा डाकपाल विजय कुमार सिंह, योगेश कुमार समेत ग्रामीण मौजूद थे।

### वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय का छठा दीक्षांत समारोह

**बक्सर।** आरा वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय का छठा दीक्षांत समारोह 11 दिसंबर बुधवार को होगा। 111 पीजी टॉपरों और 245 पीएचडी डिग्री वाले शोधार्थी को पीएचडी की उपाधि दी जाएगी। मंगलवार को विश्वविद्यालय परिसर में रिहर्सल कार्यक्रम हुआ। 111 पीजी टॉपरों और 245 पीएचडी डिग्री वाले शोधार्थियों का सर्टिफिकेट पर हस्ताक्षर करने में अधिकारी देर शाम तक लगे रहे। कुलसचिव डॉ रणविजय कुमार ने दीक्षांत समारोह के मिनट टू मिनट कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। बताया कि सुबह 11 बजे राज्यपाल सह कुलाधिपति दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे। सुबह 11:02 बजे गार्ड ऑफ ऑनर, 11:25 बजे में राष्ट्रगान, 11:32 बजे में दीप प्रज्वलन, 11:37 बजे में कुलगीत, 11:52 बजे स्वागत और कुलपति दीक्षांत को संबोधित करेंगे, 12:02 से 1:10 बजे तक पीजी टॉपरों और पीएचडी डिग्री वाले शोधार्थी को पीएचडी की उपाधि दी जाएगी। इसके बाद कुलाधिपति सह राज्यपाल का संबोधन होगा। 1:30 बजे राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। लंच के बाद 2:10 बजे कुलाधिपति विश्वविद्यालय से राज्यपाल सचिवालय के लिए रवाना होंगे। मंच पर कुलाधिपति सह राज्यपाल के साथ कुलपति, कुलसचिव, राज्यपाल के प्रधान सचिव होंगे। वही पीछे की दीर्घा में राज्यपाल के विशेष पदाधिकारी और राज्यपाल के परिसहाय की कुर्सी होगी। सुबह आठ बजे से विश्वविद्यालय परिसर में सभी छात्र-छात्राओं एवं अतिथियों को प्रवेश मिलेगा। सुबह 10 बजे के बाद किसी भी छात्र-छात्रा अथवा अतिथि का प्रवेश वर्जित रहेगा। एएसपी परिचय कुमार ने विश्वविद्यालय परिसर पहुंचकर तैयारी की समीक्षा की।

### योजनाओं का लाभ लेकर विद्यार्थी संवारे कॅरियर

**बक्सर।** मंगलवार को सुमित्रा महिला कॉलेज डुमरांव और जननायक कर्पूरी ठाकुर लॉ कॉलेज में छात्र-छात्राओं को मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना की जानकारी दी गई। इसके तहत आर्थिक हल युवाओं को बल कार्यक्रम के अंतर्गत बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना एवं कुशल युवा कार्यक्रम से संबंधित जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए अहर्ताएं एवं शर्त पर भी चर्चा की गई। इसके साथ ही अधिक से अधिक विद्यार्थियों को कुशल युवा कार्यक्रम योजना का लाभ दिलाने के लिए प्रेरित किया गया। प्राचार्य एवं शिक्षकों ने आश्वासन दिया गया कि वे अधिक से अधिक विद्यार्थियों को जिला निबंधन सह परामर्श केंद्र बक्सर पर भेजकर निबंधन कराएंगे। कार्यक्रम में सुनीता सिंह, मो. मुमताज उद्दीन आदि थे। अधिकारियों ने कहा कि योजनाओं का लाभ लेकर विद्यार्थी कॅरियर संवारें।

### लोजपा संसदीय बोर्ड के प्रदेश सचिव बने हरिओम

**आरा।** लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास संसदीय बोर्ड के प्रदेश अध्यक्ष हुलास पांडेय ने हरिओम कुमार को प्रदेश सचिव बनाया है। बुधवार को एक कार्यक्रम के दौरान हुलास पांडेय ने पार्टी के प्रति समर्पण की भावना रखने वाले हरि ओम कुमार को प्रदेश सचिव की कमान सौंपी है। इस दौरान उनके प्रदेश सचिव बनाए जाने पर पार्टी के शीर्ष से लेकर कई नेताओं ने उन्हें बधाई दी। संसदीय बोर्ड के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व एमएलसी हुलास पांडेय ने कहा की मुझे पूर्ण विश्वास है कि संसदीय बोर्ड की ओर से हरिओम कुमार को जो दायित्व सौपा गया है उसपर वह पूर्ण रूप से खरा उतरेंगे। इधर प्रदेश सचिव बनाए जाने पर हरिओम कुमार ने चिराग पासवान तथा संसदीय बोर्ड के प्रदेश अध्यक्ष हुलास पांडेय के प्रति अपनी निष्ठा जाहिर करते हुए कहा कि पार्टी ने जो हमारे ऊपर विश्वास जाहिर किया है उनके विश्वास पर मैं पूरी तरह से खड़ा उतारूंगा।

### विनम्रता की प्रतिमूर्ति थे बालदेव यादव

**इटाढ़ी।** इटाढ़ी के अग्रणी किसान व समाजसेवी बालदेव यादव के निधन पर शोक संवेदनाओं का तांता लगा रहा। इनके इटाढ़ी स्थित निवास यादव भवन पर पहुंचकर विभिन्न राजनीतिक दलों, कला जगत व अन्य क्षेत्रों के गणमान्य लोगों व शुभचिंतकों ने शोक-संतप्त परिजनों से मिलकर ढांढस बंधाया। राम कथा वाचक व मानस मर्मज्ञ डॉ. रामनाथ ओझा ने कहा कि श्री बालदेव जी की सौम्यता, वाणी की मधुरता, व्यवहार में मिठास सब स्मरण है। वह अपनी सौम्यता, विनम्रता के लिए जाने जाते थे। लोगों की सहायता के लिए हर समय तैयार रहते थे। बचपन में हमें इनका लाड़-प्यार बहुत मिला था। ईश्वर इन्हें अपनी अहैतुकी कृपा और शरणागति प्रदान करें। बक्सर के पूर्व जिलाधिकारी बिष्णुदेव प्रसाद सिंह, पूर्व पुलिस महानिदेशक एसके भारद्वाज समेत कई अधिकारियों व गणमान्य लोगों ने अपनी शोक संवेदना व्यक्त की। सोमवार की सुबह अग्रणी किसानों में गिने जाने वाले समाजसेवी बालदेव यादव का उनके आवास पर 90 वर्ष की आयु में निधन हो गया था। संवेदना व्यक्त करने वालों में अभिनेता जय मिश्रा, जदयू जिलाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, पूर्व सचिव मोहन जी गुप्ता,लेखक सह पत्रकार मुरली मनोहर श्रीवास्तव, कमलेश सिंह,भरत मिश्रा,भरत यादव, रिंकू यादव,शक्ति सिंह,प्रो डॉ विनोद कुमार सिंह,समाजसेवी रामनाथ तिवारी समेत अन्य लोग शामिल हैं।

# 70वीं BPSC परीक्षा को लेकर तैयारी, जिले में 23 परीक्षा केंद्र, 11,460 परीक्षार्थी देंगे एग्जाम

निज संवाददाता। बक्सर



- परिक्षार्थियों की मदद के लिए पदाधिकारी और कर्मियों की नियुक्ति की गई है
- परीक्षा शुरू होने से 3 घंटे पहले सभी स्टैटिक दंडाधिकारी और पुलिस अधिकारी अपने केंद्रों पर पहुंचेंगे

बक्सर जिला प्रशासन ने बिहार लोक सेवा आयोग (BPSC) की 70वीं संयुक्त प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा के सफल आयोजन को लेकर तैयारी पूरी कर ली है। बुधवार को जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल और पुलिस अधीक्षक शुभम आर्य ने पुलिस और दंडाधिकारियों के साथ संयुक्त ब्रीफिंग की, बताया गया कि परीक्षा 13 दिसंबर को होगी। यह परीक्षा दोपहर 12:00 बजे से 2:00 बजे तक एक पाली में आयोजित की जाएगी।जिसके लिए बक्सर जिले में कुल 23 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।इनमें 20 केंद्र बक्सर अनुमंडल में और 3 केंद्र डुमरांव अनुमंडल में हैं। इसमें कुल 11,460 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे।

**सुरक्षा और व्यवस्थाः** जिला जनसंपर्क पदाधिकारी द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया की प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर महिला और पुरुष स्टैटिक दंडाधिकारी के साथ पुलिस बल तैनात रहेगा।कुल 46 स्टैटिक दंडाधिकारी और 12 जोनल दंडाधिकारी की नियुक्ति की गई है।प्रश्न पत्र-सह-उत्तर पुस्तिकाओं की सुरक्षा के लिए बज्रगृह(जिला कोषागार) से केंद्रों तक पुलिस बल के साथ सामग्री ले जाने की व्यवस्था की गई है।

**केंद्रों पर सीसीटीवी और मोबाइल जैमर की व्यवस्थाः** रेलवे स्टेशन बक्सर, बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन डुमरांव पर हेल्पलाइन काउंटर स्थापित किए गए हैं। परिक्षार्थियों की मदद के लिए पदाधिकारी और कर्मियों की नियुक्ति की गई है। साथ ही परीक्षा शुरू होने से 3 घंटे पहले सभी स्टैटिक दंडाधिकारी और पुलिस अधिकारी अपने केंद्रों पर पहुंचेंगे। महिला परीक्षार्थियों के लिए अलग से फ्रिस्किंग व्यवस्था और ऐनक्लोजर बनाया जाएगा। परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी और मोबाइल जैमर की व्यवस्था की गई है। वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी।

**जिलाधिकारी का निर्देशः** परीक्षा के दौरान किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें और आयोग के दिशानिर्देशों का पालन करें।परीक्षा कक्षों में कदाचार की रोकथाम के लिए सख्त कदम उठाए जाएंगे। इस प्रकार, परीक्षा के शांतिपूर्ण और सुचारु संचालन के लिए बक्सर प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है।

## जिला क्रिकेट लीग जूनियर में उमेश क्रिकेट क्लब विजयी




निज संवाददाता। आरा

जिला क्रिकेट लीग के जूनियर डिवीजन में बुधवार को तेघरा क्रिकेट क्लब बनाम उमेश क्रिकेट क्लब रेड के बीच मैच वीर कुंवर सिंह स्टेडियम मे हुआ। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए उमेश क्रिकेट क्लब की टीम ने 20 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 187 रन बनाए। उमेश क्रिकेट क्लब की तरफ से ऋषभ ने सर्वाधिक 64 रन, राजा सिंह ने 20 रन और सुधांशु सिंह ने नाबाद 14 रन का योगदान किया। श्रीमन राय ने 16 रन बनाए। अतिरिक्त रन की संख्या 42 रही। तेघरा क्रिकेट क्लब की तरफ से गेंदबाजी करते हुए दिव्य शांडिल्य एवं पुष्पेंद्र ने चार-चार विकेट लिए। अंकित तिवारी को एक विकेट मिला। 187 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी तेघरा क्रिकेट क्लब की पूरी टीम मात्र 58 रन बना कर आउट हो गई। पुष्पेंद्र ने 25 रन बनाए। इसके अलावा तेघरा क्रिकेट क्लब का कोई भी बल्लेबाज दहाई अंकों में नहीं प्रवेश कर सका। उमेश क्रिकेट क्लब रेड की तरफ से गेंदबाजी करते हुए मोहम्मद राजा और प्रिंस ने तीन-तीन विकेट, रोचक ने दो विकेट, सुधांशु व आदित्य ने एक-एक विकेट लिया। इस प्रकार उमेश क्रिकेट क्लब रेड ने यह मैच 129 रन से जीत लिया। निर्णायक युवराज एवं अंकुर थे, स्कोरिंग अमृतोष ने की।

## पराली जलाने वाले किसानों पर कृषि विभाग ने की करवाई, 370 किसान चिह्नित

निज संवाददाता। बक्सर

### 92 किसानों का आईडी किया गया ब्लॉक



बक्सर में पराली जलाने वाले किसानों पर लगातार करवाई की जा रही है। कृषि विभाग पराली जलाने वालों लोगों पर सैटेलाइट से नजर रख रही है। पराली जलाने पर 370 किसानों को चिन्हित किया गया है। इसमें से 92 किसानों पर करवाई भी की गई है। उनका आईडी ब्लॉक कर सरकारी कृषि योजना के लाभ से वंचित किया गया है। जिला कृषि विभाग से मिली जानकारी के अनुसार सैटेलाइट के माध्यम से पराली जलाने के मामले की निगरानी की जा रही है। अब तक पराली जलाने के 370 मामले सामने आ चुके हैं। इसमें से कुल 73 किसानों के कृषक आईडी जिला कृषि पदाधिकारी अविनाश शंकर ने ब्लॉक कर दिया है। इसके अलावा अधिकारियों और कर्मियों ने पराली जलाने के मामले में 19 किसानों का आईडी ब्लॉक किया है। डीएओ ने बताया कि सैटेलाइट से मिली रिपोर्ट के अनुसार जांचोपरांत पराली जलाने से संबंधित किसानों पर कार्रवाई की जाएगी। आईडी ब्लॉक होने के बाद उनके परिवार के किसी भी सदस्य को सरकार की ओर से कृषि संबंधित संचालित योजनाओं का लाभ तीन सालों तक नहीं दिया जाएगा। राजपुर प्रखंड में अब तक सबसे अधिक पराली जलाने के मामले सामने आए हैं। जानकारी के अनुसार सैटेलाइट से जो मामले पकड़ में आए है। इसमें सबसे अधिक राजपुर प्रखंड के है। राजपुर प्रखंड में 125, बक्सर में 18, चौसा में 45, इटाढ़ी में 102, डुमरांव में 13, सिमरी में 1, चक्की और केसठ में जीरो, ब्रह्मपुर में 35, चौगाई में 8 और नावानगर प्रखंड में कुल 23 पराली जलाने के मामले है।

## गंगा में डूबे युवक का 3 दिन बाद मिला शव घर से एडमिट कार्ड लेने के लिए निकला था


निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर के वीर कुंवर सिंह सेतु के नए पुल से गंगा नदी में छलांग लगाने वाले युवक का शव तीन दिन बाद उमरपुर गांव के गंगा घाट से बरामद किया गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। वहीं शव मिलने की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। बताया गया कि 8 दिसंबर को घर से कॉलेज में एडमिट कार्ड लेने के लिए निकला था। इसके बाद पुल के पास पहुंचा। जहां अपने दोस्त को सॉरी बोल कर पुल से नदी में छलांग लगा दिया। इसके बाद से ही स्थानीय गोताखोर के साथ एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीम उसकी खोज में लग गई। वहीं गुरुवार को उमर गांव के गंगा घाट के पास शव उपलाता हुआ पाया गया।

**पॉलिटेक्निक कॉलेज का छात्र था अंकितः** गंगा नदी में कूदकर आत्महत्या करने वाला युवक अंकित कुमार (18) इटाढ़ी थाना क्षेत्र के लोहंदी गांव निवासी जितेन्द्र कुशवाहा का बेटा था। वह अपने गांव लोहंदी से कुछ दूर इटाढ़ी स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेज में पढ़ता था। गांव का दोस्त सुहेल अंसारी ने बताया कि उसका दोस्त अंकित अपना एडमिट कार्ड लेने की बात परिजनों से बताकर बाइक से इटाढ़ी स्थित कॉलेज के लिए निकला था। इस दौरान दोनों की मुलाकात हो गई। अंकित के कहने पर सुहेल अंसारी बाइक पर सवार होकर ड्राइव करते हुए इटाढ़ी गया। इसके बाद अंकित बाइक ड्राइव करते हुए पुल के बीच पहुंचा और अचानक गाड़ी रोककर पुल के नीचे कूद गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची।

## धान खरीद में तेजी लाने को लेकर अभियान चलाया



निज संवाददाता। आरा

वर्ष 2024 25 के लिए हो रहे धान अधिप्राप्ति की रफ्तार बढ़ाने को लेकर डीएम तनय सुल्तानिया के निर्देश पर बुधवार को जिले में अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत जिला, अनुमंडल व प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों ने विभिन्न प्रखंडों के 162 पैक्स गोदाम में धान अधिप्राप्ति की अद्यतन स्थिति, मिल को प्रेषित धान की मात्रा एवं अन्य बिंदुओं पर गहनता से जांच की। इस दौरान धान अधिप्राप्ति को लेकर किसानों के बीच प्रचार प्रसार व धान बिक्री केंद्र पर जाकर धान बेचने के लिए भी जागरूक किया गया। बता दें कि जिले में धान अधिप्राप्ति को लेकर कुल 183 समितियों का चयन किया गया है। जिनमें 162 पैक्स क्रियाशील है। वही मिलिंग कार्य के लिए 21 मिलों का निबंधन हुआ है। डीएनए सोमवार को सहकारिता विभाग से संबंधित विभागीय समीक्षा बैठक की थी। जिसमें धान अधिप्राप्ति में तेजी लाने का निर्देश दिया गया था। इसके बाद बुधवार को संबंधित अधिकारियों द्वारा निरीक्षण व पर्यवेक्षण करते हुए पारदर्शी तरीके से अधिप्राप्ति में प्रगति लाने के लिए अभियान चलाया गया।

# बच्चों के रंगारंग कार्यक्रम ने मोह लिया मन

निज संवाददाता। बक्सर



### बिहार सेंट्रल स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 25वां स्थापना दिवस, गीत-संगीत का हुआ कार्यक्रम

बिहार सेंट्रल स्कूल परिसर में 25वां स्थापना दिवस समारोह हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। मौके पर मुख्य अतिथि विद्यालय निदेशक आरवीबी सिंह उपनिदेशक उर्मिला सिंह उपस्थित रहे। बच्चों ने एक से एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। उद्घाटन प्राचार्य आर राघवन व सचिव सरोज सिंह ने किया। समारोह में बिहार सेंट्रल सेन्ट्रल स्कूल की दूसरी शाखा पाथवेज वर्ल्ड स्कूल के निदेशक डॉ आर राघवन, प्राचार्य नेहा सिंह, शिक्षक व सभी छात्र छात्राएं उपस्थित थी। निदेशक आरवीबी सिंह ने कहा कि इस विद्यालय की परिकल्पना को सन 2000 में मूर्त रूप दिया गया। विद्यालय स्थापना के पीछे मूल उद्देश्य था कि पाठ्यक्रम के साथ-साथ बच्चों में सामाजिक मूल्यों को सींचना व उसे नैतिक मूल्यों में रूपांतरित करना। विद्यालय के सचिव सरोज सिंह ने कहा कि विद्यालय की शुरुआत एक आधारभूत उद्देश्य को लेकर हुई है, जिसे हम प्रत्येक वर्ष अपनी तमाम कोशिशों से प्राप्त करने का यथासंभव प्रयास करते हैं। कक्षा सात, छह, आठ, नौ के बच्चे सौरभ, पियुष, किशन राज, आर्यन राज, हरिओम पाण्डेय, अंशिका, कंचन व अनन्या ने समाज को खासकर बच्चों की सोशल मीडिया के गिरफ्त में आने और इसके दुष्प्रभाव को नाटक के माध्यम से प्रस्तुत किया। दूसरा नाटक सिनारियो ऑफ स्कूल था। इसके माध्यम से वर्ग आठ के पंकज, रोहित, आदित्य नमन, अंकित व निर्भय पाण्डेय ने विद्यालय व छात्रों के बीच असंतुलित हो रहे संबंधों को रेखांकित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना से हुई। धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय विनय तिवारी ने किया। सचिव सरोज सिंह ने नए सत्र में छात्रों के लिए खासकर बच्चियों के लिए नामांकन शुल्क निःशुल्क व बच्चों के नामांकन शुल्क में 50 प्रतिशत की छूट की घोषणा की।

# भागलपुर में स्कूली बच्चे समेत दो को रौंदा, मौत, स्कूल से 50 मीटर दूर हादसा

◆ विद्यालय से पिता के दोस्त के साथ घर लौट रहा था बच्चा





निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में गुरुवार करीब 2 बजे स्कूल से लौट रहे 6 क्लास के बच्चे को अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। हादसे में छात्र समेत दो की मौत हो गई। मृतकों की पहचान संतोष कुमार उर्फ पिंटू के बेटे रक्षित वर्मा (12) और रक्षित के पिता के दोस्त (पड़ोसी) महेश्वर पंडित के बेटे बबलू कुमार हैं। रक्षित स्कूल से लौट रहा था। हर दिन उसके पिता संतोष अपने बेटे को विद्यालय से लाने जाते थे, लेकिन आज संतोष के दोस्त बबलू रक्षित को स्कूल से लाने गए थे। रक्षित और बबलू बाइक से घर लौट रहे थे। स्कूल से करीब 50 मीटर की दूरी तय की होगी। इसी बीच किसी वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। घटना लोदीपुर थाना क्षेत्र के संत ट्रेसा स्कूल के पास की है।

**आरोपी चालक गाड़ी लेकर फरार हुआः** स्थानीय लोगों का कहना है कि टक्कर मारने वाला वाहन ट्रक है। हादसे के बाद आरोपी चालक गाड़ी लेकर फरार हो गया। सजोर पुलिस ने दोनों घायलों को मायागंज अस्पताल पहुंचाया, पर इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई।

घटना की सूचना के बाद लोदीपुर पुलिस की गश्ती टीम भी पहुंची। बताया जा रहा कि मृतक रक्षित के छाटे भाई का आज सेंट जोसेफ स्कूल में इंटरव्यू था। पिता संतोष उर्फ पिंटू वहीं गए थे।

**परिजनों ने 15 मिनट तक किया हंगामाः** घटना की सूचना के बाद परिजन और पड़ोसी मायागंज पहुंचे। बच्चे का पोस्टमॉर्टम वे लोग नहीं कराना चाहते थे, दबाव डालने पर परिजनों ने करीब 15 मिनट तक हंगामा किया। हंगामा की सूचना के बाद भारी संख्या में पुलिस मायागंज अस्पताल पहुंची। पुलिस ने बबलू कुमार के शव का पोस्टमॉर्टम कराया।

## जिले में संचालित 54 आईसीटी लैब बंद करने का निर्देश, युवाओं की बढ़ी परेशानी

**मुंगेर।** बिहार शिक्षा विभाग इन दिनों लगातार अपनी कार्य-प्रणाली को लेकर सुर्खियों में रहा है। कभी शिक्षकों के लिए नए-नए फरमान तो कभी विद्यालय के बच्चों के लिए नई शिक्षा व्यवस्था को लेकर। लेकिन इन सब से इतर अब शिक्षा विभाग द्वारा पूर्व के एसीएस केके पाठक द्वारा लिए गये निर्णय को रद्द करने की कवायद लगातार की जा रही है। इसी क्रम में शिक्षा विभाग ने मुंगेर जिले में 54 समेत सूबे के 4 हजार स्कूलों में स्थापित बू-मॉडल (बिल्ड-ओन ऑपरेट) के तहत संचालित आईसीटी लैब बंद करने करने का निर्देश दिया है। फरमान के बाद यहां कार्यरत सभी कर्मी पूरी तरह बेरोजगार हो जाएंगे। इन कर्मचारियों को 8 माह से वेतन तक नसीब नहीं हुआ है और फिर से बेरोजगारी का दंश झेलने के लिए छोड़ दिया गया है। इसको लेकर सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी को 31 जनवरी 2025 तक हर हाल में पूरी तरह आईसीटी लैब बंद करने का पत्र भेजा गया है। हालांकि, बंद करने का कोई स्पष्ट कारण नहीं बताया गया है। मुंगेर जिले सहित सूबे में दर्जनों प्राइवेट एजेंसियों के माध्यम से एक साल पूर्व आईसीटी लैब की स्थापना की गयी थी।

## संक्षिप्त समाचार

### लंबित कार्यों का डायरी मेंटेंन अधिकारी करेंगेः जिलाधिकारी

**भागलपुर।** लंबित कार्यों को लेकर जिलाधिकारी ने विभागों को डायरी मेंटेंन कराने के लिए कहा है। जिसमें लंबित कार्यों का अपडेट और होने वाली बैठक के निर्देश को लिखा जाएगा। डीएम ने कहा कि कार्यालय प्रधान को काम का विश्लेषण करने और एक प्लान बनाकर शाम चार बजे तक नोट किया जाए। जिससे अगले दिन जो काम करना है उसे याद रखने और पूरा करने में आसानी होगी। लंबित पत्रों की सूची बनाकर उनकी जांच और समीक्षा करने से आसानी होगी। कर्मचारियों को काम को समय सीमा में करने में डायरी सहायता करेगी। जिस भी विभाग की बैठक होती है, उसमें मिलने वाले निर्देशों के प्वाइंट बनाकर लिखने से काम करने में आसानी होती है। विभागों के बीच में समन्वय होने से काम में आसानी होती है और कार्यालय प्रधान को व्यक्तिगत रुचि लेकर काम को पूरा कराएंगे। विभागों में लंबित कार्यों को लेकर जिलाधिकारी डॉ नवल किशोर चौधरी ने अधिकारियों के संग बैठक की। बैठक में उप विकास आयुक्त प्रदीप कुमार सिंह, अपर समाहर्ता सह जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी सुनील रंजन व वरीय उप समाहर्ता मिथिलेश कुमार आदि रहे।

### नल-जल योजना के लिए सालभर में जमीन नहीं खोज सके सीओ

**भागलपुर।** मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना से जिले में उन वार्डों में नल-जल का काम शुरू होना था, जहां बांकी रह गया है। सालभर पहले इसके लिए सभी सीओ को निर्देश मिला था कि वे अपने-अपने क्षेत्र में जमीन चिह्नित करें। अबतक कई प्रखंडों में जमीन चिह्नित करने का काम पूरा नहीं हो पाया है। ऐसे में नल-जल योजना अधूरी है। हालांकि पूर्वी क्षेत्र के जिस प्रखंड में जमीन चिह्नित कर पीएचईडी के कार्यपालक अभियंता को रिपोर्ट सौंपी गई, वहां भी अब तक काम शुरू नहीं हो पाया है। पीएचईडी के पश्चिमी क्षेत्र में कुल 80 वार्डों में नए सिरे से काम होना है। सीओ ने 37 वार्डों में जमीन चिह्नित कर रिपोर्ट सौंपी है। अन्य वार्डों में तलाश चल रही है। पीएचईडी पश्चिमी क्षेत्र के कार्यपालक अभियंता राहुल कुमार ने बताया कि जिस पंचायत के टोला में अब तक नल-जल योजना का काम नहीं हुआ है। वैसे टोला में काम होगा। 80 वार्डों में काम होना है। अब तक सीओ स्तर से 37 वार्डों में जगह चिह्नित कर रिपोर्ट प्राप्त हुई है। पीएचईडी पूर्वी क्षेत्र के कार्यपालक अभियंता सुनील कुमार सुमन ने बताया कि कुल 249 वार्डों में नए सिरे से नल-जल योजना का काम होना है। अब तक 94 वार्डों में जमीन की रिपोर्ट मिली है। शेष में तलाश सीओ कर रहे हैं।

### पंप की गहराई की अपूर्ण मापी पर डीईओ को शोकॉज

**भागलपुर।** सरकार के अपर सचिव और निदेशक प्रशासन सुबोध कुमार चौधरी ने भागलपुर के डीईओ सहित 11 डीईओ से स्कूलों में जलापूर्ति से जुड़े पंप की गहराई की अधूरी माप पर शोकॉज किया है। पूर्वी चांपरण, जहानाबाद, भोजपुर, लखीसराय, जमुई, वैशाली, दरभंगा, गया, खगड़िया और शेखपुरा के डीईओ को भी शोकॉज किया गया है। डीईओ को तीन दिनों में शोकॉज का जवाब और पंप की गहराई की रिपोर्ट मापी पुस्तिका के अनुसार उपलब्ध कराने को कहा गया है। स्कूलों में सबमर्सिबल पंप और बोरिंग की पीएचईडी ने जांच कर रिपोर्ट दी थी। गड़बड़ी मिलने पर पूर्व में शोकॉज कर जवाब और पूरी रिपोर्ट मांगी गई थी।

## 14 दिसंबर से शुरू होगी पाइप से रसोई गैस की सप्लाई, उद्घाटन संग्रहालय सभागार में

निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर व जमालपुर वासियों की सपना अब पूर्ण होने वाला है। मेट्रो सिटी की तर्ज पर शहरवासियों को 14 दिसंबर से घरों में पाइप से घरेलू पीएनजी गैस पहुंचाया जाएगा। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन के ज्योग्राफिकल एरिया इंचार्ज विकास कुमार तोला ने बताया कि फेज-वन में 14 दिसंबर से घरों में पीएनजी रसोई गैस की आपूर्ति शुरू हो जाएगी। इसके लिए 14 दिसंबर को मुंगेर संग्रहालय में जिले के आला पदाधिकारी की उपस्थिति में उद्घाटन समारोह आयोजित किया जाएगा।

मालूम हो कि फेज-1 के तहत मुंगेर व जमालपुर शहरवासी के घरों में पीएनजी आपूर्ति चालू करने का लक्ष्य है, उसमें मुंगेर के हवाई अड्डा, चुआबाग, शास्त्री नगर, कासिम बाजार आदि मोहल्ले में करीब 2000 घरों में पीएनजी मीटर इंस्टॉल किया गया है। वहीं जमालपुर शहर के रामपुर, छोटी दौलतपुर आदि इलाके के करीब 2000 घरों में पीएनजी मीटर इंस्टॉल किया गया है। मुंगेर व जमालपुर शहर मिलाकर कुल 350 किलोमीटर मुख्य सड़कों व गलियों में पीएनजी गैस पाइपलाइन बिछायी जानी है। गौरतलब है कि गेल कंपनी की हाथीदाह प्लांट से मुंगेर व जमालपुर शहर को पीएनजी गैस की आपूर्ति की जानी है।

पीएनजी गैस से नहीं होता प्रदूषण कंपनी के ज्योग्राफिकल एरिया इंचार्ज विकास कुमार तोला ने बताया कि सिलेंडर में जो गैस प्रयोग किया जाता है, वह एलपीजी गैस होता है, जो ज्वलनशील होता है और एयर यानी हवा से भारी होता है। वहीं घर-घर पाइप के द्वारा दिए जाना वाला पीएनजी गैस एयर यानी हवा से हल्का होता है। इतना ही नहीं पीएनजी नेचुरल गैस है, जिसमें प्रदूषण नहीं होता है।

## ट्रिपल आईटी के विद्यार्थी ने 1.25 प्रति माह के स्टाइपेंड से पूरी की इंटर्नशिप

**भागलपुर।** ट्रिपल आईटी भागलपुर की छात्रा अनुकृति विंध्याचल ने माइक्रोसॉफ्ट आर एंड डी के दो माह के ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप पूरा कर लिया। अनुकृति ने यह इंटर्नशिप 1.25 लाख प्रति माह के स्टाइपेंड के तहत पूरा किया। संस्थान के पीआरओ डॉ. धीरज सिन्हा ने बताया कि छात्र अंकुर द्विवेदी ने सीआईएससीओ और प्रतीक्षा प्रज्ञा ने भी गूगल एसटीईएम की इंटर्नशिप पूरी की है।

### पूर्व रेलवे

**ई–नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन–713301 द्वारा अनुबंध प्रदान करने हेतु आईआरईपीएस पोर्टल के जरिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से खुली ई–नीलामी आमंत्रित की जाती है। इसका विवरण इस प्रकार है: **नीलामी की किस्मः** पार्किंग। **ई–नीलामी कैटलॉग सं.: एसएन–पार्क 16–2612, स्टेशनों/स्थानों के नाम: (1)** रानीगंज रेलवे स्टेशन के दक्षिण भाग की ओर टू (02)–व्हीलर्स पार्किंग। **(2)** वारिया रेलवे स्टेशन में टू (02)–व्हीलर्स पार्किंग। **(3)** पानागढ़ रेलवे स्टेशन के दक्षिण भाग में टू (02), थ्री (03) और फोर (04)–व्हीलर्स पार्किंग। **(4)** दुबराजपुर रेलवे स्टेशन में जीआरपी कार्यालय के पास टू (02), थ्री (03) और फोर (04)–व्हीलर्स पार्किंग। **ई–नीलामी शुरू होने की तिथि:** दिनांक 26.12.2024 को 12.00 बजे। सभी प्रत्याशित बोलीदाताओं को दी गई सूची के अनुसार उक्त ई–नीलामी के संपूर्ण विवरण एवं भाग लेने के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखने की सलाह दी जाती है।

ASN-268/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## 59 जगहों पर वेंडिंग जोन बनाने का निर्णय मात्र 3 स्थानों पर 59 दुकानें ही बनाईं गईं

**भागलपुर।** स्मार्ट सिटी फंड से तीन वर्ष पूर्व साढ़े चार करोड़ की लागत से शहर में 59 जगहों पर स्ट्रीट वेंडिंग जोन बनाने का निर्णय हुआ। इससे 3300 से ज्यादा लोगों को रोजगार देने पर सहमति बनी। वहीं सिर्फ तीन जगह ही 59 दुकानों का निर्माण हुआ, वहां भी व्यवस्थित तरीके से दुकानें नहीं लग रहीं। इस बीच अब शहर के वेंडरों की संख्या पांच हजार हो गई है। इन सभी के पास नगर निगम से जारी पहचान पत्र भी है, लेकिन अतिक्रमण हटाओ अभियान में उन्हें हटा दिया और अब थाने में केस भी दर्ज हो रहा है। इससे वेंडरों में आक्रोश है, वे लोग दूसरा विकल्प तलाशने लगे हैं। टाउन वेंडिंग कमेटी की भी वर्ष 2021 के बाद से नगर निगम में बैठक नहीं हुई है। इस वजह से निगम और वेंडरों के बीच बातचीत नहीं हो रही। उन्हें किस तरह की परेशानी है उस पर बात नहीं हो पा रही। फुटकर संघ के अध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि हमारे पांच हजार लोगों के पास निगम का दिया हुआ लाइसेंस है।

### झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गढ़वा

**इच्छा की अभिव्यक्ति**

गढ़वा जिला अंतर्गत झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय, केतार में विभिन्न प्रकार के उपस्कर एवं अन्यान्य आवश्यक सामग्रियों के लिए दर निर्धारण हेतु इच्छुक संस्थान / फर्म / एजेंसी से विहित प्रपत्र में सीलबंद इच्छा की अभिव्यक्ति आमंत्रित की जाती है।

इच्छुक संस्थान / फर्म / एजेंसी दिनांक–26.12.2024 की अपराह्न 05:00 बजे तक विहित प्रपत्र में इच्छा की अभिव्यक्ति झारखण्ड शिक्षा परियोजना कार्यालय गढ़वा, "विकास भवन–बी0 समाहरणालय परिसर (पुराना भवन), प्रथम तल, पिन कोड– 822114" में समर्पित कर सकते हैं। इससे संबंधित विस्तृत निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गढ़वा।

PR.NO.341834 Human Resource Developement(24-25):D

### बाइक से बारात जा रहा था छात्र, फिसल कर गिरा, मौत

**भागलपुर।** बाइक से साथी को लेकर बारात जा रहा इंटर का छात्र दुर्घटना का शिकार हो गया। गंभीर हालत में जख्मी होने पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जबकि उसके साथी का इलाज जारी है। यह हादसा मंगलवार की देर रात की है। मृतक छात्र नीतीश कुमार सुल्तानगंज के वार्ड नंबर पांच निवासी नाटु मंडल का छोटा बेटा था। मामले में बुधवार को परिजनों ने बरारी पुलिस कैंप में घटना के बारे में फर्द बयान दर्ज कराया है। जिसके बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया। मृतक छात्र के बाई जितेन्द्र ने बताया कि मंगलवार को मेरे पड़ोसी की शादी थी। देर शाम को नीतीश कुमार अपने साथी पिंटू को लेकर बाइक से बारात जाने के लिए निकला। उनलोगों को सजौर स्थित अमखुरिया बारात में जाना था। लेकिन राधानगर और दासनगर के बीच बाइक फिसल कर गिरने से नीतीश और पिंटू जख्मी हो गया। स्थानीय लोगों से जानकारी मिलने पर मैं घटनास्थल पर पहुंचा। जहां गंभीर रुप से जख्मी दोनों को प्राथमिक इलाज के बाद मायागंज रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान नीतीश की मौत हो गई।

### शिक्षकों की प्रोन्नति सहित सांगठनिक मुद्दे पर विचार विमर्श

**मुंगेर।** मुंगेर यूनिवर्सिटी टीचर्स एसोसिएशन(मुगुटा) के कार्यकारिणी की बैठक 15 दिसंबर को होगी। हालांकि स्थान का निर्धारण नहीं किया गया है। मगर मुख्यालय के किसी कॉलेज में ही कार्यकारिणी के सदस्यों की बैठक होगी। बैठक में शिक्षक संघ के बड़े नेता के शामिल होने की संभावना है। जिसकी तैयारी चल रही है। दिसंबर के मध्य में आयोजित कार्यकारिणी बैठक में वैसे तो कई मुद्दों पर विचार विमर्श होगा। मगर अहर्ताधारी प्राध्यापकों की प्रोन्नति सहित नए प्राध्यापकों का वेतन निर्धारण, सीनेट चुनाव सहित सांगठनिक मुद्दों पर चर्चा होने का संकेत दिया गया है। इस संबंध में मुगुटा के महासचिव डॉ. हरिश्चंद्र शाही ने बताया कि प्राध्यापकों की विविध समस्याओं के निष्पादन में विवि प्रशासन उदासीन है। अहर्ताधारी प्राध्यापकों की प्रोन्नति लंबित है।

### पूर्व रेलवे

**खुली निविदा सूचना सं.: 55–एसडीएसटीई–एएसएन–2024–25, दिनांक 11.12.2024,** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन–713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम/स्थानः** आसनसोल मंडल–निम्नलिखित के सिलसिले में टेलीकम कार्य–(1) अप सिक लाइन एवं बीओएक्सएन डिपो में बुनियादी ढांचे का विस्तार और (2) अप सिक लाइन एवं बीओएक्सएन डिपो में बुनियादी ढांचे के विस्तार के सिलसिले में पीए सिस्टम का प्रावधान। **निविदा मूल्यः** रु. 49,30,649.86, **बयाना राशिः** रु. 98,600/-, **कार्य की समापन अवधिः** एलओए जारी करने की तिथि से 90 दिन। **निविदा बंद होने की तिथि और समयः** 06.01.2025 को 15.00 बजे। **वेबसाइट का विवरणः http://www.ireps.gov.in/**

ASN-263/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइटः www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

### पूर्व मध्य रेल

**ई—निविदा सूचना**

**भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।**

**क्रम सं: (1), कार्य का नाम एवं स्थान:** "निकटतम (i) जीएसएस धनबाद (डीवीसी) से टीएसएस मटारी, (ii) जीएसएस कोडरमा (डीवीसी) से टीएसएस हज़ारीबाग़ रोड (iii) जीएसएस कोडरमा (डीवीसी) से टीएसएस कोडरमा डेटोर तक 3 चरण डबल सर्किट 132 के वी ट्रांसमिशन लाइन के लिए सर्वेक्षण करना। आरंभिक अंत / टीएसएस (iv) जीएसएस वजीरगंज (बीएसपीटीसीएल) से टीएसएस गुरपा–पहाड़पुर/ टीएसएस और (v) जीएसएस रफीगंज (बीएसपीटीसीएल) टीएसएस इस्माइलपुरा के साथ–साथ सोननगर– प्रधानखंता खंड में मल्टीट्रैकिंग कार्य के संबंध में पटना महेंद्रूघाट पूर्व मध्य रेलवे के निर्माणाधीन भू–तकनीकी मिट्टी की जांच के लिए के सम्बध में। निविदा संख्याः **EL/C/S/MHX/ETEN/18/24-25** **(2) अनुमानित कार्य की लागत :** रू. 2,97,77,994.64/– **(3) जमा किए जाने वाले वयाना राशि एवं निविदा प्रपत्र का मूल्य :** NIT के अनुसार एवं रू शून्य **(4) कार्य पूर्ण करने का समय :** 03 माह **(5) निविदा बंद होने का तिथि एवं समय :** 27.12.2024 दोपहर 12.00 बजे तक **(6) वेबसाइट विवरण, नोटिस बोर्ड का स्थान जहां निविदा की पूर्ण जानकारी देखा जा सकता है तथा कार्यालय का पता जहाँ से निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है :** आई.आर.इ.पी.एस बेवसाईट पर, **www.ireps.gov.in** पर निविदा डाउन लोड किया जा सकता है एवं सीईई/ कॉन महेन्द्रूघाट, कार्यालय सीएओ/कॉन ईसीआर ऑफिस परिषर, पटना 800004 में निविदा पट पर देखा जा सकता है। हिन्दी एवं अंग्रेजी की सूचना में किसी प्रकार की भिन्नता पाये जाने पर अंग्रेजी में प्रकाशित सूचना को सही माना जायेगा।

**उप मुख्य विद्युत अभियंता/निर्माण/ साउथ /महेंद्रूघाट/पटना**
पीआर / 1679 / सीओएनएस / ईएलईसी / टी / 24-25 / 40

### कार्यालय नगर पंचायत हरिहरगंज(पलामू)

Email id:-np.hariharganj@gmail.com

पत्रांकः– 760, दिनांकः– 12.12.2024

—: आम सूचना :—

हरिहरगंज नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत वितीय वर्ष 2021—22 से 2023—24 तक का होल्डिंग टैक्स बकायेदारो का भुगतान हेतु अंतिम स्मार पत्र प्रेषित किया गया था, परन्तु अब तक बकाया राशि का भुगतान होल्डिंग टैक्स धारको के द्वारा जमा नही किया गया है जिसकी सूचि की विवरणी निम्नवत हैः—

| Sl No | Holding No | Owner Name | Gurdian Name | Ward No | Proprerty Address |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 0040000206000X1 | KRISHNA PRASAD | MAKHANLAL | 4 | satgawan main road khushi re |
| 2 | 0040000073000A1 | JIWAN PRASAD JAISWAL | LATE JAGDISH PRASAD JAISWAL | 4 | satgawan hariharganj |
| 3 | 0040000216000X4 | ramswaroop prasad | LATE CHANDRIKA RAM | 4 | cinemahall road |
| 4 | 0040000082000A1 | MANOJ KUMAR | LATE RAMLAGAN PRASAD | 4 | Piparghat, harihargang |
| 5 | 0040000206000X1 | krishna prasad | makhanlal | 4 | satgawan main road khushi restu |
| 6 | 0040000073000A1 | JIWAN PRASAD JAISWAL | LATE JAGDISH PRASAD JAISWAL | 4 | satgawan hariharganj |
| 7 | 0040000216000X4 | ramswaroop prasad | LATE CHANDRIKA RAM | 4 | cinemahall road |
| 8 | 0040000205000A1 | Arun prasad others | l ate jainandan prasad | 4 | satgawan piparghat road |
| 9 | 0040000082000A1 | MANOJ KUMAR | LATE RAMLAGAN PRASAD | 4 | Piparghat, harihargang |
| 10 | 0040000235000A1 | santosh prasad jaiswal | Late jagdish prasad jaiswal | 4 | satgwan hariharganj |
| 11 | 0050000159000A1 | Dharmashila Devi | | 5 | Dakbangala |
| 12 | 0050000076000A1 | udit singh, dharmendra singh | | 5 | satgawan |
| 13 | 0050000159000A1 | Dharmashila Devi | RAJRNDRA PATHAK | 5 | Dakbangala |
| 14 | 0050000076000A1 | udit singh, dharmendra singh | AVADHESH SINGH | 5 | satgawan |
| 15 | 0060000233000X1 | Parwati devi | | 6 | Hariharganj main road |
| 16 | 0060000329000A1 | prem kumar singh | late sukhdev kahar | 6 | satgawan hariharganj |
| 17 | 0060000233000X1 | Parwati devi | HARI PRASAD GUPTA | 6 | Hariharganj main road |
| 18 | 0060000036000X1 | Arun prasad others | l ate jainandan prasad | 6 | satgawan old bus stand |
| 19 | 0060000329000A1 | prem kumar singh | late sukhdev kahar | 6 | satgawan hariharganj |
| 20 | 0070000108000X1 | akhouri maheshwari charan | late A Durga charan | 7 | satgawan alias hariharganj |
| 21 | 0070000008000M0 | NANDKISHOR PRASAD | LAKSHMI SAV | 7 | HARIHARGANJ SATAGAWA PA |
| 22 | 0070000236000X4 | rama shankar prasad jayswal | ram kewal prasad | 7 | baidhbigha more main road |
| 23 | 0070000236000X4 | rama shankar prasad jayswal | ram kewal prasad | 7 | baidhbigha more main road |
| 24 | 0070000008000M0 | NANDKISHOR PRASAD | LAKSHMI SAV | 7 | HARIHARGANJ SATAGAWA PALA |
| 25 | 0080000189000A1 | Abdul qayum | LT AHAMAD ALI | 8 | Hariharganj |
| 26 | 0080000081000X4 | ramadhar prasad jayswal | | 8 | new bus stand |
| 27 | 0080000210000A1 | krishna prasad | makhanlal | 8 | satgawan jhanda chowk |
| 28 | 0080000189000A1 | Abdul qayum | LT AHAMAD ALI | 8 | Hariharganj |
| 29 | 0080000210000A1 | krishna prasad | makhanlal | 8 | satgawan jhanda chowk |
| 30 | 0090000219000M0 | Lilawati Devi | LATE BANKE BIHARI JAYSWALL | 9 | Araruakhurd |
| 31 | 0090000384000A1 | gunjan raj | LATE ABHAY KUMAR SINGN | 9 | gurukripa school |
| 32 | 0090000462000X1 | Arun prasad others | l ate jainandan prasad | 9 | satgawan nrw bus stand |
| 33 | 0110000307000A1 | basmati devi | late uday narayan singh | 11 | araruakala |
| 34 | 0110000307000A1 | basmati devi | l ate uday narayan singh | 11 | araruakala |
| 35 | 0130000149000A4 | Abdul Razak | MD NOOR MOHAMMAD | 13 | Belodar, hariharganj |
| 36 | 0130000149000A4 | Abdul Razak | MD NOOR MOHAMMAD | 13 | Belodar, hariharganj |
| 37 | 0140000182000F1 | sanjay kumar | gupteshwar saw | 14 | bhagat tendua |
| 38 | 0140000367000F1 | SURESH KUMAR | GUPTESHWAR SAW | 14 | bhagat tendua main road |
| 39 | 0150000107000F1 | shree keshwar prasad gupta | lt ram ratan saw | 15 | araruakhurd |
| 40 | 0150000107000F1 | shree keshwar prasad gupta | lt ram ratan saw | 15 | araruakhurd |

अतः उपरोक्त होल्डिंग बकायादारो को इस आम सूचना के माध्यम से अंतिम मौका देते हुए निदेश दिया जाता है कि आम सूचना प्रकाशन के दो दिनों के अंदर होल्डिंग टैक्स का बकाया राशि का भुगतान ससमय करना सुनिचिश्ति करेंगे अन्यथा झारखण्ड नगरपालिका अधिनियिम 2011 की धारा के सुसंगत धाराओं के तहत संबंधित होल्डिंग टैक्स बकायादारो का बैंक खाता को **FREEZE** कर दिया जायेगा।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत हरिहरगंज।

PR 341850 District(24-25)D

### पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा

**आवश्यक सूचना**
(बरामद अज्ञात महिला के शव का फोटो)



दिनांक–07.12.2024 को गढ़वा थाना अंतर्गत ग्राम–सिदेकला रेलवे लाईन पोल नं0–4/7 एवं 9/7 के बीच एक अज्ञात महिला(उम्र–करीब 20 वर्ष) का शव जिसका सर एवं धड़ अलग कटा हुआ बरामद हुआ है। इस संबंध में गढ़वा थाना यू0डी0 कांड सं0–51/24, दिनांक–07.12. 2024 दर्ज किया गया है। उक्त अज्ञात महिला के शव का पहचान अबतक नहीं हो पाया है।

अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त बरामद अज्ञात महिला के शव का पहचान किसी व्यक्ति को हो तो कृपया पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0–9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।
हुलिया :–लंबाई–05 फीट करीब, उम्र–करीब–20 वर्ष, रंग–गोरा, ऑख–खुला हुआ सामान्य, बाल–काला एवं लम्बा, पहनावा– काला जैकेट, लाल रंग की कुर्ती, सफेद रंग का प्लाजो पैजामा, नीला रंग का छिटदार साल, दोनों पैर में बिछिया एवं पायल दोनों हांथ में कड़ा एवं नाक में पीला रंग का नथिया।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा

PR 341825 (Police)24-25*D

### OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
### Road Construction Department, Road Division, Daltonganj.

**e-Procurement Notice**

**e-Tender Ref No.-11/RCD/Daltonganj/2024-25/ 1151 Dated:-11.12.2024**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of Work | IRQP Work of Chiyanki-Rajwadih ByPass (Total Length - 6.00 Km.) Road for the year 2024-25. |
| 2. | Estimated Cost | Rs. 4,81,09,700.00 (Rupees Four Crore Eighty One Lacs Nine Thousand Seven Hundred) Only. |
| 3. | Bid Security (Amount) | Rs. 4,81,100.00 (Rupees Four Lacs Eighty One Thousand One Hundred) Only. |
| 4. | Time of Completion | 04 Months |
| 5. | Date of Publication of Tender on Website | 24.12.2024, 10:30 AM |
| 6. | Last Date/Time of Online Bid Submission | 15.01.2025, 12:00 Noon |
| 7. | Date and Time of Bid opening | 17.01.2025, 12.30 PM |
| 8. | Bid (Tender Fee & EMD) Submission Address | Cost of bidding document (for a non refundable fee) & Bid security as indicated shall be payable online through http://jharkhandtenders.gov.in |
| 9. | Name & address of officer Inviting tender | Executive Engineer, R.C.D., Road Division, Daltonganj. 06562–225019 |
| 10. | E-mail Id | eercdmedini-jhr@nic.in |
| 11. | Helpline number of e Procurement cell | 0651-2401010 |

**Note : Estimated amount may vary.**
For further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in.

Executive Engineer
Road Construction Department
Road Division, Daltonganj

PR.NO.341846 Road(24-25):D

# सीएम के आगमन को लेकर डीसी और एसपी ने बासुकीनाथ में तैयारियों का लिया जायजा

- प्रशासनिक तैयारी और दिशा-निर्देश
- मुख्यमंत्री का दौरा और कार्यक्रम
- सुरक्षा और अन्य इंतजाम
- संभावित कार्यक्रम और श्रद्धालुओं की उपस्थिति



निज संवाददाता | जरमुंडी (दुमका)

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कल, शुक्रवार को बासुकीनाथ धाम पहुंचेंगे, जहां वे फौजदारी दरबार में हाजरी लगाएंगे और पूजा अर्चना करेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन से पूर्व, दुमका के उपायुक्त ए दोड्डे और पुलिस अधीक्षक पीतांबर सिंह खेरवार ने अन्य अधिकारियों के साथ बासुकीनाथ धाम पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। मुख्यमंत्री का बासुकीनाथ धाम आगमन धार्मिक और प्रशासनिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण माना जा रहा है, और इस मौके पर प्रशासन ने सुरक्षा, साफ-सफाई और अन्य आवश्यक इंतजामों को लेकर व्यापक तैयारियां की हैं। दुमका के उपायुक्त ए दोड्डे ने इस मौके पर मंदिर परिसर की साफ-सफाई और विधि व्यवस्था को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सुनिश्चित किया कि मंदिर परिसर में शांति बनी रहे और किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। साथ ही, सुरक्षा व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान दिया गया है ताकि श्रद्धालुओं और मुख्यमंत्री की यात्रा में कोई रुकावट न हो। बैठक में अधिकारियों ने बासुकीनाथ धाम में विभिन्न स्थानों पर सुरक्षा चौकियों की स्थापना, यातायात व्यवस्था और भक्तों की सुगम आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए योजनाएं बनाई। सुरक्षा बलों की तैनाती और प्रशासनिक सहयोग के माध्यम से मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर सभी आवश्यक उपायों पर चर्चा की गई। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन देवघर स्थित बाबाधाम मंदिर में पूजा अर्चना करने के बाद हेलीकॉप्टर से बासुकीनाथ धाम पहुंचेंगे।

उनका हेलीकॉप्टर सरडीहा स्थित हेलीपैड पर दोपहर 1:30 बजे के आसपास उतरने की संभावना है। इसके बाद मुख्यमंत्री बासुकीनाथ धाम स्थित कामना ज्योतिर्लिंग में पूजा अर्चना करेंगे, जहां उन्हें श्रद्धालुओं द्वारा विशेष सम्मान और आशीर्वाद मिलेगा। पूजा अर्चना के बाद मुख्यमंत्री हेलीकॉप्टर से साहेबगंज रवाना होंगे। मुख्यमंत्री के साथ उनकी विधायक पत्नी कल्पना सोरेन के भी बासुकीनाथ धाम आने की संभावना है, और प्रशासन ने इस संबंध में भी विशेष तैयारियां की हैं। मुख्यमंत्री की यात्रा को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सजग है। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बलों की तैनाती, मार्ग पर यातायात व्यवस्था, हेलीकॉप्टर के उतरने से लेकर पूजा स्थल तक की सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। इसके अलावा, बासुकीनाथ धाम और उसके आसपास के क्षेत्र में हर संभव सुविधा को सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। मुख्यमंत्री के आगमन के मद्देनजर, स्वास्थ्य सेवाओं, साफ-सफाई, और पानी की उपलब्धता जैसी आवश्यक व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित की जा रही हैं। साथ ही, श्रद्धालुओं के लिए विशेष शौचालय व्यवस्था, पेयजल, और आकस्मिक उपचार की सेवाओं की योजना बनाई गई है। मुख्यमंत्री के बासुकीनाथ धाम पहुंचने पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के मंदिर दर्शन के लिए आने की संभावना है, खासकर शनिवार को। ऐसे में प्रशासन ने सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए व्यापक उपाय किए हैं। पार्किंग व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण, और दर्शन का समय तय करने की दिशा में भी काम किया जा रहा है, ताकि किसी भी श्रद्धालु को असुविधा का सामना न करना पड़े। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का बासुकीनाथ धाम दौरा राज्य की धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर को सम्मान देने के साथ-साथ लोक कल्याणकारी योजनाओं के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को भी दिखाता है। इस विशेष अवसर पर, प्रशासन ने पूरी तरह से सजग होकर सुरक्षा, साफ-सफाई, यातायात व्यवस्था, और अन्य जरूरी इंतजामों को सुनिश्चित किया है। मुख्यमंत्री का यह दौरा न केवल श्रद्धालुओं के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है, बल्कि प्रशासन के लिए भी एक चुनौती है, जिसे वे पूरी मुस्तैदी से निपटने के लिए तैयार हैं।

# अस्पताल प्रबंधन व अनुरक्षण योजना की स्वीकृति को लेकर आयुक्त ने की बैठक



निज संवाददाता | दुमका

संथाल परगना प्रमंडल के प्रमंडलीय आयुक्त लालचन्द डाडेल की अध्यक्षता में बुधवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखंड, रांची के नियंत्रणाधीन फुलो-झानो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, दुमका के भवनों के नियमित एवं आवधिक रख-रखाव, संचालन, प्रबंधन तथा मरम्मत के विषय पर चर्चा की गई। बैठक का उद्देश्य 'मुख्यमंत्री चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल प्रबंधन तथा अनुरक्षण योजना' की स्वीकृति को लेकर उठाए गए कदमों पर विचार करना था। बैठक में फुलो-झानो मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य और अस्पताल के अधीक्षक ने महाविद्यालय और अस्पताल के संचालन और रख-रखाव से संबंधित योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। विशेष रूप से, महाविद्यालय और अस्पताल के भवनों के अनुरक्षण के लिए कुल 20 योजनाओं की कार्य सूची उपलब्ध कराई गई। इन योजनाओं के लिए एक एकीकृत राशि के रूप में 5 करोड़ रुपये का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है, जिसका उपयोग भवनों की मरम्मत, रख-रखाव और अन्य आवश्यक कार्यों के लिए किया जाएगा।

बैठक के दौरान यह भी बताया गया कि इन योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए एक विस्तृत कार्य-योजना तैयार की गई है, जिससे महाविद्यालय एवं अस्पताल की सुविधाओं में सुधार होगा और मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा सकेंगी। इसके अलावा, अस्पताल में आवश्यक उपकरणों की मरम्मत और नए उपकरणों की खरीदी के संबंध में भी विचार विमर्श हुआ। आयुक्त लालचन्द डाडेल ने इस योजना की स्वीकृति पर जोर देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल प्रबंधन व अनुरक्षण योजना की सफलता से दुमका और आसपास के इलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार होगा और लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मिलेंगी। बैठक में शामिल अधिकारियों ने योजना के कार्यान्वयन की दिशा में आवश्यक कदम उठाने की पुष्टि की और कहा कि जल्द ही कार्य शुरू कर दिया जाएगा। इस योजना के तहत अस्पताल की वर्तमान संरचना को मजबूती मिल सकेगी, जिससे मरीजों के इलाज में कोई कमी न आए। इस बैठक से यह साफ हो गया कि सरकार स्वास्थ्य के क्षेत्र में सुधार के लिए गंभीर है और दुमका के फुलो-झानो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की स्थिति को और बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# स्वामी विवेकानंद क्रिकेट क्लब ने स्पार्टेन इलेवन क्रिकेट क्लब को 12 रन से हराया

निज संवाददाता | गोड्डा




जिला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में गांधी मैदान में आयोजित ए डिविजन क्रिकेट लीग के तहत गुरुवार को एक रोमांचक मुकाबला खेला गया, जिसमें स्वामी विवेकानंद क्रिकेट क्लब ने स्पार्टेन इलेवन क्रिकेट क्लब को 12 रन से हराया। इस मैच में दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन अंत में स्वामी विवेकानंद क्रिकेट क्लब की टीम ने बढ़त बनाए रखते हुए मैच को जीत लिया।मैच में पहले बल्लेबाजी करने उतरी स्वामी विवेकानंद क्रिकेट क्लब की टीम ने निर्धारित 35 ओवर में सभी विकेट खोकर 133 रन का स्कोर खड़ा किया। टीम के लिए पलक ने 39 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली, जबकि अजय कुमार ने भी 25 रन का योगदान दिया। इसके अलावा, टीम के अन्य बल्लेबाजों को बड़ा स्कोर बनाने में सफलता नहीं मिल पाई, लेकिन पलक और अजय कुमार के बीच साझेदारी ने टीम को एक सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। स्वामी विवेकानंद क्रिकेट क्लब की बल्लेबाजी में न तो कोई बड़ी साझेदारी बन पाई, लेकिन छोटी-छोटी पारियों ने टीम को 133 के कुल स्कोर तक पहुंचाया। गेंदबाजी के मोर्चे पर अजीत रंजन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 3 विकेट झटके, जबकि मनीष कुमार ने भी महत्वपूर्ण 2 विकेट प्राप्त किए, जिससे टीम को विपक्षी टीम को कम स्कोर पर रोकने में मदद मिली। स्पार्टेन इलेवन क्रिकेट क्लब को 134 रन का लक्ष्य मिला था, जो वे हासिल करने में सफल नहीं हो पाए। टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और वे 31.5 ओवर में 121 रन पर ही ऑल आउट हो गए। छोटू कुमार ने 21 रन और अजीत रंजन ने 19 रन की पारी खेली, लेकिन उनकी टीम को जीत दिलाने के लिए यह पर्याप्त नहीं था। स्वामी विवेकानंद क्रिकेट क्लब के गेंदबाजों ने अपनी कसी हुई गेंदबाजी से विपक्षी टीम को मैच में पूरी तरह से दबाव में डाल दिया।

## फुटबॉल मैदान में लगा ट्रांसफार्मर चोरी

**रानीश्वर (दुमका) (नि.सं.)।** टोंगरा थाना क्षेत्र के बिलकांदी गांव में स्थित फुटबॉल मैदान में लगे एक दस केवी के ट्रांसफार्मर की चोरी की घटना ने गांववासियों को हैरान कर दिया है। बुधवार की देर रात अज्ञात चोरों ने ट्रांसफार्मर से तांबे के क्वायल को चोरी कर लिया, जिससे क्षेत्र में बिजली आपूर्ति पूरी तरह से बाधित हो गई है। यह ट्रांसफार्मर मुख्य रूप से गांव के तीस उपभोक्ताओं को बिजली की आपूर्ति करता था। गांव के निवासी रुद्रनाथ गोराई ने बताया कि ट्रांसफार्मर को पोल पर वेल्डिंग करके मजबूती से फिट किया गया था, ताकि इसे चुराना या नुकसान पहुंचाना कठिन हो। लेकिन फिर भी चोरों ने किसी तरह इसे निशाना बनाया और तांबे का क्वायल चोरी कर लिया। रुद्रनाथ ने कहा कि ट्रांसफार्मर की चोरी से ना केवल ग्रामीणों को बिजली की समस्या का सामना करना पड़ रहा है, बल्कि यह बच्चों की पढ़ाई और घरों के दैनिक कार्यों में भी गंभीर रूप से व्यवधान डाल रहा है।

# विशेष मध्यस्थता शिविर का समापन होगा आज

- शिविर में योगदान देने वाले मध्यस्थ
- मध्यस्थता अभियान का महत्व

निज संवाददाता | गोड्डा



परिवार न्यायालय परिसर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से आयोजित पांच दिवसीय विशेष मध्यस्थता अभियान का समापन शुक्रवार को हुआ। इस विशेष अभियान के अंतिम दिन उभय पक्षों की उपस्थिति में अधिक से अधिक वादों का निष्पादन करने का प्रयास किया गया। वादी-प्रतिवादी को यह आह्वान किया गया कि वे भाग लेकर अपने वादों का निपटारा करें और मध्यस्थता के लाभों का लाभ उठाएं। प्रधान जज अनिल कुमार पांडेय ने शिविर के समापन अवसर पर कहा कि यह अभियान पति-पत्नी के बीच सुलह के लिए एक बेहतरीन अवसर है और मध्यस्थता का कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने कहा कि मध्यस्थता के जरिए मामले का निष्पादन करने से न केवल वादियों को फिजूलखर्ची से बचने में मदद मिलती है, बल्कि तनाव भी समाप्त होता है, जिससे जीवन में स्थायित्व और शांति बनी रहती है। प्रधान जज ने यह भी बताया कि पांच दिवसीय इस विशेष अभियान के दौरान अब तक 17 मामलों का निष्पादन किया जा चुका है। इनमें से पहले दिन 5 मामले, दूसरे दिन 7 मामले, तीसरे दिन 1 मामला और चौथे दिन गुरुवार को 4 मामले का निष्पादन हुआ। यह विशेष मध्यस्थता अभियान 9 दिसंबर से शुरू हुआ था और 13 दिसंबर 2024 तक जारी रहेगा। इस विशेष मध्यस्थता अभियान में कई अनुभवी और कुशल मध्यस्थों ने अपनी सेवाएं दीं। इनमें प्रमुख रूप से उग्रेश झा, जितेन्द्र दुबे, नूतन तिवारी, शादिक अहमद, धर्मेन्द्र नारायण, राजकुमार घोष, रीना डे, अजय कुमार साह, दिलीप कुमार झा, प्रदीप कुमार साह, श्वांति रानी, असलम, गौरी प्रिया, अनंत नारायण दुबे, अफसर हसनैन और शादिक अहमद शामिल हैं। ये सभी मध्यस्थ मामले की सुनवाई कर विवादों का समाधान करने का कार्य कर रहे थे। मध्यस्थता, जो कि कानूनी विवादों के समाधान का एक शांतिपूर्ण और सुलझाने वाला तरीका है, इस अभियान में मुख्य रूप से परिवारिक मामलों पर ध्यान केंद्रित किया गया। विशेष रूप से पति-पत्नी के विवादों को हल करने के लिए यह एक बेहतर मंच प्रदान किया गया, ताकि उन्हें अदालतों में लम्बे समय तक चलने वाली कानूनी प्रक्रियाओं से बचाया जा सके। इस प्रकार के शिविरों के आयोजन से समाज में न्याय की त्वरित और प्रभावी उपलब्धता सुनिश्चित होती है, और विवादों का समाधान बिना किसी तनाव और अतिरिक्त खर्च के किया जा सकता है। विशेष मध्यस्थता अभियान ने यह साबित कर दिया कि पारंपरिक न्यायिक प्रक्रिया के बजाय मध्यस्थता के माध्यम से मामलों का हल करना अधिक प्रभावी और लाभकारी हो सकता है। इससे न केवल न्याय की प्रक्रिया सरल होती है, बल्कि पक्षकारों को मानसिक शांति और आर्थिक राहत भी मिलती है।

# ई-केवाइसी नहीं होने से राशन कार्डधारी परेशान, समस्या बढ़ी

निज संवाददाता | हरिहरगंज/पीपरा



राशन कार्ड धारकों के लिए अब ई-केवाइसी अनिवार्य कर दी गई है, लेकिन हरिहरगंज और पीपरा प्रखंड के हजारों राशन कार्डधारकों को इस प्रक्रिया से जूझने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कार्डधारकों का कहना है कि उनके कई परिवारों के सदस्यों का फिंगरप्रिंट सही से न लिया जा पाने के कारण ई-केवाइसी का कार्य नहीं हो पा रहा है, जिससे उनके नाम राशन कार्ड से हटने का खतरा उत्पन्न हो गया है। प्रखंड क्षेत्र में आधार सेवा केंद्रों की स्थिति भी खराब हो गई है। अधिकांश आधार केंद्र बंद हो चुके हैं, जिससे राशन कार्डधारी अपने बायोमेट्रिक (फिंगरप्रिंट) अपडेट करने के लिए परेशान हैं। परिणामस्वरूप, ई-केवाइसी प्रक्रिया पूरी नहीं हो पा रही है, और ऐसे में लोगों को राशन कार्ड से वंचित होने का डर सता रहा है। इसके अलावा, सभी डीलरों के पास ई-पॉश मशीन तो है, लेकिन नेटवर्क की समस्या के कारण सर्वर डाउन रहता है। इससे राशन कार्डधारकों का बायोमेट्रिक सत्यापन नहीं हो पा रहा है, और ई-केवाइसी की प्रक्रिया रुक गई है। इस कारण राशन कार्डधारी इस प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की प्रगति नहीं देख पा रहे हैं और उनके राशन वितरण में बाधा उत्पन्न हो रही है। राशन कार्ड के सदस्यों का नाम कटने की जानकारी मिलने के बाद कई राशन कार्डधारी इस समस्या से बचने के लिए गांवों से पलायन कर चुके हैं, जिससे स्थिति और भी गंभीर हो गई है। सैकड़ों राशन कार्डधारी अपने घर छोड़ने के लिए मजबूर हो गए हैं, ताकि वे कहीं और अपने बायोमेट्रिक अपडेट करा सकें और राशन के अधिकार से वंचित न हो जाएं।

डीलरों ने भी इस समस्या की गंभीरता को महसूस करते हुए राशन कार्डधारकों से अपील की है कि वे जल्द से जल्द ई-केवाइसी करवा लें, ताकि उनका नाम राशन कार्ड से न हटे। डीलर अवधेश राम, बीनू जायसवाल, और अशोक यादव ने कहा कि ई-केवाइसी नहीं होने पर राशन कार्ड से सदस्यों के नाम कट सकते हैं, जिससे राशन वितरण में समस्या उत्पन्न होगी। प्रखंड के लोग इस समस्या को लेकर काफी चिंतित हैं और उपायुक्त से हरिहरगंज और पीपरा प्रखंड में एक नए आधार सेवा केंद्र खोलने की मांग कर रहे हैं, ताकि लोगों के फिंगरप्रिंट कैप्चर कर ई-केवाइसी प्रक्रिया को पूरा किया जा सके। राशन कार्डधारी मालती देवी, राधा देवी, और मनोज मेहता ने कहा कि आधार सेवा केंद्र की बंदी के कारण वे अपना आधार कार्ड अपडेट नहीं करा पा रहे हैं, जिससे उनकी समस्याएं बढ़ गई हैं। उन्होंने प्रशासन से जल्द कार्रवाई की अपील की है, ताकि उनकी परेशानियां दूर हो सकें। ई-केवाइसी एक लाभुक पहचान प्रक्रिया है, जिसमें लाभुक के बायोमेट्रिक आंकड़े (फिंगरप्रिंट और आइरिस) के माध्यम से उनकी पहचान की जाती है, और उनके आधार में मौजूद जानकारी का सत्यापन किया जाता है।

## खाई में बोलेरो के गिरने से चालक और बालक घायल

**रानीश्वर (दुमका) (नि.सं.)।** रानीश्वर थाना क्षेत्र के आमजोड़ा - सिउड़ी मुख्य पथ पर मयूराक्षी नदी के हाई लेवल पुल के पास बुधवार देर रात एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना हुई। यहां घुमावदार रास्ते पर वाहन का नियंत्रण खो जाने के कारण एक बोलेरो खाई में गिर गया। इस दुर्घटना में वाहन के चालक और एक बालक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रघुनाथपुर मोड़ के निवासी शंभु नाथ दत्त ने बुधवार की रात अपने पुत्र को लाने के लिए बोलेरो वाहन को सिउड़ी स्टेशन भेजा था। यह वाहन जब सिउड़ी की ओर जा रहा था, तो रास्ते में मयूराक्षी नदी के पास एक खतरनाक मोड़ पर चालक अचानक नियंत्रण खो बैठा। इसके परिणामस्वरूप वाहन खाई में गिर गया और दोनों घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीणों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर दोनों घायलों को खाई से बाहर निकाला और स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया।

# पारसपानी होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज में रक्तदान शिविर, 34 युनिट रक्त संग्रह

निज संवाददाता | पथरगामा



प्रखंड के पारसपानी स्थित होम्योपैथिक चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल में गुरुवार को एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कॉलेज के स्टाफ, जूनियर चिकित्सक, छात्र-छात्राओं और अन्य स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कुल 34 युनिट रक्त संग्रहित किया गया, जिसमें अधिकांश रक्तदाता पहली बार रक्तदान कर रहे थे। शिविर का उद्घाटन कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार साह और डॉ. एम.के. अंजुम ने किया। उद्घाटन के दौरान उन्होंने रक्तदान के महत्व और इसके लाभों के बारे में भी लोगों को जागरूक किया। उन्होंने बताया कि रक्तदान से न केवल जरूरतमंदों की मदद होती है, बल्कि यह रक्तदाता के स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद है। शिविर में प्रमुख सहयोगी डॉक्टरों और अन्य कर्मियों का उल्लेख किया गया, जिनमें डॉ. हीरा पंडित, डॉ. मुकेश, डॉ. हेमलता, रेड क्रॉस के सदस्य ऋषि रिसव, तनुश्री, आशीष आदि शामिल थे। रक्तदान करने वालों में जूनियर डॉक्टर उपासना, ज्योति, प्रभा, शशि, प्रियंका, ईमरान, यश, साक्षी, रोजी आदि का नाम उल्लेखनीय रहा। शिविर के आयोजन से न केवल समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ी, बल्कि स्थानीय लोगों में भी रक्तदान को लेकर सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित हुआ। यह शिविर एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ, जो न केवल स्वास्थ्य क्षेत्र में योगदान देने वाली संस्था के रूप में कॉलेज की भूमिका को उजागर करता है, बल्कि समाज में रक्तदान के महत्व को भी समझाता है।

# सहियाओं, सेविका एवं एएनएम का विटामिन ए से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

निज संवाददाता | गोड्डा



राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन गोड्डा अंतर्गत स्थानीय कुपोषण उपचार केंद्र पुराना (पुराना डीआरडीए कार्यालय) में गुरुवार को शहरी सहियाओं, सेविका एवं एएनएम का विटामिन ए से संबंधित कार्यशाला सह जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। वहीं बताया गया कि चल रहे कार्यक्रम झारखंड मातृ शिशु स्वास्थ्य पोषण माह (जेएमएसएसपीएम) दिनांक 10 दिसम्बर 2024 से 10 जनवरी 2025 तक चलाया जाएगा। जिसमे जिला शहरी स्वास्थ्य प्रबंधक जयशंकर ने बताया कि नौ माह से पांच वर्ष तक के बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाई जाएगी। बच्चों को आयरन सीरप व शिविर स्थलों पर माताओं को बच्चों के पोषण संबंधी जानकारी भी दी जाएगी। शहरी क्षेत्र में 10 जनवरी तक चलने वाले इस अभियान में नौ माह से पांच वर्ष के आयु वर्ग के बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाई जाएगी। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में खासकर शहरी और गरीब परिवारों के बच्चों में कुपोषण को रोकना है।

इस अभियान के अंतर्गत समस्त टीकाकरण सत्र के साथ ही विशेष सत्रों का भी आयोजन किया जाएगा।उन्होंने आगे बताया कि बच्चों को विटामिन-ए की नौ खुराक देने का प्रावधान है। नौ से 12 माह तक के बच्चों को एमआर प्रथम टीके के साथ आधा चम्मच विटामिन-ए, 16 से 24 माह तक के बच्चों को एमआर दूसरे टीके के साथ पूरा चम्मच तथा दो से पांच वर्ष तक के बच्चों को छह-छह माह के अंतराल पर पूरा चम्मच विटामिन-ए की खुराक पिलाई जाएगी। विटामिन-ए से बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ने के साथ ही रतौंधी से भी बचाव होगा। इस मौके पर लेडिज सुपरवाइजर बबली कुमारी, डब्ल्यू एच ओ फील्ड मॉनिटर विश्वनाथ पाण्डेय, सेविका रीता देवी, मीना कुमारी, सिंधु देवी, रजनी देवी, बीटीटी प्रहलाद कुमार, बेबी कुमारी साहिया राखी कुमारी, रानी, सुजाता कुमारी, अंजू, सोनी मंडली, प्रियंका कुमारी, किरण देवी आदि उपस्थित थे।

## शहर को अतिक्रमण मुक्त एवं सुव्यवस्थित करने के लिए नगर परिषद गंभीर

**गोड्डा (नि.सं.)।** शहरी क्षेत्र को पूरी तरह से अतिक्रमण मुक्त करने को लेकर नगर परिषद का अभियान पिछले कई दिनों से लगातार जारी है। जहां इसका असर भी शहर में देखने को मिल रहा है। वहीं दूसरी ओर शहर को सुंदर एवं सुव्यवस्थित करने को लेकर नित नए काम जारी हैं। कार्यपालक पदाधिकारी आशीष कुमार के द्वारा शहरी क्षेत्र में दो पहिया एवं चार पहिया वाहन के पार्किंग की समस्या को लेकर पार्किंग स्थल का चयन किया गया। जिसमें गोड्डा -पथरगामा एवं गोड्डा- भागलपुर मुख्य मार्ग पर कई जगह पार्किंग के लिए जगह चिन्हित किए गए हैं। वहीं इस संदर्भ में नगर परिषद के सिटी मैनेजर रोहित आनंद ने बताया कि रौतारा चौक के समीप चार चक्का वाहनों के पार्किंग के लिए स्थल का निरीक्षण किया गया है। वही दो पहिए वाहन के पार्किंग के लिए मुख्यालय के कारगिल चौक, आर बी मार्केट के समीप एवं हटिया चौक एवं एलआईसी चौक पर भी जगह को चिन्हित किया गया है। इस प्रकार

# विधान से समाधान के तहत डालसा ने महिलाओं के लिए चलाया कानूनी जागरूकता कार्यक्रम

निज संवाददाता | दुमका




राष्ट्रीय महिला आयोग और नालसा (राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण), नई दिल्ली के परस्पर सहयोग से, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डालसा), दुमका संजय कुमार चन्द्धरियावी के नेतृत्व में गुरुवार को दुमका प्रखंड के सभागार में एक कानूनी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को उनके बुनियादी कानूनी अधिकारों और उपायों के बारे में जानकारी देना था, ताकि वे अपने अधिकारों का उपयोग कर सकें और समाज में अपने प्रति होने वाले किसी भी प्रकार के अन्याय का सामना कर सकें। कार्यक्रम का स्लोगन 'विधान से समाधान' रखा गया, जो महिलाओं को कानूनी दृष्टिकोण से सशक्त बनाने के उद्देश्य को स्पष्ट करता है। डालसा के सचिव उत्तम सागर राणा ने इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि इस जागरूकता कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को विभिन्न कानूनी अधिकारों से परिचित कराना है, जिनके माध्यम से वे अपनी सुरक्षा, समानता और न्याय प्राप्त कर सकती हैं। उन्होंने महिलाओं को यह समझाने की कोशिश की कि अगर वे किसी भी प्रकार के शारीरिक, मानसिक या कानूनी उत्पीड़न का शिकार होती हैं, तो उनके पास अपनी शिकायतों को हल करने के लिए कई कानूनी चैनल उपलब्ध हैं, जैसे कि एन.सी.डब्ल्यू., नालसा की राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 15100, पुलिस, न्यायपालिका और गैर सरकारी संगठन। इसके अलावा, उन्होंने यह भी बताया कि प्रखंड स्तर पर कानूनी साक्षरता को सुनिश्चित करना भी महत्वपूर्ण है, ताकि महिलाएं अपने अधिकारों को पहचान सकें और किसी भी प्रकार के उत्पीड़न या अन्याय के खिलाफ खड़ी हो सकें। इस कार्यक्रम में दो रिसोर्स पर्सन, विक्रमादित्य पांडेय और नेहा पांडेय, दोनों ही अधिवक्ता, को नामित किया गया था। दोनों ने महिलाओं को कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए कार्यक्रम की कार्यप्रणाली पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कानूनी जागरूकता के लिए केवल सैद्धांतिक जानकारी ही पर्याप्त नहीं होती, बल्कि इसका प्रभावी रूप से प्रसार करने के लिए मामलों का अध्ययन, बहस और पारस्परिक सत्र आयोजित किए जाने चाहिए। इसके अलावा, वीडियो फिल्मों के जरिए भी जागरूकता फैलाने के प्रयास किए गए।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

## पैसे के लालच से लोगों में मरती जा रही संवेदना

उत्तराखंड के हल्द्वानी की एक घटना से यह साफ है कि व्यवस्था के स्तर पर अस्पतालों का प्रबंधन या तो घोर लापरवाही बरतता या फिर जानबूझ कर अनदेखी करता है। दूसरी ओर, अस्पताल से बाहर एक ऐसा तंत्र खड़ा होता है, जिसे इस बात से कोई मतलब नहीं कि किसी पीड़ित के सिर पर दुख का कैसा पहाड़ टूट पड़ा है और वह किस स्तर के अभाव की मार से जूझ रहा है। गौरतलब है कि हल्द्वानी में एक युवक की तबीयत खराब हुई और इसके बाद राजकीय मेडिकल कालेज में उसे मृत घोषित कर दिया गया। उसकी बहन के सामने अब शव ले जाने की चुनौती थी और शवगृह से बाहर खड़े एंबुलेंस वालों ने दस-बारह हजार रुपए की मांग की। किराया कम करने के लिए काफी विनती के बाद भी कोई तैयार नहीं हुआ। आखिर महिला को अपने भाई के शव को एक वाहन की छत पर सामान की तरह बांध कर अपने गांव ले जाना पड़ा। मामले के संज्ञान में आने के बाद जब जांच की बात आई तो अस्पताल प्रशासन ने लचर सफाई दी कि यह अस्पताल से बाहर का मामला था। सवाल है कि अस्पताल में किसी की मौत के बाद शव ले जाने का इंतजाम उसकी जिम्मेदारी में शामिल क्यों नहीं है। उपेक्षा के शिकार गरीब लोग अपनी जरूरत की बात कहने में भी किस हद तक सिमटे होते हैं, यह छिपी बात नहीं है। संवेदनहीनता की सारी हदों को पार करने वाली ऐसी घटनाएं यही बताती हैं कि व्यवस्था के स्तर पर स्वास्थ्य महकमे के दावे महज हवा-हवाई हैं, वहीं आम जिंदगी में लोग सबसे नाजुक मौकों पर भी मुनाफे के लालच में क्रूर हो जा रहे हैं। ऐसी स्थितियों की पीड़ा उन्हें शायद तभी समझ में आएगी, जब इस तरह के अभाव और दुख का सामना खुद उन्हें करना पड़ेगा। देश भर में पिछले कुछ वर्षों से स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए तमाम उपाय किए जाने से लेकर अलग-अलग योजनाओं के तहत समाज के सबसे कमजोर तबकों को मुफ्त इलाज मुहैया कराने के दावे किए जा रहे हैं। इन दावों की हकीकत अक्सर उजागर होती रही है, जब किसी गरीब परिवार को जरूरत पड़ने पर अस्पताल जाना पड़ता है।

## भारत बेफिक्र नहीं, वैकल्पिक व्यवस्था पर निगाहें

सीरिया में रविवार को जिस तरह से इस्लामी विद्रोहियों ने राजधानी दमिश्क पर कब्जा किया और राष्ट्रपति बशर अल-असद देश छोड़ने को मजबूर हुए, वह अप्रत्याशित तो है ही, पूरे पश्चिम एशिया के लिए अनिश्चितता के एक नए सिलसिले की शुरुआत साबित हो सकता है। इस प्रकरण में कई ऐसे पहलू हैं, जो भारत की चिंता से सीधे तौर पर जुड़ते हैं।चाहे राष्ट्रपति बशर अल-असद हों या उनके पिता हाफिज अल-बशर, दोनों निरंकुश माने जाते रहे, लेकिन सीरिया में दोनों ने सेकुलर नीति अपनाई। उनके शासन काल में इस्लामी कट्टरपंथियों पर अंकुश बना रहा। अब उनकी जगह काबिज हुए इस्लामी विद्रोहियों के संभावित रुख को लेकर दुनिया भर में आशंकाएं हैं। सीरिया में उनकी वजह से आईएसआईएस जैसे आतंकवादी समूह के फिर से सिर उठाने का डर पैदा हो गया है। ऐसे में यह सवाल खड़ा हो गया है कि क्या आने वाले दौर में भारतीय उपमहाद्वीप में आतंकी तत्वों की सक्रियता बढ़ने वाली है। सीरिया के साथ भारत के आर्थिक रिश्ते भले ही ज्यादा प्रगाढ़ न हुए हों, आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में दोनों एकजुट रहे हैं। यही नहीं, बशर अल-असद ने कश्मीर के सवाल पर हमेशा भारत का साथ दिया। यहां तक कि कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटाए जाने को लेकर भी सीरिया ने कहा था कि यह भारत का आंतरिक मामला है और किसी भी देश को अपने भूभाग में नागरिकों की हिफाजत के लिए जरूरी कदम उठाने का पूरा अधिकार है। देखना होगा कि बदले हालात में सीरिया के रुख में किस तरह का और कितना बदलाव आता है। विद्रोही गुटों को हासिल तुर्किये के कथित समर्थन को देखते हुए कुछ एक्सपर्ट्स कह रहे हैं कि सीरिया के नए निजाम की नीतियों पर उसका प्रभाव दिखेगा। अच्छी बात यह है कि तुर्किये के साथ भी भारत के रिश्तों में पिछले कुछ समय में सुधार देखा जा रहा है। जहां कश्मीर पर उसके रुख में नरमी आई है, वहीं भारत ने भी ब्रिक्स में तुर्किये की एंट्री को रोकने का प्रयास नहीं किया।

## हाइब्रीड पॉलिटिकल पार्टी 'आप' यदि कांग्रेस से गठबंधन करेगी तो सियासी तौर पर समाप्त हो जाएगी?

(कमलेश पांडे )

बता दें कि दिल्ली विधानसभा की 70 सीटों के लिए 2025 में चुनाव होंगे। 2020 में हुए विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी ने 62 सीटें जीती थीं। वहीं बीजेपी को महज 8 सीटों पर जीत मिली थी। कांग्रेस का लगातार दूसरी बार दिल्ली से सफाया हो गया था। इस बार भी कांग्रेस की दिल्ली में मजबूत स्थिति नहीं है। देश की राजधानी दिल्ली में फरवरी 2025 में विधानसभा होंगे और यहां पर सत्तारूढ़ 'आम आदमी पार्टी' एक बार फिर पूरे दम-खम से अकेले यह चुनाव लड़ेगी। जबकि वह कांग्रेस के नेतृत्व वाली इंडिया गठबंधन की भागीदार पार्टी रही है। बताया जाता है कि हाइब्रीड पॉलिटिकल पार्टी 'आप' को डर है कि यदि वह कांग्रेस से गठबंधन करेगी तो सियासी तौर पर समाप्त हो जाएगी! पंजाब और दिल्ली की राजनीतिक परिस्थिति भी इसी बात की चुगली करती है। कहना न होगा कि 'छोटा हिंदुस्तान' समझा जाने वाला 'दिल्ली प्रदेश' का विधानसभा चुनाव किसी भी राजनीतिक दल के लिए काफी अहमियत रखता है। यहां पर पहले कांग्रेस और उसके बाद भाजपा का शासन रहा है। बाद में भी इन्हीं दोनों पार्टियों के बीच सत्ता की अदला-बदली हुई। लेकिन दिल्ली की स्थानीय पार्टी के तौर पर 'आप' के राजनैतिक अभ्युदय ने कांग्रेस और भाजपा दोनों के समक्ष एक नई राजनीतिक चुनौती खड़ा कर दी, जो अब तलक जारी है। समझा जाता है कि कभी केंद्र में सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी के जबड़े से 2013 में उसकी सूबाई सत्ता छीनना और फिर केंद्र में सत्तारूढ़ हुई भाजपा के कसते सियासी शिकंजे के बावजूद 2015 और 2020 में भी यहां की सत्ता को बचाए रखना दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की बहुत बड़ी राजनीतिक सफलता है, जिसके लिए उन्हें नाकोचने चबाने पड़े। इसके ही खातिर उन्हें तिहाड़ जेल तक जाना पड़ा, जहां से फिलवक्त बेल पर वह बाहर हैं। दरअसल, हाइब्रीड पॉलिटिकल पार्टी 'आप' एक अलबेली राजनीतिक पार्टी है, जो कई मामलों में भाजपा और कांग्रेस से अलग है तथा क्षेत्रीय दलों से काफी आगे है। 'कांग्रेस' एवं उसकी विरोधी रही 'जनता पार्टी' व 'जनता दल' और भाजपा के अलावा 'आप' एकमात्र राजनीतिक पार्टी है जो एक के बाद दूसरे राज्य में अपने बलबूते सरकार बनाने में सफल हुई और सफलता पूर्वक उसका संचालन कर रही है। युवा पेशेवरों की यह पार्टी तमाम विवादास्पद मुद्दों में निष्पक्ष अंदाज रखती आई है। हालांकि, केंद्रीय सत्ता तक पहुंचना अभी भी उसके लिए 'नई दिल्ली दूर है' जैसा प्रतीत होता है। हालांकि इंडिया गठबंधन की शोहबत और भाजपा के धूर विरोध में 'आप' को भी अल्पसंख्यक तुष्टिकरण की नीति अपनानी पड़ी है। आरक्षण सम्बन्धी दुविधाजनक स्टैंड लेना पड़ा। भ्रष्टाचार के 'अंध कुएं' में गोते लगाने पड़े हैं। शानोशौकत के वास्ते शीश महल (मुख्यमंत्री का आवास) तक बनवाने पड़े। वहीं, जनता को 'रिश्वत' स्वरूप मुफ्त बिजली-पानी देने की उसकी शुरुआत और शिक्षा-स्वास्थ्य सम्बन्धी जनसुविधा आज सभी पार्टियों के एजेंडे में शामिल हो चुका है। इसे भारतीय राजनीति में 'रेवड़ी कल्चर' कहा जाता है जिसकी शुरुआत 'आप' ने की है। कांग्रेस/भाजपा आदि तो इस मामले में अब 'आप' से भी दो कदम आगे बढ़ चुके हैं। देखा जाए तो 2025 में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले अरविंद केजरीवाल ताबड़तोड़ फैसले ले रहे हैं जिसमें अपनी भरोसेमंद सहयोगी मंत्री रहीं आतिशी मर्लेना को दिल्ली का नया मुख्यमंत्री बनाया जाना भी शामिल है। वहीं, हाल ही में उन्होंने दूसरी महत्वपूर्ण घोषणा की है कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में वह कांग्रेस से गठबंधन नहीं करेंगे। शायद यह हरियाणा विधानसभा चुनाव में 'आप' के प्रति 'कांग्रेस' की ओर से दिखाई गई राजनीतिक बेरुखी का असर और प्रतिक्रिया स्वरूप करारा जवाब है, क्योंकि तब भी कांग्रेस-आप का गठबंधन टूट गया था। फ़लसफ़ा यह निकला कि 'कांग्रेस' हरियाणा की सत्ता में आ नहीं पाई और वहां पर अपने बलबूते चुनाव लड़ी 'आप' का खाता तक नहीं खुला, जबकि यह आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल का गृह प्रदेश भी है। हालांकि यह बात सभी जानते हैं कि गठबंधन में रहते हुए भी 'आप' ने लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान कांग्रेस से अपने वर्चस्व वाले एक प्रान्त दिल्ली में गठबंधन तो दूसरे प्रान्त पंजाब में दोस्ताना संघर्ष किया। इस दौरान 'आप' पार्टी पंजाब की 13 लोकसभा सीटों में से मात्र 3 सीटें ही जीत पाई, जबकि कांग्रेस को 7 सीटें मिलीं। यही बात आप को अखड़ गई। वहीं, दिल्ली में भी उसने लोकसभा की 7 सीटों में से 3 सीटें कांग्रेस को दी थी, लेकिन दोनों पार्टियां यहां जीरो पर आउट हो गईं। क्योंकि यहां भी सियासी तालमेल नदारत दिखा था। परिणाम यह हुआ कि सातों लोकसभा सीटों पर भाजपा जीत गई, जो पहले भी सभी सीटों पर काबिज थी। ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि क्या दिल्ली में मुकाबले को त्रिकोणीय बना पाएगी कांग्रेस? क्योंकि जहां जहां भी त्रिकोणीय मुकाबले की नौबत आती है तो अक्सर सत्ता पक्ष फायदे में रहता है। आप के लिए यह स्थिति यहां भी फायदेमंद हो सकती है। चूंकि दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच गठबंधन की लगभग सभी संभावनाएं समाप्त हो गई हैं। जिससे यह तय हो चुका है कि दोनों पार्टियां चुनावी मैदान में एक-दूसरे के खिलाफ खड़ी होंगी। ऐसे में आप से ज्यादा कांग्रेस का चुनावी सफर मुश्किल नजर आ रहा है। वहीं, गठबंधन में फूट की खबर सामने आते ही राजनीतिक गलियारों में अटकलों का बाजार गर्म हो गया है। जैसे ही दिल्ली विधान सभा चुनाव से पहले इंडिया गठबंधन के दो अहम दलों, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी की ओर से साफ संकेत मिला कि इस बार दोनों पार्टियां चुनावी रण में एक-दूसरे के सामने खड़ी होंगी। तो सबसे ज्यादा चर्चा कांग्रेस को लेकर चलने लगी। क्योंकि जो कांग्रेस कुछ वक्त पहले तक अरविंद केजरीवाल के खातिर बीजेपी से लड़ रही थी। अब वहीं कांग्रेस आखिर आम आदमी पार्टी और केजरीवाल के खिलाफ कैसे मोर्चा खोलेगी, यक्ष प्रश्न है? हालांकि मौजूदा सियासत में विचारों का उलट फेर एक आम सी बात हो गई हैं। चूंकि दिल्ली की जनता सूझबूझ वाली है। ऐसे में कांग्रेस के लिए राह आसान नहीं होगी। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि दिल्ली में कांग्रेस त्रिकोणीय मुकाबला बनाने की स्थिति में नहीं है। दिल्ली की सियासत में कांग्रेस और आप के बीच रिश्ते स्वार्थ वाले रहे हैं। मसलन, जिस आम आदमी पार्टी ने भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर कांग्रेस को दिल्ली की सत्ता से बेदखल किया था, वही आम आदमी पार्टी जब खुद भ्रष्टाचार के आरोप में घिरी तो कांग्रेस से हाथ मिला लिया।

> *अलबत्ता, कांग्रेस ने भी अपने सियासी फायदे को देखकर 'आप' से हाथ मिलाने में ही समझदारी समझी, क्योंकि बीजेपी से अकेले टकराना, दोनों पार्टियों के बस से बाहर था। बताया जाता है कि लोकसभा चुनाव 2024 में कांग्रेस को इससे आप से ज्यादा फायदा मिला। खासकर पंजाब में वह आप से दुगुनी से अधिक लोकसभा सीटें जीतने में कामयाब रही। जबकि दिल्ली की प्रबुद्ध जनता इस सांठगांठ को अच्छे समझ गई।*

## बयानवीरों के वक्तव्यों से उजागर होती मानसिकता

(डा. रवीन्द्र अरजरिया)

वातावरणीय ठंडक में गर्मागर्म संदेश प्रसारित किये जा रहे हैं। विकास के मुद्दों से भटक कर निजी लाभके अवसर तलाशे जाने लगे हैं। दलगत विचारधारा पर निजी महात्वाकांक्षा हावी होती जा रही है। कहीं नागरिकों के रागात्मक पक्षों को प्रभावित करने के प्रयास हो रहे हैं तो कहीं राजनैतिक गठबंधनों की एकजुटता में दरारें पैदा की जा रहीं हैं। सत्ता के गलियारे में प्रवेश पाने के लिए सिध्दान्तों को उल्टा-सीधा करने वाले दल अब नये पैतरे आजमाने में जुट गये हैं। इण्डिया गठबंधन के घटक दलों को हरियाणा, महाराष्ट्र के चुनावी परिणामों ने आत्म समीक्षा करने के लिए बाध्य कर दिया है। पश्चिमी बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को गठबंधन का नेतृत्व स्वीकारने हेतु भूमिका लिखना शुरू कर दी थी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि वह बंगाल की मुख्यमंत्री के रूप में अपनी भूमिका जारी रखते हुए विपक्षी मोर्चे के नेतृत्व के साथ दोहरी जिम्मेदारी संभालने में सक्षम है, मैंने ही इण्डिया गठबंधन का गठन किया था। एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि यदि अवसर दिया गया तो मैं इसका सुचारु रूप से संचालन करूंगी। यह वक्तव्य आते ही राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचन्द्र पवार) के मुखिया ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री की मंशा का स्वागत करते हुए कहा कि ममता बनर्जी का रुख आक्रामक है। उन्होंने कई लोगों को खडा किया है। उन्हें ऐसा कहने का पूरा अधिकार है। ममता बनर्जी में इण्डिया गठबंधन का नेतृत्व करने की क्षमता है। समाजवादी पार्टी ने भी तृणमूल कांग्रेस की मुखिया की बात का समर्थन किया। पार्टी के नेता उदयवीर सिंह ने कहा कि वे एक वरिष्ठ नेता हैं, उनके पास बहुत अनुभव है और वे सक्षम हैं। हमारी पार्टी के उनके साथ संबंध अच्छे हैं और हमें उनके नेतृत्व पर भरोसा है। जबकि राष्ट्रीय जनता दल के प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने अपने सुप्रीमो लालू यादव को गठबंधन का नेता बनाये जाने की वकालत की। श्री तिवारी ने कहा कि बीजेपी के खिलाफ विपक्षी गठबंधन के असली आर्किटेक्ट तो लालू प्रसाद यादव हैं, जिनकी पहल पर ही पटना में इण्डिया गठबंधन की पहली बैठक हुई थी। इन वक्तव्य श्रंखलाओं के मध्य कांग्रेस के इमरान मसूद ने कहा कि ममता जी एक बडी नेता के रूप में हैं परन्तु राहुल गांधी के अलावा देश में कोई नेतृत्व करने की स्थिति में नहीं है। वहीं कांग्रेस की सांसद वर्षा गायकवाड ने कहा कि उनके कहने से उनकी पार्टी चलती है, हम तो कांग्रेस के कहने पर चलते हैं। वास्तविकता तो यहा कि भाजपा का मुकाबला करने के लिए दो दर्जन से अधिक विपक्षी दलों ने इण्डिया गठबंधन तैयार किया था किन्तु हाल में सम्पन्न हुए चुनावों के परिणामों से लेकर नेताओं की अपनी महात्वाकांक्षाओं तक के समुच्चय ने इसमें दरार डालना शुरू कर दिया है। राजनैतिक गलियारे में ममता के बयान से पिघलते राजनैतिक लावे को ठंडा करने की गरज से एक दिन बाद ही तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता कुनाल घोष ने अपनी नेता के बयान को तोडमरोड कर पेश करने का आरोप लगाते हुए एक बार फिर मीडिया को कटघरे में खडा कर दिया। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी का फोकस पूरी तरह से पश्चिम बंगाल के विकास और जनता के कल्याण पर है अगर इण्डिया गठबंधन उनसे नेतृत्व की मांग करता है, तो वह कोलकता से ही नेतृत्व करेंगी। उन्हें दिल्ली आने की कोई जरूरत नहीं है। वाक्य संदेशों के माध्यम से चल रहे इण्डिया गठबंधन के आन्तरिक युध्द में शिवसेना (उध्दव बालासाहेब ठाकरे) ने एक अलग ही मोर्चा खोल दिया। पार्टी के एमएलसी मिलिंद नार्वेकर ने विध्वंस होती बाबरी मस्जिद की फोटो के साथ शिवसेना के संस्थापक बाला साहेब ठाकरे का वक्तव्य सोशल मीडिया के एक्स प्लेटफार्म पर पोस्ट किया जिसमें लिखा हुआ था कि मुझे उन लोगों पर गर्व है, जिन्होंने यह किया है। पोस्ट होते ही महाविकास अघाडी के साथ जुडी समाजवादी पार्टी के महाराष्ट्र प्रमुख तथा मानखुर्द शिवाजीनगर के विधायक अबू आजमी ने कहा कि शिवसेना की तरफ से बाबरी मस्जिद को गिराये जाने के लिए लोगों को बधाई देते हुए एक अखबार में विज्ञापन दिया गया था।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5580

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | 2 | | | | | 7 | 4 |
| | | | | 2 | 3 | | | 5 |
| 4 | | | | | | | | |
| | 6 | | | 3 | 4 | | | 7 |
| 2 | | 8 | 7 | 1 | 5 | 4 | | 9 |
| 1 | | | 6 | 9 | | | 3 | |
| | | | | | | | | 8 |
| 8 | | | 5 | 6 | | | | |
| 7 | 4 | | | | | 3 | 2 | |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5579

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 4 | 3 |
| 4 | 2 | 3 | 5 | 6 | 8 | 1 | 7 | 9 |
| 7 | 9 | 6 | 1 | 4 | 3 | 2 | 8 | 5 |
| 2 | 8 | 7 | 3 | 1 | 5 | 4 | 9 | 6 |
| 3 | 6 | 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 2 | 1 |
| 1 | 4 | 5 | 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 7 |
| 9 | 7 | 2 | 8 | 5 | 6 | 3 | 1 | 4 |
| 5 | 1 | 8 | 9 | 3 | 4 | 7 | 6 | 2 |
| 6 | 3 | 4 | 2 | 7 | 1 | 9 | 5 | 8 |

## वर्ग पहेली 5580



**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 21 जुलाई 1969 को अंतरिक्ष यात्री नील आर्मस्ट्रांग एवं एडविन एल्ड्रिन चंद्रमा पर उतरे थे जो इस देश के है (4)
5. यथेष्ट, जरूरत से ज्यादा (3)
7. शास्त्रीय संगीत में एक राग (6)
9. धनुषधारी, शारंगधारी (4)
11. सप्ताह के दिनों में से एक (2)
12. किसी वस्तु के निर्माण में लगा खर्च (3)
14. सुंदर, रूपवान, संगीतकार नौशाद के पसंदीदा गीतकार (सिर्फ आरंभिक नाम)(3)
15. मशगूल, कार्य में लगा हुआ (2)
17. आदर्शवादी, अमिताभ बच्चन की तिहरी भूमिका वाली एक फिल्म (3)
19. सच्चरित्र, पुण्यकर्ता, सदाशय (2)
20. सिलवट, सिकुड़न, ऐंठन, शक्ति (2)
21. मार्ग, पथ, रास्ता (2)
22. बहुत बड़ा, उच्च, उत्तम (3)
23. इस्मत, प्रतिष्ठा, इज्जत (3)
24. हैसियत, भूगर्भसंस्तर (2)

**ऊपर से नीचे**

1. मेहमान, शुभांगतुक (3)
2. एकता, मित्रता, डाक (अंग्रेजी) (2)
3. सिफारिश, को अंग्रेजी में यह कहते है (6)
4. फिल्म इंडस्ट्री में राजेश खन्ना इस नाम से भी जाने जाते थे, पिता के भाई (2)
5. असुंदर रंग वाला, विवर्ण (4)
6. शिष्टता, नम्रता, सभ्यीकरण (3)
8. इलाहाबाद के मशहूर वकील जो जलियांवाला बागकांड के बाद 19191 में अमृतसर में हुई कांग्रेस के पहली बार अध्यक्ष बने (7)
10. देने योग्य, देय, नैवेद्य, प्रदेय (3)
13. दुर्भाग्यशाली, शामत का मारा (4)
16. गले में पहनने का हार (4)
18. स्थित, दशा, अवस्था (2)
21. पकाकर गाढ़ा किया हुआ गन्ने का रस (2)
22. आनंदशील, आनंदित, मदोन्नमत (2)

### वर्ग पहेली 5579 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| न | सी | रू | दी | न | शा | ह | |
| सी | र | त | | म | द | र | सा |
| ब | | | ता | क | | फ | ल |
| | गु | म | रा | ह | | | गि |
| क | ल | म | | रा | ह | ब | र |
| ला | | ता | ली | म | | रा | ह |
| | य | म | | | | ब | |
| | क्ष | य | | ड | का | र | |

## आज का राशिफल

### मेष
आज करियर के मामले में परेशानियों से भरा हो सकता है। आपके प्रभाव और उत्साह में वृद्धि होगी और आपकी तरक्की होगी। आपका कोई शुभ संदेश आने से उत्साह बढ़ेगा और मित्रों का सहयोग भी प्राप्त होगा। स्वजनों से सहयोग प्राप्त होगा और आपके लिए तरक्की के योग बने हैं। पर्याप्त धन संपदा हाथ में होने के बावजूद कुछ पारिवारिक अशांति रहेगी।

### वृष
आज करियर और कारोबार के मामले में कोई बड़ा फैसला लेना पड़ सकता है। अधिक उत्साह और तत्परता से कार्य बिगड़ सकता है। कुछ आर्थिक और पारिवारिक संकोच अभी दबाव में रखेंगे। शुभ संदेश भी आएगा व पुराने मित्रों से मुलाकात होगी। अनावश्यक शंकाओं से बचें। गलत तरीके से धन अर्जित न करें। आपको ईमानदारी से काम करने की सलाह है।

### कर्क
आज आपको काफी मेहनत काफी करनी पड़ेगी और सफलता प्राप्त करने में काफी मशक्कत करनी पड़ेगी। आपको अजनबी लोगों का सहयोग मिल सकता है। अकारण पड़ने वाले व्यवधान से लाभ होगा और आपकी कार्ययोजनाएं प्रभावित होंगी। सक्रिय हुए विरोधी भी परास्त होंगे। निर्माण कार्य की आवश्यकता महसूस होगी।

### सिंह
आज करियर के मामले में सफलता से भरा होगा और आपका दिन परिवार के लोगों के साथ आनंद में बीतेगा। आपको मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा और परिवार के लोगों के बीच में आनंद बढ़ेगा। किसी चल या अचल संपत्ति का पारिवारिक विवाद निपटाना आवश्यक होगा। पारिवारिक व्यवस्था बनाने में व्यस्त रहेंगे। सोचे हुए कार्य सफल होंगे और मित्रों द्वारा किए जा रहे।

### मिथुन
आज लाभ होगा। सभी काम समय पर बनते नज़र आएंगे। अच्छे दिनों का संयोग मन को प्रफुल्लित करेगा। खर्च पर नियंत्रण रखना जरूरी है। व्यापार व व्यवसाय से संबंधित कई अनुभव होंगे। व्यापार व व्यवसाय से जुड़े जातकों को लाभ होगा और आपके लिए तरक्की के शुभ योग बन रहे हैं।

### कन्या
आज यानी मोक्षदा एकादशी का दिन नई किरण लेकर आया है। म भगवान गणेश की कृपा रहेगी, जिससे ज्यादातर कार्य बिना किसी अड़चन के पूरे होंगे और कूटनीति के माध्यम से दूसरों से अपनी बात आसानी से मनवा लेंगे। एकादशी की वजह से घर में धार्मिक माहौल रहेगा।

### तुला
आज दिन परेशानियों से भरा होगा। आपको पारिवारिक मामलों में पैसे से जुड़ा कोई फैसला आज लेना पड़ सकता है। मान सम्मान भी बढ़ेंगे और अप्रत्याशित लाभ की प्राप्ति भी होगी। आर्थिक लेन-देन में सावधानी बरतें। आपके द्वारा किए गए कार्यों का विरोध होगा। परिवार की समस्याओं के संबंध में कोई गलत निर्णय लेना कठिन होगा। आपको कोई फैसला लेने से पहले सावधानी बरतने की सलाह है।

### वृश्चिक
आज दिन शुभ है और आपके लिए शुभ योग बन रहे हैं। आपको परिश्रम के बाद वांछित लाभ होगा। दूर की यात्रा भी करनी पड़ सकती है। मानसिक परेशानी की वजह से मन में किसी कारण से तनाव रहेगा। कुछ अधूरे कार्य आपको निपटाने होंगे। सुख व दुःख को समान समझकर सब कुछ भाग्य पर छोड़ दें। आपको अपने प्रयास में कमी नहीं करनी चाहिए। बाकी सब भाग?य और समय पर छोड़ दें।

### मकर
आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपके दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। जटिल कार्यों को आप समय से पूरा कर लेंगे और आपको सफलता प्राप्त होगी। लाभदायक उपक्रमों का संचालन भी होगा। मानसिक उलझनों के कारण सिरदर्द की आकांक्षा रहेगी या फिर संतान पक्ष के बारे में आप परेशान हो सकते हैं। पड़ोसियों के कारण कुछ परेशानी हो सकती है और आपको नुकसान हो सकता है।

### कुंभ
आज करियर के मामले में लाभ होगा और किसी पर व्यर्थ के संदेह और तर्क वितर्क में समय और धन की हानि होगी। नियोजित कार्यक्रम भी सफल होंगे और आर्थिक लाभ का सुअवसर भी आएगा। आपको मातृ पक्ष के लोगों से धन लाभ होगा और आपकी रुकी हुई इच्छाएं पूर्ण होने से मन में काफी प्रसन्नता का भाव रहेगा। पुराने दोस्त के आगमन से परिवार में व्यस्तता बढ़ेगी। और किसी तीर्थ स्थल पर भी जा सकते हैं।

### धनु
आज आर्थिक मामलों में सफलता प्राप्त होगी और आपकी तरक्की के लिए शुभ योग बन रहे हैं। आपके लिए उत्सवों और त्यौहार में सम्मिलित होने के अवसर प्राप्त होंगे। अच्छे भोजन से स्वास्थ्य में वृद्धि होगी और आपके जीवन में काफी खुशहाली बढ़ेगी। शुभ समाचार का आना लगातार जारी रहेगा इसलिए वही कार्य करें जिसके बनने की उम्मीद हो। संतान के प्रति थोड़ा चिंतित होंगे पर समझदारी से काम लें।

### मीन
आज करियर के मामले में लाभ होगा और कारोबार में आपकी योजनाएं एक के बाद एक सफल हो जाएंगी। एक के बाद एक मामले सुलझते चले जायेंगे। उदर और आंख में कष्ट हो सकता है और आपकी सेहत प्रभावित हो सकती है। कार्यक्षेत्र में अस्थिरता रहेगी। समय के अनुसार चलने से आप उन्नति करेंगे वरना समय आपको पीछे छोड़ देगा। आपके लिए लाभ और तरक्की के योग बने हैं। दिन प्रसन्नता में बीतेगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

## संक्षिप्त समाचार

### मोदी जी ने सरदार साहब के सपने को साकार करने का काम किया है: अमित शाह

**जोधपुर, एजेंसी।** राजस्थान के जोधपुर में सरदार वल्लभभाई पटेल की 11 फुट ऊँची प्रतिमा का अनावरण करते हुए केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने देश की जनता को स्पष्ट संदेश दिया कि, 'सरदार साहब के जीवनकाल में शेष रह गए धारा 370 हटाना, यूनिफॉर्म सिविल कोड, भव्य राम मंदिर, ट्रिपल तलाक को समाप्त करना जैसे अनेक महत्त्वपूर्ण कार्यों को प्रधानमंत्री मोदी जी ने 10 वर्षों में पूरा करने का काम किया है।' 1,100 किलोग्राम और 11 फुट ऊँची सरदार पटेल की ये प्रतिमा कई धातुओं से बनी है और इसे 8 फुट ऊँचे स्थान पर लगाया गया है, जिसकी सुगंध युगों-युगों तक फैलेगी। इतिहास गवाह है कि अखंड भारत के निर्माता सरदार पटेल के साथ देश और पूर्व की सरकारों ने कभी न्याय नहीं किया। दशकों तक एक ही परिवार की भक्ति में रची-बसी कांग्रेस पार्टी ने कभी सरदार पटेल का स्मारक तक नहीं बनने दिया, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के केवड़िया में दुनिया की सबसे ऊँची 'स्टेच्यू ऑफ यूनिटी' बनाकर सरदार पटेल को सम्मानित करने का काम किया। अमृतकाल में सरदार पटेल को भारत रत्न भी मिला है और दुनिया का सबसे ऊँचा स्मारक भी आज सरदार वल्लभभाई पटेल के नाम से है। सरदार पटेल एक ऐसे देश भक्त थे, जिन्होंने देश के सामने खड़ी विपदाओं को अपने ऊपर लेकर उनसे मुक्ति दिलाने का काम किया।

### देश के 140 करोड़ लोगों के मन में जो अजेय भारत का विश्वास है, उसका पूरा श्रेय सीमा पर खड़े जवानों को जाता है: शाह

**जोधपुर एजेंसी।** राजस्थान के जोधपुर में सीमा सुरक्षा बल के 60वें स्थापना दिवस समारोह परेड में बतौर मुख्य अतिथि अपनी उपस्थिति दर्ज करते हुए केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने यह स्पष्ट किया कि, 'देश के 140 करोड़ लोगों के मन में जो अजेय भारत का विश्वास है, उसका पूरा श्रेय सीमा पर खड़े जवानों को जाता है।' प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के कुशल मार्गदर्शन में बीते कुछ वर्षों में आंतरिक सुरक्षा से लेकर सीमा सुरक्षा तक की दिशा में एक बड़ा परिवर्तन देखने को मिला है, और इस बात को पूरी दुनिया ने देखा है। 60 सालों से साहस, शौर्य और बलिदान के दम पर सीमा सुरक्षा बल ने न केवल देश की फर्स्ट लाइन ऑफ डिफेंस को ताकतवर बनाने का काम किया है, बल्कि सीमा पर आने वाली सभी चुनौतियों का मुकाबला कर देश की सुरक्षा की प्रथम पंक्ति को सशक्त भी किया है। 1 दिसंबर, 1965 से लेकर आज तक सीमा सुरक्षा बल ने निरंतर देश की पूर्वी और पश्चिमी सीमा की सुरक्षा को चाक-चौबंद रखने का काम किया है। शाह ने पूरे देश को यह संदेश दिया कि देश की सुरक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान करने वाले जवानों का देश की जनता सदैव ऋणी रहेगी। एक समय में 25 बटालियन से शुरू हुआ यह बल आज 193 बटालियन तक पहुँच गया है, जिसमें 2 लाख 70 हजार जवान की संख्या है जो विश्व का सबसे बड़ा सीमारक्षक बल है।

### सख्त कार्रवाई करें नहीं तो हालात काफी बिगड़ सकते हैं: मायावती

**लखनऊ, एजेंसी।** महाराष्ट्र के परभणी शहर में हुई घटना पर बसपा प्रमुख मायावती ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने सरकार को चेताया है कि सख्त कार्रवाई करें नहीं तो हालात काफी बिगड़ सकते हैं। उन्होंने सोशल मीडिया ऐक्स पर पोस्ट कर कहा कि महाराष्ट्र राज्य के परभणी में स्थित भारतरत्न बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा एवं संविधान का किया गया अपमान अति-निन्दनीय व शर्मनाक है। इस घटना से पार्टी काफी दुःखी व चिन्तित भी है। उन्होंने आगे लिखा कि वहां की राज्य सरकार, ऐसे जातिवादी व असामाजिक तत्वों के विरुद्ध तुरन्त सख़्त क़ानूनी कार्रवाई करे, वरना वहाँ हालात् काफी बिगड़ सकते हैं। सभी से शान्ति-व्यवस्था बनाये रखने की अपील। आपको बता दें कि मंगलवार को महाराष्ट्र के परभणी में संविधान की प्रतिकृति को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। इस के बाद लोग आक्रोशित हो गए। इसके बाद शहर में जमकर उपद्रव हुआ।

# उत्तराखंड लागू करेगा देश की प्रथम योग नीति : मुख्यमंत्री

विशेष संवाददाता | देहरादून





गुरुवार को परेड ग्राउंड में आयोजित 10वीं विश्व आयुर्वेद कांग्रेस एवं आरोग्य एक्सपो -2024 को संबोधित करते हुए, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में इस आयोजन के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ये हमारे लिए गर्व का विषय है कि हमारे प्रदेश में आयोजित हो रहे इस कार्यक्रम में 50 से अधिक देशों के प्रतिनिधि और 6000 से अधिक विशेषज्ञ भाग ले रहे हैं। एक्सपो में लगाए गए 250 से अधिक स्टॉल आयुर्वेद की वैश्विक स्तर पर स्वीकार्यता का प्रमाण दे रहे हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि यह सम्मेलन आयुर्वेद के क्षेत्र में परस्पर ज्ञान साझा करने व विभिन्न शोध कार्यों को बढ़ावा देने के साथ-साथ सहयोग और व्यापार के नए अवसरों को बढ़ावा देगा। उन्होंने आयुष के क्षेत्र में प्रदेश सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन से राज्य सरकार भी प्रदेश में आयुर्वेद के प्रचार-प्रसार के लिए निरंतर कार्य कर रही है। वर्तमान में, हमारे राज्य में आयुष आधारित 300 'आयुष्मान आरोग्य केंद्रों' का संचालन हो रहा है। ई-संजीवनी पोर्टल के माध्यम से 70 से अधिक विशेषज्ञों द्वारा आयुष परामर्श प्रदान किया जा रहा है। अब प्रत्येक जनपद में 50 बेड और 10 बेड वाले आयुष चिकित्सालयों की स्थापना की जा रही है। इसके अलावा सरकार प्रत्येक जनपद के एक गांव को मॉडल आयुष गांव के रूप में स्थापित कर आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों के उत्पादन को बढ़ावा देने का प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार आयुष निर्माण, वेलनेस, शिक्षा, शोध और औषधीय पौधों के उत्पादन को गति प्रदान करने के लिए 'उत्तराखंड आयुष नीति' लागू कर चुकी है। इसके साथ ही, प्रदेश सरकार आगामी वर्षों में आयुष टेली-कंसल्टेशन प्रारम्भ करने के साथ- साथ 50 नए योग और वेलनेस केंद्र स्थापित करने हेतु प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य सरकार ने उत्तराखंड में अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान की स्थापना के लिए भारत सरकार के आयुष मंत्रालय से अनुरोध किया है, ये संस्थान आयुर्वेद शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा। मुख्यमंत्री ने विशेषज्ञों से आह्वान करते हुए कहा कि हमारी जड़ी-बूटियों के हिंदी नामों के साथ ही अंग्रेजी नामों को भी प्रचारित किया जाए। इससे स्थानीय जड़ी बूटियों की वैश्विक बाजार तक पहुंच आसान हो सकेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहाड़ में हम 'किलमोड़े' को जानते है लेकिन उसके अंग्रेजी नाम 'बेरीबेरीज' को अधिकतर लोग नहीं जानते हैं जबकि इस नाम को पूरा विश्व जानता है और इससे दवाएं बनती हैं। इसलिए अंग्रेजी नाम भी प्रचारित किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड प्राचीनकाल से ही आयुर्वेद और औषधीय संपदा की प्रज्ञा भूमि रही है। हमारे प्रदेश में पाए जाने वाली औषधीय जड़ी-बूटियों ने आयुर्वेद को आरोग्य के आधारभूत तत्व के रूप में स्थापित करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद विश्व की एक ऐसी विशिष्ट चिकित्सा प्रणाली है जो प्राचीनकाल से ही मानव सभ्यता का आरोग्य सुनिश्चित करती आ रही है। आयुर्वेद मात्र जड़ी-बूटियों और औषधियों तक ही सीमित नहीं है बल्कि आयुर्वेद जीवन जीने की एक विशिष्ट कला है। ये हमें सही जीवन शैली के बारे में बताता है, इसका उद्देश्य रोगों को ठीक करना ही नहीं है बल्कि इसका अंतिम लक्ष्य रोग को होने ही न देना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा संचालित 'राष्ट्रीय आयुष मिशन' और 'प्रकृति परीक्षण अभियान' जैसे विभिन्न कार्यक्रम आज शहरों से लेकर गांवों तक आरोग्य स्थापित करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने एक्सपो का विधिवत शुभारंभ करने के बाद स्टॉल का भी निरीक्षण किया। केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) प्रताप राव जाधव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले दस साल के दौरान आयुष के क्षेत्र में हुई पहलों से आयुष उत्पाद निर्माण में आठ गुना बढ़ोत्तरी हुई है। अब आयुष और हर्बल उत्पाद विश्व के 150 से अधिक देशों में निर्यात हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद भी अब आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, मशीन लर्निंग उपकरणों के जैसी तकनीकी को अपना कर आगे बढ़ रहा है। केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) प्रताप राव जाधव ने कहा कि भारत में लोग सामान्य तौर पर आयुर्वेद से उपचार पसंद करते हैं, लेकिन गांव देहात में तक डॉक्टर एलोपैथिक दवाओं का ज्यादा परामर्श देते हैं। ऐसा शायद इसलिए होता है क्योंकि आयुर्वेद की एक तो दवा कम है, फिर सारे रोगों की सारी दवाएं एक ही जगह पर मिलनी तकरीबन मुश्किल होती हैं। इसलिए केंद्र सरकार सभी जिला, तहसील और गांव स्तर पर एक ही छत के नीचे आयुर्वेद की सभी दवाएं उपलब्ध कराने के लिए आयुष औषधि केंद्रों की स्थापना करने का प्रयास कर रही है। ऐसा पहला केंद्र दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान में शुरू हो चुका है। देशभर में ऐसे केंद्र खुलने से आयुष चिकित्सक परामर्श में आसानी से दवा लिख सकेंगे। उन्होने कहा कि विश्व आयुर्वेद कांग्रेस नवीन विचारों, प्राचीन संस्कृति और नवाचारों का संगम साबित होगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि चार दिनों तक चलने वाले इस आयोजन के दौरान आस पास के हजारों लोग यहां स्टॉल का भ्रमण करेंगे। यह आयोजन व्यावसायिक अवसरों के लिए भी मंच प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद को बढ़ावा देने के लिए ही केंद्र सरकार ने देशभर में 29 अक्तूबर से प्रकृति परीक्षण अभियान शुरू किया है, जिसका शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा किया गया। भारत सरकार के आयुष मंत्रालय में सचिव वैद्य राजेश कोटेचा ने कहा कि विश्व आयुर्वेद सम्मेलन के आयोजन से आयुष पद्धति को वैश्विक स्तर पर पहचान बनाने में मदद तो मितती ही है, साथ ही आयोजन वाले क्षेत्र के आस पास इस सेक्टर की ग्रोथ भी बढ़ती है। उन्होंने इस आयोजन के लिए उत्तराखंड का आदर्श राज्य बताते हुए कहा कि आयुर्वेद की पुस्तकों में वर्णित कई जड़ी बूटियां हिमालय में मिलती हैं। सम्मेलन में मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर भेजे गए संदेश को पढ़ा। उद्घाटन सत्र को राष्ट्रीय आयोजन सचिव, विज्ञान भारती डॉ. शिव कुमार शर्मा, दसवें विश्व आयुर्वेद कांग्रेस के चेयरपर्सन वैद्य पीएम वॉरियर, उत्तराखंड शासन में सचिव आयुष रविनाथ रमन ने भी संबोधित किया। इस मौके पर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज, प्रेमचंद अग्रवाल, डॉ. धन सिंह रावत, विधायक खजान दास, सविता कपूर, उमेश शर्मा काऊ, किशोर उपाध्याय, झांसी के सांसद अनुराग शर्मा, आचार्य बालकृष्ण प्रमुख तौर पर शामिल हुए।

## वर्ल्ड आयुर्वेद कांग्रेस में देश-दुनिया के डेलीगेट्स को पसंद आए पहाड़ी भोज्य पदार्थ

विशेष संवाददाता | देहरादून

इजरायल की आफरा के सर पर उत्तराखंडी टोपी चमक रही है। थाली पर पहाड़ी भोज्य पदार्थ हैं। मंडुवे की रोटी, उसके साथ घर का बना मक्खन, झंगोरे की खीर और गहत की दाल। आफरा हर एक पहाड़ी भोज्य पदार्थ का स्वाद ले रही हैं। पहली प्रतिक्रिया पूछी गई, तो बोलीं-मंडुवा, झंगोरा वैरी टेस्टी। युद्ध के दौर से गुजर रहे देश इजरायल से खास वर्ल्ड आयुर्वेद कांग्रेस के लिए आफरा भारत आई हैं। खाने की टेबल पर अपने सहयोगी भगवान स्वरूप वर्मा के साथ बैठी आफरा पूरे आयोजन से संतुष्ट हैं। खाने की खास तारीफ करती हैं। वो भी पहाड़ी भोजन की। कहती हैं-मिलेट्स के फायदे पूरी दुनिया समझ रही है। टूटी-फूटी हिंदी में कहती हैं-पहाड़ी खाने में टेस्ट भी है और ये पौष्टिक भी हैं। आफरा के साथ इजरायल से आए भगवान स्वरूप वर्मा 35 वर्ष से वहां रहकर आयुर्वेद के प्रचार के लिए काम कर रहे हैं। मूल रूप से आगरा के हैं। कहते हैं-पहाड़ी खाना पहले भी खाया है, लेकिन बार-बार खाने का मन करता है। कानपुर से आए वैद्य पंकज कुमार सिंह ने पहली बार देहरादून में पहाड़ी भोज्य पदार्थ खाया, लेकिन वह इसके मुरीद हो गए हैं। बकौल, पंकज कुमार सिंह-सुना काफी था इस खाने के बारे में, आज खाया, तो अच्छा लगा। उड़ीसा से आए प्रो. ब्रहानंदा महापात्रा रिटायर्ड प्राचार्य हैं। उन्होंने पहले भी यह खाना खाया है। उन्हें हमेशा से पहाड़ी खाना पसंद रहा है। इसकी वजह वह ये ही मानते हैं कि ये बहुत पौष्टिक होता है। वर्ल्ड आयुर्वेद कांग्रेस में भाग लेने के लिए लखनऊ से आए डा जयप्रकाश पांडेय रिटायर्ड आयुर्वेदिक अधिकारी हैं। उनका उत्तराखंड से पुराना नाता रहा है। यूपी के जमाने में वह टिहरी में तैनात रहे हैं। अपने अनुभव बताते हुए उन्होंने कहा-वह अपनी सेवाकाल के दौरान चंबा का राजमा अपने घर लखनऊ ले जाया करते थे, जिसे सभी बहुत पसंद किया करते थे। पहाड़ी भोज्य पदार्थों के प्रमोशन पर सरकार का जोर है। वर्ल्ड आयुर्वेद कांग्रेस की रूप रेखा तैयार करते वक्त ये विचार सामने आया कि डेलीगेट्स को पहाड़ी भोजन परोसा जाए। इससे पहाड़ी भोजन का व्यापक प्रचार प्रसार होगा। इस पर अंतिम मुहर लगी, तो फिर चार दिनी इस आयोजन के लिए मैन्यू तैयार हो गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का कहना है कि चाहे वह पहाड़ी भोज्य पदार्थ हों या फिर उत्तराखंड के अन्य उत्पाद, सभी की ब्रांडिंग के लिए कार्य किया जा रहा है।

## 20 मिनट में नोएडा एयरपोर्ट; ग्रीनफील्ड, डीएनडी और केजीपी एक्सप्रेसवे जोड़ने को बन रहा इंटरचेंज



**फरीदाबाद, एजेंसी।** नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर हवाई जहाज का ट्रायल रन होने के साथ स्मार्ट सिटी में ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे का निर्माण तेज कर दिया गया है। संबंधित विभाग के अधिकारियों का दावा है कि छह माह में इंटरचेंज शुरू कर दिया जाएगा। वहीं, अगले साल से शहरवासी एक्सप्रेसवे पर फर्राटा भर सकेंगे। बता दें कि तीन एक्सप्रेसवे को जोड़ने के लिए सेक्टर-65 में इंटरचेंज निर्माण के लिए जगह-जगह पिलर खड़े किए जा रहे हैं। जहां पिलर का काम पूरा हो गया है, वहां गर्डर पर स्लैब रखकर दीवार बनाई जा रही है। यहां 50 फीसदी काम पूरा हो गया है। इससे एक्सप्रेसवे का लुक दिखने लगा है। कई जगह अवैध निर्माण और सर्विस बीच में आ रही है। इन्हें जल्द हटाया जाएगा।

अधिकारियों का दावा है कि छह माह में इंटरचेंज शुरू कर दिया जाएगा। वहीं अगले साल से शहर वासी एक्सप्रेसवे पर फर्राटा भर सके। इस एक्सप्रेस वे के बनने से बल्लभगढ़ से मात्र 20 मिनट में नोएडा एयरपोर्ट पहुंचा जा सकेगा। जिससे करीब 26 लाख लोगों को राहत मिलेगी। बुधवार को एक्सप्रेसवे को लेकर 'हिन्दुस्तान' ने पड़ताल की।

आईएमटी से सेक्टर-65 तक इंटरचेंज तक बनाई जा रही एलिवेटेड सड़क के लगभग 500 मीटर हिस्से का निर्माण पूरा हो गया। इसके दोनों तरफ दीवार खड़ी की जा रही है। कुछ हिस्सों में लिंटर डाला जा रहा है। वहीं बचे हिस्से के लिए पिलर खड़े किए जा रहे हैं। इंटरचेंज से जोड़ने के बीच आ रहे एक फार्म हाउस की दीवारों को ढहा कर काम को रफ्तार दी गई है।

**दो अंडरपास हो गए तैयार:** ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे फरीदाबाद में बल्लभगढ़ के सेक्टर-65 से शुरू होकर गौतमबुद्धनगर के जेवर में बन रहे नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट तक जाएगा। इस एक्सप्रेसवे की कुल लंबाई 31 किलोमीटर है, जिसमें से लगभग 24 किलोमीटर हिस्सा हरियाणा के अंदर है, बाकी यूपी में। यह रोड सेक्टर-65 में गांव सहूपुरा के पास निर्माणाधीन दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे लिंक रोड से भी जुड़ रही है। यह फरीदाबाद के 12 गांवों से होते हुए कुंडली-गाजियाबाद-पलवल (केजीपी) एक्सप्रेसवे व यमुना एक्सप्रेसवे को पार करते हुए एयरपोर्ट तक पहुंचेगी। एक्सप्रेसवे के लिए कई जगहों पर काम चल रहा है। सेक्टर-65 के पास इंटरचेंज बनाया जा रहा है। यहां पर तीन अंडरपास बनाए जा रहे हैं। इनमें से दो बन कर तैयार हो गए हैं। एक के लिए पिलर खड़े करने का काम चल रहा है।

**अवैध निर्माण बाधा बने:** सेक्टर-65 के पास इंटरचेंज की एलिवेटेड सड़क निर्माण में बिजली का टावर बाधा बना हुआ है। इसके साथ ही सेक्टर-65 से साहूपुरा चौक तक कई जगह अवैध निर्माण आ रहे हैं। जिससे काम धीमा चल रहा है। हालांकि अधिकारियों का दावा है कि इन्हें जल्द हटाया जाएगा।

एनएचएआई के परियोजना निदेशक धीरज सिंह ने कहा, ग्रैप चार की पाबंदियां हटने के बाद ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे पर तेजी से काम किया जा रहा है। दो अंडरपास बन चुके हैं, अंडरपास को जोड़ने के लिए अप्रोच रोड का काम जारी है। इंटरचेंज का काम जल्द पूरा हो जाएगा। प्रोजेक्ट को 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य है।

**आठ किलोमीटर हिस्से में बन रहा एलिवेटेड रोड:** मास्टर प्लान के तहत बसाए जाने वाले नए सेक्टर तक करीब आठ किलोमीटर हिस्से में एलिवेटेड रोड का निर्माण तेजी से चल रहा।

## प्रकृति परीक्षण अभियान में उत्तराखंड के तेज कदम

विशेष संवाददाता | देहरादून

केंद्र सरकार के बेहद महत्वपूर्ण प्रकृति परीक्षण अभियान में उत्तराखंड के कदम तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। आयुर्वेद के जरिये हर एक नागरिक के उत्तम स्वास्थ्य के संकल्प वाले इस अभियान में राज्य की प्रगति से केंद्र सरकार संतुष्ट है। आयुर्वेद के मामले में प्रदेश की विशिष्ट स्थिति की वजह से केंद्र सरकार सबसे ज्यादा उम्मीद उत्तराखंड से ही लगाए हुए हैं। वर्ल्ड आयुर्वेद कांग्रेस एवं आरोग्य एक्सपो-2024 की रोशनी में उत्तराखंड में प्रकृति परीक्षण अभियान के और तेज होने की उम्मीद की जा रही है। दरअसल, केंद्रीय आयुष मंत्रालय इन दिनों पूरे देश में प्रकृति परीक्षण अभियान चला रहा है। इसमें किसी भी व्यक्ति की प्रकृति को आयुर्वेद के नजरिये से परखा जा रहा है। यानी किसी व्यक्ति में वात, पित्त और कफ या आयुर्वेद के त्रिदोष सिद्धांत के आधार पर स्वास्थ्य की क्या स्थिति है, इसका आंकलन किया जा रहा है। यह अभियान 29 अक्टूबर से शुरू हुआ है, जिसका शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान में किया। यह अभियान 25 दिसंबर तक चलेगा। इस अभियान के तहत पूरे देश में एक करोड़ लोगों के प्रकृति के परीक्षण का संकल्प प्रकट किया गया है। वर्ल्ड आयुर्वेद कांग्रेस एवं आरोग्य एक्सपो में भाग लेने के लिए आए केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) प्रताप राव जाधव के अनुसार-उत्तराखंड देवभूमि है और आयुर्वेद के लिहाज से सबसे समृद्ध है। प्रकृति परीक्षण अभियान के जरिये देवभूमि के लोगों के आरोग्य के लिए कार्य किया जा रहा है। केंद्रीय आयुष सचिव वैद्य राजेश कुटेचा के अनुसार-प्रकृति परीक्षण अभियान के पूरे देश में अच्छे परिणाम मिल रहे हैं। उत्तराखंड भी इस अभियान में देश के साथ अच्छे से कदमताल कर रहा है। उत्तराखंड की आयुर्वेद के मामले में विशिष्ट स्थिति है। इसलिए हमें उत्तराखंड से खास उम्मीद है। अभी तक हमने जो पाया है, उसके अनुसार, उत्तराखंड की प्रगति बहुत अच्छी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आयुष के जरिए लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने के लिए बहुत अच्छा कार्य कर रहे हैं। इस अभियान के शुरू होने से पहले ही उन्होंने लोगों के अच्छे स्वास्थ्य के लिए कई अच्छे कदम उठाए हैं। *मै हमेशा यह कहता हूं कि उत्तराखंड आयुर्वेद की प्रारंभ से ही प्रज्ञा भूमि रही है। आयुर्वेद केवल उपचार की चिकित्सा पद्धति नहीं है, बल्कि इससे कहीं आगे बढ़कर जीवन जीने की विशिष्ट कला है। प्रकृति परीक्षण अभियान और केंद्र की आयुष संबंधी सभी योजनाओं के मार्फत लोगों का उत्तम स्वास्थ्य सुनिश्चित करने के प्रयास किए जा रहे हैं।



## राज्य की आर्थिकी बढ़ाने के लिए नवाचार पर विशेष ध्यान दिया जाए : मुख्यमंत्री

विशेष संवाददाता | देहरादून

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरूवार को सचिवालय में सशक्त उत्तराखण्ड 2025 की समीक्षा करते हुए कहा कि पूर्व में उत्तराखण्ड के रजत उत्सव वर्ष तक सभी विभागों को दो-दो गेम चेंजर योजनाओं पर कार्य करने के निर्देश दिये गये थे। सभी विभागों को उन्होंने इस संबंध में हुई कार्य प्रगति का स्पष्ट विवरण आगामी बैठक में उपलब्ध कराने के निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2027 तक राज्य की जीएसडीपी दोगुना करने का लक्ष्य रखा गया है। इस लक्ष्य को पूर्ण करने के लिए सभी विभाग अल्पकालिक, मध्यकालिक तथा दीर्घकालिक योजना के अनुसार तेजी से कार्य करें। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिये कि यह सुनिश्चित किया जाए कि जो भी कार्य किये जाएं उनका परिणाम धारातल पर पूर्ण रूप से दिखाई दे। कार्यों की गुणवत्ता और समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाए। कार्यों में तेजी लाने के लिए सचिव और विभागाध्यक्षों की व्यक्तिगत जिम्मेदारी होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आदर्श उत्तराखण्ड की दिशा में तेजी से कार्य किया जाना अधिकारियों का दायित्व है। राज्य की आर्थिकी बढ़ाने के लिए नवाचार पर विशेष ध्यान दिया जाए। कृषि, बागवानी, ऊर्जा, पर्यटन, आयुष जैसे क्षेत्रों में राज्य में अनेक संभावनाएं हैं। इन क्षेत्रों में रोजगार की भी अपार संभावनाएं हैं। इन क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन्वेस्टर समिट के दौरान आये निवेश प्रस्तावों की तेजी से ग्राउंडिंग हो, इसके लिए और प्रभावी प्रयास किये जाएं। बैठक में उपाध्यक्ष अवस्थापना अनुश्रवण परिषद विश्वास डाबर, सेतु के उपाध्यक्ष राजशेखर जोशी, अपर मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, प्रमुख सचिव आर. के. सुधांशु, सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम, शैलेश बगोली, दिलीप जावलकर, डॉ. बी.वी.आर.सी पुरूषोत्तम, डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय, डॉ. रंजीत सिन्हा, विनय शंकर पाण्डेय, एस.एन पाण्डेय एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## सफर में पसरा सन्नाटा- मेरठ-लखनऊ वंदे भारत को नहीं मिल रहे यात्री

**लखनऊ, एजेंसी।** देश की सबसे लोकप्रिय ट्रेन वंदे भारत को लेकर यात्रियों में जबरदस्त उत्साह रहता है। हर किसी की ख्वाहिश होती है कि वंदे भारत ट्रेन उनके शहर से होकर गुजरे, ताकि वे इस हाई-स्पीड ट्रेन की यात्रा का आनंद ले सकें। हालांकि, कुछ रूट ऐसे भी हैं जहां वंदे भारत ट्रेन को अपेक्षित यात्री नहीं मिल रहे हैं। ऐसे ही एक रूट पर चलने वाली मेरठ-लखनऊ वंदे भारत एक्सप्रेस की सीटें अक्सर खाली रहती हैं। यात्रियों की कमी से जूझ रही इस ट्रेन के लिए रेलवे ने एक खास योजना बनाई है। रेलवे प्रशासन ने इस ट्रेन को वाराणसी तक विस्तारित करने का फैसला लिया है और इसके लिए कार्य शुरू कर दिया है। इस कदम का उद्देश्य न केवल यात्रियों की संख्या बढ़ाना है, बल्कि ट्रेन की क्षमता का भी बेहतर उपयोग सुनिश्चित करना है। इस योजना को अमलीजामा पहनाने के लिए उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल को प्रस्तावित विस्तार पर एक सर्वेक्षण कर फिजिबिलिटी रिपोर्ट तैयार करने का निर्देश दिया गया है।



**मेरठ-लखनऊ वंदे भारत को पहले मिला था अच्छा रिस्पॉन्सः** वंदे भारत एक्सप्रेस को मेरठ और लखनऊ के बीच शुरू किए जाने के बाद शुरुआती दिनों में यात्रियों का अच्छा रेस्पॉन्स मिला था। लेकिन अब रेलवे को इस रूट पर असंतुलित यात्री संख्या के कारण आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। लखनऊ से मेरठ जाने वाली ट्रेन में यात्री संख्या ठीक है, लेकिन मेरठ से लखनऊ लौटने वाले यात्रियों की संख्या कम हो रही है। इस कारण रेलवे ने ट्रेन को वाराणसी तक बढ़ाने की योजना बनाई है, ताकि इस ऐतिहासिक और धार्मिक शहर तक यात्री संख्या में इजाफा हो सके।

**मेरठ-लखनऊ वंदे भारत को नहीं मिल रहे यात्री:** रेलवे अधिकारियों का मानना है कि वाराणसी तक विस्तार से न केवल ट्रेन की उपयोगिता बढ़ेगी, बल्कि वाराणसी जैसे प्रमुख धार्मिक और पर्यटन स्थल तक कनेक्टिविटी बेहतर होगी। लखनऊ मंडल द्वारा तैयार की जाने वाली फिजिबिलिटी रिपोर्ट में इस विस्तार से होने वाले आर्थिक और यात्री लाभों का मूल्यांकन किया जाएगा। मौजूदा वक्त में गाड़ी संख्या 22490 वंदे भारत एक्सप्रेस की चेयरकार और एग्जिक्यूटिव क्लास में सीटों की उपलब्धता यात्रा मांग में कमी को दर्शाती है। 12 से 15 दिसंबर के बीच चेयरकार में क्रमशः 343, 353, 347, और 324 सीटें खाली हैं। वहीं, एग्जिक्यूटिव क्लास में 18, 32, 28, और 5 सीटें खाली हैं। चेयरकार का किराया 1355 रुपये है जबकि एग्जिक्यूटिव क्लास का किराया 2415 रुपये है। वाराणसी तक विस्तार से ट्रेन को धार्मिक और पर्यटन यात्रियों की संख्या में वृद्धि की उम्मीद है। वाराणसी के अलावा, इस रूट पर पड़ने वाले अन्य शहर भी इस सेवा से लाभान्वित होंगे। रेलवे प्रशासन का मानना है कि इस कदम से राजस्व में सुधार होगा और वंदे भारत एक्सप्रेस की लोकप्रियता को और बढ़ावा मिलेगा। रेलवे को उम्मीद है कि वाराणसी तक विस्तार यात्रियों को बेहतर कनेक्टिविटी और सुविधा प्रदान करना है।

## गुरुग्राम में गरजे बुलडोजर; कई मकान मलबे में तब्दील, अगले 7 दिन में बड़ा ऐक्शन

**गुरुग्राम, एजेंसी।** गुरुग्राम में एकबार फिर बड़ा बुलडोजर ऐक्शन सामने आया है। बताया जाता है कि भारी पुलिस बल की मौजूदगी में गांव बहरामपुर में अवैध रूप से पनप रही कॉलोनी में बुधवार को बुलडोजर चल दिया गया। ऐक्शन के दौरान बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों की मौजूदगी के कारण चलाए गए अभियान में किसी तरह का विरोध नहीं देखा गया। तीन जेसीबी की मदद से चलाए गए इस अभियान के तहत 10 निर्माणाधीन मकानों को मलबे में मिलाया गया। इसके अलावा करीब डेढ़ किलोमीटर लंबी निर्मित सड़क को उखाड़ दिया। 125 मकानों को तैयार करने के लिए बनाई गई डीपीसी और चारदीवारी को मलबे में मिलाया। बुधवार सुबह 11 बजे नोडल अधिकारी, तोड़फोड़ आरएस बाठ के नेतृतव में एक तोड़फोड़ दस्ता गांव बहरामपुर में पहुंच गया। डीटीपीई का आदेश मिलने के बाद तोड़फोड़ दस्ते ने निर्माणाधीन मकानों का निर्माण रूकवाकर उन्हें तोड़ना शुरू कर दिया। इस दौरान नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग के अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। तोड़फोड़ के दौरान निर्माणाधीन मकान के मालिकों ने भूमाफियाओं के साथ किए गए करार की कॉपी डीटीपीई को सौंपी। डीटीपीई ने उन्हें बताया कि इस जमीन का मामला सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है।

# स्मृति मंधाना ने रच दिया इतिहास

## 2024 में वनडे में लगाए 4 शतक



### एक साथ तोड़े 7 खिलाड़ियों का रिकॉर्ड

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम और ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम के बीच 3 मैचों की वनडे सीरीज का आखिरी मुकाबला पर्थ में खेला गया। इस मैच में भारत को 83 रन से हार मिली और टीम इंडिया 298 रन के जवाब में 215 रन पर आउट हो गई। इस मैच में भारत की तरफ से ओपनर बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने शतकीय पारी खेली और सबसे ज्यादा रन बनाने वाली बल्लेबाज भी रहीं।

इस मैच में मंधाना ने कंगारू टीम के खिलाफ अपना शतक 103 गेंदों पर पूरा किया और इस दौरान उन्होंने एक छक्का और 13 चौके भी लगाए। ये वनडे क्रिकेट में मंधाना का 9वां शतक रहा साथ ही कंगारू टीम के खिलाफ दूसरा वनडे शतक रहा। मंधाना के अलावा इस मुकाबले में अन्य कोई भी भारतीय बल्लेबाज नहीं चल पाया और टीम को हार मिली। भारत को तीन मैचों की वनडे सीरीज में कंगारू टीम ने 3-0 से हरा दिया। वनडे क्रिकेट में मंधाना ने साल 2024 में पर्थ में अपना चौथा शतक लगाया और वो महिला वनडे क्रिकेट में एक कैलेंडर वर्ष में 4 शतक लगाने वाली पहली खिलाड़ी बन गईं। इस चौथे शतक के साथ ही उन्होंने 7 खिलाड़ियों को एक साथ पीछे छोड़ दिया जिन्होंने वनडे प्रारूप में एक साल में 3-3 शतक लगाए थे। इसमें बेलिंडा क्लार्क, मेग लैनिंग, सैटरथवेट, सोफी डिवाइन, सिदरा अमीन, नैट साइवर-ब्रंट और लॉरा वोल्वार्ड्ट शामिल हैं।

**एक कैलेंडर वर्ष में महिला वनडे में सर्वाधिक शतक**

4 - स्मृति मंधाना (2024)
3 - बेलिंडा क्लार्क (1997)
3 - मेग लैनिंग (2016)
3 - एमी सैटरथवेट (2016)
3 - सोफी डिवाइन (2018)
3 - सिदरा अमीन (2022)
3 - नैट साइवर-ब्रंट (2023)
3 - लॉरा वोल्वार्ड्ट (2024)

**महिला वनडे में सर्वाधिक शतक**

15 - मेग लैनिंग (ऑस्ट्रेलिया)
13 - सुजी बेट्स (न्यूज़ीलैंड)
10 - टैमी ब्यूमोंट (इंग्लैंड)
9 - स्मृति मंधाना (भारत)
9 - चमारी अथापथु (एसएल)
9 - चार्लोट एडवर्ड्स (इंग्लैंड)
9 - नेट साइवर ब्रंट (इंग्लैंड)



### मिल गई वर्ल्ड कप की मेजबानी

# सऊदी अरब में लगेगा फुटबॉल का महाकुंभ...

**नईदिल्ली, एजेंसी।** 2034 फुटबॉल फैन्स के लिए एक बड़ी खबर सामने आ रही है. अब सऊदी अरब में भी फुटबॉल का महाकुंभ देखने को मिलेगा. बता दें कि फेडरेशन इंटरनेशनल फुटबॉल एसोसिएशन ने 2030 और 2034 फीफा वर्ल्ड कप की मेजबानी का ऐलान कर दिया है. फीफा ने फुटबॉल वर्ल्ड कप 2034 की मेजबानी सऊदी अरब को दी है. इसके अलावा 2030 फीफा वर्ल्ड कप की भी घोषणा कर दी गई है. 2030 वर्ल्ड कप की मेजबानी संयुक्त रूप से स्पेन, पुर्तगाल और मोरक्को को दी गई है. इसकी घोषणा फीफा के अध्यक्ष गियानी इनफैनटिनो की है.

**कतर वर्ल्ड कप में अर्जेंटीना बनी थी चैम्पियन**

बता दें कि 2 साल पहले यानी 2022 में ही फुटबॉल वर्ल्ड कप का आयोजन कतर में हुआ था. एक बार फिर अब यह टूर्नामेंट अरब देश में होने जा रहा है. कतर वर्ल्ड कप में लियोनल मेसी की कप्तानी वाली अर्जेंटीना की धूम रही थी. इसी टीम ने खिताब भी जीता था.

फीफा वर्ल्ड कप 2022 का फाइनल अर्जेंटीना और फ्रांस के बीच 3-3 से बराबरी पर रहा था. इसके बाद पेनल्टी शूटआउट हुआ, जिसमें अर्जेंटीना ने 4-2 से बाजी मारी. अर्जेंटीना ने यह इतिहास में तीसरी वर्ल्ड कप खिताब जीता.

### रोहित शर्मा पर अब तक का सबसे बड़ा हमला



## लंबे समय तक खेलने वाले नहीं हैं...

**नईदिल्ली, एजेंसी।** रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम इंडिया ब्रिसबेन में खेले जा रहे तीसरे टेस्ट में जीत की तैयारी में जुटी है. एडिलेड की हार के बावजूद भारतीय टीम के हौसले बुलंद हैं क्योंकि पिछले दौरे पर भी उसने गाबा का किला फतेह किया था. टीम इंडिया में पिछले दौरे की जीत को दोहराने का जुनून साफ दिखाई दे रहा है. लेकिन, इन सबके बीच भारतीय कप्तान को साउथ अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर डैरिल कलिनन ने निशाने पर ले लिया है. उन्होंने रोहित शर्मा पर एक नहीं बल्कि दो बड़े आरोप लगाए हैं, जो कि उनकी बल्लेबाजी और शरीर के वजन से जुड़े हैं. कलिनन के मुताबिक रोहित लंबे समय तक खेलने वाले नहीं हैं. बिग क्रिकेट लीग में नॉर्दन चैलेंजर्स टीम को कोच कर रहे डैरिल कलिनन ने Insidesport से खास बातचीत में पहले तो रोहित शर्मा की बल्लेबाजी पर सवाल उठाए. फिर उनके वजन पर. उन्होंने कहा कि हिटमैन रोहित सपाट पिचों के शहंशाह हैं.

### पूर्व स्टार इंग्लिश फुटबॉलर कैंपबेल बोले

## भारत को मैं क्रिकेट से जानता हूं



**कोलकाता, एजेंसी।** इंग्लिश प्रीमियर लीग में आर्सेनल के महान फुटबॉलर 50 वर्षीय कैंपबेल ने कहा, जो भी फुटबॉल से प्यार करता है, उसे दौड़ने से भी प्यार करना चाहिए, क्योंकि यही आपको सर्वश्रेष्ठ बनाता है। इंग्लैंड फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान प्रसिद्ध फुटबॉलर सोल कैंपबेल का बुधवार देर शाम कोलकाता एयरपोर्ट पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। कैंपबेल ने कहा, यहां आना उनके लिए खुशी की बात है। इंग्लैंड का होने के नाते वह भारत को क्रिकेट के जरिये जानते हैं, लेकिन उन्होंने यह भी सुना है कि कोलकाता अपने खेल प्रेमी लोगों के लिए भी प्रसिद्ध है। कैंपबेल इस बार के टाटा स्टील वर्ल्ड 25के रेस के अंतरराष्ट्रीय इवेंट राजदूत हैं।

इंग्लैंड के लिए सेंटर बैक के रूप में 73 मैच खेलने वाले कैंपबेल ने कहा, खिलाड़ी होने के नाते खेल प्रेमियों के शहर में आकर खुशी महसूस हो रही है। साथ ही टाटा स्टील वर्ल्ड 25के कोलकाता का हिस्सा बनकर मुझे खुशी हो रही है। यह एक रेस है, जिसने समुदायों को एकजुट किया। साथ ही स्वस्थ एवं सक्रिय जीवन की दिशा में काम कर रही है।

## एसए20 में कार्तिक के बाद और भारतीय खिलाड़ियों के भी खेलने की उम्मीद: जैक कैलिस



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दक्षिण अफ्रीका के महान ऑलराउंडर जैक कैलिस ने कहा कि दिनेश कार्तिक का एसए20 टूर्नामेंट के तीसरे सीजन में खेलना इस बात की शुरुआत हो सकती है कि भविष्य में और भी भारतीय खिलाड़ी इस छह टीमों वाली लीग में हिस्सा लें। दिनेश कार्तिक ने इस साल आईपीएल और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया था। वह एसए20 में खेलने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बनेंगे। वह 9 जनवरी 2025 से शुरू होने वाले तीसरे सीजन में पार्ल रॉयल्स टीम का हिस्सा होंगे।

जैक कैलिस एसए20 के ब्रांड एंबेसडर हैं। दिग्गज ऑलराउंडर ने आईएएनएस के साथ एक वर्चुअल बातचीत में कहा, ÷यह बहुत शानदार है कि भारत के बेहतरीन खिलाड़ी इस लीग में आ रहे हैं। भारतीय खिलाड़ियों को आमतौर पर दुनियाभर की लीग में खेलने की इजाजत नहीं मिलती थी। उम्मीद है, यह शुरुआत है। आगे और भी भारतीय खिलाड़ी यहां खेलेंगे।



## नीलम भारद्वाज का घरेलू सीरीज में जलवा

**अहमदाबाद, एजेंसी।** उत्तराखंड की 18 वर्षीय बल्लेबाज नीलम भारद्वाज ने अपने राज्य की टीम के लिए खेलते हुए नागालैंड के खिलाफ दोहरा शतक लगाते हुए रिकॉर्ड बना दिया है। वह वनडे में दोहरा शतक लगाने वाली भारत की सबसे युवा महिला क्रिकेटर बन गई हैं। नीलम ने अपनी तूफानी पारी में 137 गेंद खेलते हुए नाबाद 202 रन ठोके जिसमें 27 चौके और दो छक्के शामिल हैं। उनकी पारी से उत्तराखंड ने 50 ओवर में 371 रन का विशाल स्कोर बनाया जिसके जवाब में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन ने नागालैंड की टीम को 47 ओवर में 112 रन पर समेट दिया। अंत में नीमल प्लेयर ऑफ द मैच बनीं।

**दोहरा शतक लगाने वाले सबसे युवा भारतीय बनी**

**दोहरा शतक लगाने वाली भारतीय महिला क्रिकेटर्स**

नीलम भारद्वाज - नाबाद 202 रन, नागालैंड के खिलाफ
स्मृति मंधाना - 224 रन, गुजरात के खिलाफ
श्वेता सहरावत - 242 रन, नागालैंड के खिलाफ

**बचपन तंगी में बीता, कोच ने दिया सहारा**

उत्तराखंड के कुमाऊं क्षेत्र में रामनगर रेलवे स्टेशन के पास झुग्गियों में पली- बढ़ी नीलम का बचपन आर्थिक तंगी में बीता। उनके पिता नरेश भारद्वाज प्लाई फैक्ट्री में दिहाड़ी मजदूर थे। लकड़ियां ढोते समय संतुलन खोने से चार साल पहले उनका निधन हो गया। इससे नीलम के क्रिकेट करियर पर मुश्किलों के बादल मंडराने लगे। इस मुश्किल वक्त में नीलम के बचपन के कोच मोहम्मद अंसारी ने उन्हें संभाला। उन्होंने कहा, नीलम 8 साल की उम्र में मेरे पास क्रिकेट सीखने आई थी। जब वह 11-12 साल की थी, उसने अंडर-19 टीम में जगह बनाई। वह मेरे लिए गौरवान्वित करने वाला पल था।

### बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल्स

## ट्रीसा-गायत्री ने मलेशियाई जोड़ी को हराकर सेमीफाइनल की उम्मीदें बरकरार रखीं



**हांगझोउ, एजेंसी।** ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की भारतीय महिला युगल जोड़ी ने गुरुवार को बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल्स के अपने दूसरे ग्रुप ए मुकाबले में मलेशिया की पर्ली टैन और थिनाह मुरलीधरन को 21-19, 21-19 से हराया।

भारतीय जोड़ी ने साल के अंत में होने वाले इस टूर्नामेंट में सेमीफाइनल की अपनी उम्मीदों को बरकरार रखते हुए मलेशियाई जोड़ी को महज 46 मिनट में हरा दिया। ट्रीसा और गायत्री बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल्स के लिए क्वालीफाई करने वाली एकमात्र भारतीय हैं।

ट्रीसा और गायत्री ने आक्रामक रणनीति के साथ अपने मैच की शुरुआत की और शुरुआती गेम में 6-2 की बढ़त हासिल की। मलेशियाई जोड़ी ने जल्द ही जवाबी हमला किया और मैच को बराबरी पर ला दिया। हालांकि, भारतीय जोड़ी ने निर्णायक क्षणों में अपना संयम बनाए रखा और पहला गेम जीत लिया।

दूसरे गेम में भी पहले गेम की तरह ही तीव्रता देखने को मिली। पहले पांच अंकों तक संतुलित शुरुआत के बाद मलेशियाई जोड़ी ने थोड़ी बढ़त हासिल कर ली। 19-19 तक यह एक करीबी मुकाबला रहा, लेकिन ट्रीसा और गायत्री ने एक बार फिर अपना संयम बनाए रखा और लगातार दो अंक लेकर मैच को अपने नाम कर जीत सुनिश्चित की।

भारतीय जोड़ी को बुधवार को अपने शुरुआती मैच में झटका लगा और वे विश्व की नंबर 1 और पेरिस ओलंपिक की रजत पदक विजेता चीन की लियू शेंग शू और टैन निंग से 20-22, 22-20, 21-14 से हार गईं। भारतीय जोड़ी अपने ग्रुप में चीनी जोड़ी के बाद दूसरे स्थान पर है।

सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की करने के लिए उन्हें शुक्रवार को नामी मात्सुयामा और चिहारू शिदा की जापानी जोड़ी के खिलाफ जीत हासिल करनी होगी।

## गाबा टेस्ट वह जगह है जहां स्मिथ, ख्वाजा फॉर्म हासिल करना चाहेंगे : कैटिच



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर साइमन कैटिच अपने निराशाजनक प्रदर्शन के बावजूद अनुभवी बल्लेबाजों उस्मान ख्वाजा और स्टीव स्मिथ के फॉर्म को लेकर आशावादी हैं और उन्होंने भरोसा जताया कि ब्रिसबेन में शनिवार से शुरू होने वाला गाबा टेस्ट इस जोड़ी को बड़ा स्कोर बनाने का मौका दे सकता है।

दोनों खिलाड़ियों ने सीरीज में अब तक संघर्ष किया है, ख्वाजा ने चार पारियों में 8, 4, 13 और नाबाद 9 रन बनाए हैं और स्मिथ ने सिर्फ 0, 17 और 2 रन बनाए हैं। लेकिन, कैटिच ने पर्थ में दूसरी पारी में स्मिथ और एडिलेड में पहली पारी में ख्वाजा से संकेत पाया कि दोनों ने थोड़ा सा टच हासिल किया है, लेकिन इसे महत्वपूर्ण रन में नहीं बदल पाए हैं।

कैटिच ने एसईएन मॉर्निंग्स पर कहा, मुझे लगता है कि एडिलेड में पहली पारी में उज़्ी ने अच्छा प्रदर्शन किया।

# घुड़सवारी के खेल में घोड़े को एथलीट माना जाए या उपकरण? उठे सवाल?

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली उच्च न्यायालय असल में ईएफआई के प्रशासन पर एक याचिका पर सुनवाई कर रहा है जिसमें उस पर निजी क्लबों और संस्थानों को मतदान का अधिकार देकर राष्ट्रीय खेल संहिता का उल्लंघन करने का आरोप लगाया गया है। घुड़सवारी के खेल इक्वेसट्रियन में घोड़े को एथलीट कहा जाए या उपकरण, यह चर्चा का विषय बन गया है। भारतीय घुड़सवारी महासंघ (ईएफआई) उन्हें एथलीटों के साथ जोड़ना चाहता है, लेकिन घुड़सवारों ने ऐसी किसी चीज के लिए जोर देने के खिलाफ सावधानी बरतने का आग्रह किया है जो आगे चलकर चीजों को जटिल कर सकती है।



**दिल्ली उच्च न्यायालय कर रहा सुनवाई**

दिल्ली उच्च न्यायालय असल में ईएफआई के प्रशासन पर एक याचिका पर सुनवाई कर रहा है जिसमें उस पर निजी क्लबों और संस्थानों को मतदान का अधिकार देकर राष्ट्रीय खेल संहिता का उल्लंघन करने का आरोप लगाया गया है। यह मामला ईएफआई से मान्यता प्राप्त राजस्थान की इकाई ने दायर किया गया है जो चाहता है कि यह अधिकार केवल राज्य संघों के पास हो।

**ईएफआई ने असंबंधित दलील दी**

एक सुनवाई के दौरान ईएफआई ने यह असंबंधित दलील दी जिसने खेल का अनुसरण करने वालों के साथ-साथ इसमें शामिल लोगों की भी रुचि जगाई। एशियाई खेल 1998, 2002 और 2006 में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य रहे राजेश पट्टू ने ईएफआई की पूरी दलील को खारिज करते हुए कहा, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि घोड़ा एथलीट है या उपकरण क्योंकि वह भारतीय घुड़सवारी महासंघ के चुनावों में मतदान नहीं करने जा रहा है।

**घुड़सवार फवाद मिर्जा ने क्या कहा?**

उन्होंने कहा, ईएफआई इस तरह की अप्रासंगिक दलील देकर अदालत का समय बर्बाद कर रहा है।

इसका निर्वाचन मंडल से कोई लेना-देना नहीं है जो कि मुख्य मामला है। ओलंपिक (टोक्यो ओलंपिक 2021) के लिए क्वालिफाई करने वाले पहले भारतीय घुड़सवार फवाद मिर्जा घोड़ों को एथलीट के रूप में वर्गीकृत करने के पक्ष में हैं लेकिन उन्होंने इस तरह के कदम से आने वाली जटिलताओं के बारे में चेतावनी भी दी।

**घोड़ों को एथलीट मानते हैं फवाद**

उन्होंने कहा, निश्चित रूप से मैं अपने घोड़े को एक एथलीट मानता हूं। मैं अपने घोड़े को एक पेशेवर और उच्च श्रेणी के एथलीट के रूप में देखता हूं।

दूसरी ओर यदि आप उन्हें कानूनी चीजों के संबंध में, कानूनी व्यक्ति के रूप में, कानून के माध्यम से, या उन्हें पुरस्कृत करके मानवीय बनाने की कोशिश करते हैं तो यह काफी कठिन और जटिल हो जाता है।

**मानवीय चीजों को कानून से न जोड़ें**

मिर्जा ने कहा, वे आखिरकार जानवर हैं और अगर आप मानवीय चीजों और विचारों तथा कानून को जोड़ने की कोशिश करते हैं तो मुझे लगता है कि यह स्थिति को जटिल बनाता है। मिर्जा और पट्टू दोनों फिलहाल जर्मनी के सारब्रुकेन में ट्रेनिंग ले रहे हैं।

## न्यूज बाइट्स

### पुस्तक मेला में हसपुरा के पत्रकार द्वारा लिखी किताब

**हसपुरा (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** पटना में कार्यरत हसपुरा प्रखंड के बिरहारा निवासी पत्रकार सुधीर सिंह की नई किताब 'बिहार में भगत सिंह' का लोकार्पण रविवार को पटना पुस्तक मेले होगा। लोकार्पण के बाद राज्य के पांच वरिष्ठ पत्रकार पुस्तक पर चर्चा करेंगे। चर्चा में पत्रकार और लेखक सुधीर सिंह भी मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम का आयोजन सीआरडी, पटना पुस्तक मेले के मुख्य मंच पर दोपहर दो बजे से तीन बजे तक होगा। चर्चा में इंडिया टुडे के पुष्यमित्र, हिंदुस्तान के चंदन द्विवेदी, दैनिक जागरण के कुमार रजत, दैनिक भास्कर के कमल किशोर विनीत और प्रभात खबर के सुमित सिन्हा भाग लेंगे। यह किताब शहीद-ए-आजम भगत सिंह, उनके साथियों और उनके दल हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन आर्मी की बिहार में गतिविधियों पर केंद्रित है। किताब में साक्ष्यों और दस्तावेजों के हवाले से भगत सिंह और चंद्रशेखर आजाद के बिहार में आने की घटनाओं के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई है। गौरतलब है कि सुधीर सिंह बिहार के वरिष्ठ पत्रकार हैं। वें पिछले आठ वर्षों से क्रांतिकारियों पर काम कर रहे हैं। वे द फ्रीडम के नाम से क्रांतिकारियों पर केंद्रित डिजिटल प्लेटफार्म संचालित करते हैं।

### एमिटी यूनिवर्सिटी ने जॉब के लिए पढ़ाई पर बच्चों को किया मोटिवेट

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** शहर के राजा बगीचा रैनबो क्लासेज के विद्यार्थियों को एमेटी इन्वरसिटी पटना के पदाधिकारियों द्वारा जॉब के लिए पढ़ाई पर मोटिवेट किया। एमेटी इन्वरसिटी के सीनियर मैनेजर विशाल पांडेय ने बच्चों को बीपीएसी, नर्सिंग, इंजीनियरिंग, मेडिकल सहित कई सरकारी एवं निजी कंपनियों में बड़े ओहदे हासिल करने के लिए पढ़ाई का समय, मेहनत की लगन के साथ कैसे पढ़ाई करें कि बोरियत न हो और आसानी से याद भी रहे। इसके लिए कई टिप्स की जानकारी बच्चों को दी। उन्होंने कहा एमिटी के सीनियर मैनेजर विशाल पांडेय ने एमिटी यूनिवर्सिटी के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए कहा कि 70 प्रतिशत अंक वाले विद्यार्थियों को 25, 85 प्रतिशत अंक वाले को 50 और 93 प्रतिशत अंक प्राप्त विद्यार्थियों के लिए यूनिवर्सिटी में 100 प्रतिशत स्कॉलरशिप दिया जाएगा। रैनबो क्लासेज के शिक्षक रंजीत कुमार ने बच्चों के बीच कहा कि इंटर के बाद ही लक्ष्य का निर्धारण होता है।अभी आप जो लक्ष्य निर्धारित करेंगे और जिस क्षेत्र में जाना चाहेंगे।उसमें फोकस करके मेहनत के साथ लग जायें। उन्होंने कहा कि बच्चों के सौभाग्य की बात है कि एमेटी इन्वरसिटी पटना से आकर आपको दिशा निर्देश में मदद के लिए हाथ बढ़ाया है। इंटर में अच्छे अंक लाकर अपने जीवन के सपने को पुरा करें। यही अंक आपका उत्कृष्ट जीवन की कुंजी का काम करेगा। इस मौके पर एमेटी इन्वरसिटी के सहायक मैनेजर ब्रजेश कुमार, शिक्षक संतोष यादव, अंकिता कुमारी, रंजीत कुमार, निशा कुमारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### राजस्व विभाग की सेवायें अब सरस मेला में भी उपलब्ध

**पटना (नि. सं.)।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने आम जनता को विभागीय सेवाओं से परिचित कराने और सुविधाओं का लाभ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से गांधी मैदान में गुरुवार से शुरू बिहार सरस मेला में स्टॉल लगाया है। विभाग ने 12 से 26 दिसंबर तक चलने वाले बिहार सरस मेला में भी स्टॉल लगाकर राजस्व नक्शों तथा ऑनलाइन विभागीय सेवायें प्रदान करने का निर्णय लिया है। लोग यहाँ आकर ई- मापी, परिमार्जन, परिमार्जन प्लस, दाखिल- खारिज सहित अन्य ऑनलाइन सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं। साथ हीं यहाँ कैथी लिपि की पुस्तिका भी उपलब्ध है। लोग इसे 50 रुपये देकर खरीद सकते हैं। इसके साथ राजस्व विभाग ने अभी सोनपुर मेला और पटना पुस्तक मेला में भी स्टॉल लगाया है, जहाँ राजस्व नक्शों सहित अन्य सभी ऑनलाइन विभागीय सेवायें प्रदान की जा रही हैं। इन दोनों मेलों में स्टॉल पर आने वाले लोगों की प्रतिक्रियाओं को देखते हुए राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा बिहार सरस मेला में भी स्टॉल लगाने का निर्णय लिया गया है। दरअसल विभाग द्वारा यह निर्णय आमजनों की माँग पर लिया गया है। पटना पुस्तक मेला में आए कई लोगों ने विभाग के इस निर्णय को सराहा तथा इस प्रकार के स्टॉल्स अन्य जगहों पर लगाये जाने की भी माँग की।सबसे अधिक भीड़ राजस्व नक्शों के लिये रही। इसके अलावा, विभाग ने नक्शा प्राप्त करने की ऑनलाइन सेवा भी शुरू की है।

---

प्रथम और द्वितीय किश्त वितरण समारोह, बेहतर काम करने वालों को किया सम्मानित

# उद्यमी योजना के लिए पांच लाभुकों को मिला चेक

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद




बिहार सरकार की महत्वपूर्ण योजना मुख्यमंत्री उद्यमी योजना और बिहार लघु उद्यमी योजना के तहत प्रथम और द्वितीय किश्त वितरण समारोह का आयोजन औरंगाबाद जिला के समाहरणालय के सभाकक्ष भवन में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री, औरंगाबाद उघोग महा प्रबंधक मो. अफरान सहित अन्य अधिकारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर और बिहार गीत गायन कर किया।

इस दौरान मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के 5 चयनित लाभुकों को औरंगाबाद डीएम की तरफ से सांकेतिक चेक का वितरण किया। मोहम्मद साजिद रशीद को सेनटरी नैपकिन, सुशील कुमार को आटा ,सत्तू, बेसन परियोजना को लेकर, अजीत कुमार को नोटबुक फाइल फोल्डर, पूजा कुमारी को बढ़ई गिरी , खुशबू कुमारी को पशु आहार परियोजना को लेकर मुख्यमंत्री योजना के अंतर्गत 2 लाख का सांकेतिक चेक का वितरण किया गया। बिहार लघु उद्यमी योजना के अंतर्गत 2023 और 2024 में चयनित आईटी बिजनेस के लिए सिद्धेश कुमार , काजल कुमारी, फल जूस के लिए महेंद्र पासवान को, रेडीमेड वस्त्र निर्माण के लिए संजीव राम, ब्यूटी पार्लर के लिए खुशबू कुमारी को औरंगाबाद डीएम ने एक लाख रुपए का द्वितीय किश्त के लिए सांकेतिक चेक वितरण किया।

**किश्त की स्वीकृति पत्र सौंपा**

इस दौरान विगत वर्षों में मुख्यमंत्री उद्यमी योजना से लाभ मिलने के बाद उत्कृष्ट कार्य करने के लिए पीयूष पाठक, देवेंद्र कुमार सिंह, उमेश कुमार अंकुश कुमार और हरेंद्र कुमार को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं, बिहार लघु उद्यमी योजना के अंतर्गत 2023 और 2024 में चयनित राजू चौधरी, प्रह्लाद विश्वकर्मा, उदय कुमार, दीपक कुमार, अविनाश कुमार को द्वितीय किश्त की स्वीकृति पत्र दिया गया। औरंगाबाद डीएम श्रीकांत शास्त्री ने बताया कि मुख्यमंत्री उद्यमी योजना और बिहार लघु उद्यमी योजना दोनों ही महत्वपूर्ण योजना है। मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के तहत अधिकतम 10 लाख रुपए लोन दिए जाते। उन्होंने बताया कि इसमें 5 लाख सब्सिडी के रूप में दी जाती है। शेष बहुत ही कम ब्याज पर युवा को 84 किश्तों में सरकार को लौटना होता है। उन्होंने बताया कि बिहार लघु उद्योग योजना के तहत 2लाख वैसे लोगों को दिए जाते जिसकी मासिक इनकम 6 हजार से कम होती है। सरकार की सोच है कि जिनकी 6000 से मासिक इनकम कम है वैसे लोगों को की सहायता कर इनकम को बढ़ावा मिले। सरकार उन्हें किराना दुकान, छोटी मोटी दुकान में व अन्य व्यापार के लिए यह पैसा उपलब्ध करवाती है। इसके लिए अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण दिया जाता।

# 14 को लगने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत को ले डीएलएसए के सचिव ने की पैनल अधिवक्ताओं के साथ बैठक

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



जिला विधिक सेवा प्राधिकार(डीएलएसए), औरंगाबाद के सचिव सुकुल राम ने गुरूवार को प्राधिकार के प्रकोष्ठ में प्राधिकार में सूचीबद्ध सभी पैनल अधिवक्ताओं के साथ बैठक की। बैठक में उन्होने पैनल अधिवक्ताओं को प्राधिकार द्वारा दी गई जिम्मेवारी के निर्वहन की सराहना की। कहा कि निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराने में आपकी अहम भूमिका है। आप लोग इसे निरंतर करते आ रहे हैं। विधिक जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से लोगो को हक और अधिकार से अवगत कराने के लिए आप अपने क्षेत्र में विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करते हुए समूचे क्षेत्र के लोगो को लाभान्वित करतें है। इससे प्राधिकार के प्रति लोगो में काफी विश्वास पैदा हुआ है। इस कार्य को आप निरंतर करते रहे।

सचिव ने सभी पैनल अधिवक्ताओं को राष्ट्रीय लोक अदालत में अपने स्तर से पहल करते हुए अधिक से अधिक सुलहनीय वादों के निस्तारण के लिए सक्रिय सहभागिता का निर्देश दिया। साथ ही उन्हें आगामी 14 दिसम्बर को आयोजित वर्ष के अंतिम राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक सुलहनीय आपराधिक वादों को अपने स्तर से निष्पादन करवाने का निर्देश दिया ताकि यह राष्ट्रीय लोक अदालत यादगार साबित हो सके। इस पर सभी पैनल अधिवक्ताओं ने अपने स्तर से पहल करते हुए सुलहनीय वादों को राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से अधिक से अधिक निस्तारण करने में अपनी पूरी क्षमता के साथ सहयोग करने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने के लिए सहमति प्रदान करते हुए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। सचिव ने कहा कि 14 दिसम्बर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी है और 12 बेंच के माध्यम से वादों का निस्तारण किया जाएगा।

# विधवा की हत्या के मामले में 12 साल बाद कोर्ट ने सुनाया सात अभियुक्तों को उम्रकैद

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



व्यवहार न्यायालय के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश(एडीजे)-5 उमेश प्रसाद की अदालत ने विधवा की हत्या के 12 साल पुराने मामले में गुरूवार को सात अभियुक्तों को आजीवन कैद की सजा सुनाई। अपर लोक अभियोजक(एपीपी) देवीनंदन सिंह ने बताया कि कोर्ट ने औरंगाबाद मुफ्फसिल थाना कांड संख्या-11/12,एसटीआर-360/12, जीआर-120/12 में सज़ा के बिंदु पर सुनवाई करते हुए मामले के सभी सात अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सज़ा सुनाई।

बताया कि सभी अभियुक्त अमरेंद्र सिंह, रामध्यान सिंह, धर्मेंद्र सिंह, संजय सिंह, गुड्डु सिंह, साकेत सिंह और निखिल सिंह औरंगाबाद मुफ्फसिल थाना के बाला कर्मा के निवासी है। कोर्ट ने इन सभी को आज़ भादंवि की धारा-302/201 में आजीवन कारावास की सजा और 25 हजार का जुर्माना लगाया है। जुर्माना नही देने पर एक साल के अतिरिक्त साधारण कारावास का प्रावधान किया है। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि कोर्ट ने 6 दिसंबर को सभी अभियुक्तों को दोषी करार देते हुए बंधपत्र विखंडित कर जेल भेज दिया था। उन्होंने बताया कि मामले की प्राथमिकी बतौर सूचक रविरंजन कुमार सिंह ने 18 जनवरी 2012 को दर्ज कराई थी। कहा था कि जमीन विक्रय विवाद के कारण अभियुक्तों ने विधवा मां जयमति कुंवर उर्फ देवंती देवी की 18 जनवरी 2012 को शाम 08 बजे चतरा पुल के पास गोली मारकर हत्या कर दी थी। इसी मामले में कोर्ट ने बचाव पक्ष और अभियोजन पक्ष की दलील सुनने के बाद यह सजा सुनाई।

# डीडीसी ने मनरेगा के तहत बन रहे खेल मैंदान का किया निरीक्षण



निज सं. | गोह / रफीगंज ( औरंगाबाद)

औरंगाबाद। जिले में खेल संस्कृति को प्रोत्साहित करने और ग्रामीण युवाओं को खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मनरेगा के तहत बन रहे खेल मैदानों के कार्यों को तेज गति से पूरा करने की कवायद जारी है। इसी क्रम में औरंगाबाद के उप विकास आयुक्त अभ्येंद्र मोहन सिंह ने गुरुवार को रफीगंज प्रखंड के चौबड़ा और गोह प्रखंड के झिकटिया पंचायतों में निर्माणाधीन खेल मैदानों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त ने कार्य की प्रगति, निर्माण सामग्री की उपलब्धता और गुणवत्ता की समीक्षा की। झिकटिया पंचायत के खेल मैदान को विशेष रूप से मॉडल खेल मैदान के रूप में विकसित करने का निर्देश दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समयसीमा के भीतर कार्य पूरा करने के निर्देश देते हुए कहा कि इन खेल मैदानों को स्थानीय खिलाड़ियों और युवाओं के लिए आदर्श स्थान के रूप में तैयार किया जाना चाहिए। मनरेगा के तहत इन खेल मैदानों का निर्माण ग्रामीण क्षेत्रों में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने और युवा प्रतिभाओं को उभरने का अवसर प्रदान करने के लिए किया जा रहा है। रफीगंज और गोह प्रखंड के इन खेल मैदानों का उद्देश्य न केवल खेल के प्रति रुचि बढ़ाना है, बल्कि ग्रामीण युवाओं को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराना भी है।

# तीन बच्चों के साथ महिला लापता पति ने जताई अनहोनी की आशंका

निज संवाददाता | रफीगंज (औरंगाबाद)

रफीगंज ब्लॉक की रहने वाली एक महिला पिछले 29 दिनों से अपने तीन बच्चों के साथ लापता है। महिला के पति ने अनहोनी की आशंका जताई है। उन्होंने कहा कि 11 नवंबर को मेरे और मेरी पत्नी के बीच झगड़ा हुआ था। इसके एक दिन बाद यानी 12 नवंबर को मैं बाजार गया था। लौटने के बाद देखा तो पत्नी और तीनों बच्चे घर पर नहीं थे। महिला के पति ने काफी खोजबीन के बाद थाने में शिकायत दर्ज कराई, लेकिन 29 दिनों के बाद भी उसकी पत्नी और तीनों बच्चों के बारे में किसी तरह की जानकारी नहीं मिल पाई है।

मामला कासमा थाना क्षेत्र के जकरिया गांव का है। यहां के रहने वाले संजर हुसैन की पत्नी यासमीन खातून और उसके तीन बच्चे करीब एक महीने से गायब हैं। न तो परिजन और न ही पुलिस चारों का सुराग ढूंढ पाए हैं। संजर हुसैन ने जानकारी देते हुए बताया कि 12 नवंबर 2024 को करीब दोपहर 2:25 बजे मेरी पत्नी यासमीन खातून, 11 साल के बेटे मोहम्मद यूसुफ, 9 साल की बेटी सना नसरीन और 7 साल के बेटे ईरम नसरीन के साथ गायब हो गई। संजर हुसैन ने पत्नी और बच्चों के गायब होने के बाद पड़ोस और रिश्तेदारों के पास तलाश की, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। संजर हुसैन ने बताया कि 3 दिसंबर 2024 को इस संबंध में कासमा थाना में भी लिखित आवेदन दिया है। कासमा थाना अध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि गुमशुदगी का आवेदन प्राप्त हुआ है पुलिस द्वारा अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। जानकारी के अनुसार, संजर हुसैन एवं यासमीन खातून के बीच किसी बात को लेकर 11 नवंबर को तू-तू मैं-मैं हुई थी। इसके एक दिन बाद यानी 12 नवंबर को संजर हुसैन रफीगंज मार्केट गया था। जब वो दोपहर करीब ढाई बजे घर आया तो देखा कि घर में कोई नहीं है।

नक्सल विरोधी अभियान में औरंगाबाद पुलिस को मिली बड़ी सफलता

# कारतूसों के मिले जखीरे को गिनने में लगे एक घंटे, दो शक्तिशाली प्रेशर आईईडी भी बरामद

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



अति नक्सल प्रभावित औरंगाबाद जिले में माओवादियों के खिलाफ लगातार चलाये जा रहे अभियान में पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की कोबरा बटालियन के साथ चलाए गया संयुक्त अभियान में गोलियों का जखीरा बरामद किया है। बरामद गोलियों की संख्या इतनी अधिक रही कि पूरी गिनती करने में पुलिस को एक घंटे लगे। पुलिस के मुताबिक सर्च ऑपरेशन में कुल-2206 जिंदा कारतूस एवं 02 शक्तिशाली प्रेशर आईईडी बम बरामद किया गया है। बरामद प्रेशर आईईडी को सुरक्षा के लिहाज से मौके पर ही विनष्ट कर दिया गया। औरंगाबाद के सदर अनुमंडल पुलिस पदधिकारी(एसडीपओ)-2 अमित कुमार ने गुरूवार को मदनपुर में प्रेसवार्ता में बताया कि पुलिस अधीक्षक अंबरीष राहुल के निर्देश पर औरंगाबाद के अति नक्सल प्रभावित इलाकों में लगातार सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में गुरवार को सीआरपीएफ की कोबरा बटालियन के उप-समादेष्टा धीरेंद्र पाठक दिवेश मिश्रा, अपर पुलिस अधीक्षक अभियान एवं एसडीपीओ-2 अमित कुमार के नेतृत्व में चलाए गए संयुक्त अभियान में पुलिस एवं सीआरपीएफ की टीम ने मदनपुर थाना क्षेत्र में पचरूखियां स्थित सीआरपीएफ कैंप से करीब 1.3 किमी. दूर दक्षिण-पूर्व में करीबा-डोभा एवं बांसडीह पहाड़ी के बीच से 2206 जिंदा कारतूस तथा छकरबंधा के नजदीक लड्डूईयां पहाड़ के इलाके से 02 शक्तिशाली प्रेशर आईईडी बम बरामद किया गया। बरामद दोनो प्रेशर आईईडी क्रमशः 03 एवं 04 किलोग्राम के है, जिन्हे सुरक्षा के दृष्टिकोण से यथावत स्थान पर ही सुरक्षित तरीके से विनष्ट कर दिया गया। कहा कि सुरक्षा बलों द्वारा लगातार चलाए जा रहे अभियान से नक्सलियों का मनोबल काफी गिरा हुआ है। नक्सली गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।सर्च ऑपरेशन में बरामद सामानों में 303 बोर(राईफल) का 1970 जिंदा कारतूस, 5.56×39 एमएम(इंसास) का 230 जिंदा कारतूस, 7.62×51 एमएम(एसएलआर) का 06 जिंदा कारतूस एवं दो शक्तिशाली प्रेशर आईईडी शामिल है। सर्च ऑपरेशन में सीआरपीएफ व मदनपुर थाना के इंस्पेक्टर समीर कुमार यादव, पुअनि विकास मीना, भरत सिंह, माधव कुमार सिंह, बीडीडीएस सिपाही अक्षय कुमार एवं मदनपुर थाना के सशस्त्र बल शामिल रहे।

# अदरी नदी को बचाने के लिए 15 से होगी अदरी बचाओं आंदोलन की शुरुआत

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



शहर के कुंडा हाउस में गुरुवार को अदरी बचाओ आंदोलन की जिला समिति की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता जेपी सेनानी अजय श्रीवास्तव ने की, जबकि संचालन भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम कुमार सिंह ने किया। बैठक में आंदोलन के सूत्रधार अनिल कुमार सिंह ने आंदोलन की आगामी रूपरेखा प्रस्तुत की। अनिल कुमार सिंह ने घोषणा की कि 15 दिसंबर को बालूगंज-डुमरी में अदरी नदी के उद्गम स्थल पर पूजा-अर्चना और एक जनसभा के साथ आंदोलन की शुरुआत होगी। उन्होंने कहा कि अदरी नदी को पुनर्जीवित करना न केवल पर्यावरण के लिए आवश्यक है, बल्कि इससे समाज की जल संकट की समस्या भी हल होगी। जनसभा के बाद, रामपुर, डुमरा डुमरी, इसरौर, कर्मा भगवान, बसंतपुर, बसडीहा, हसौली, इब्राहिमपुर, बेला, सन्हौली और सैकड़ों अन्य गांवों में पदयात्रा के माध्यम से जन जागरण अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य अदरी नदी के किनारे बसे गांवों में रहने वाले लोगों को जागरूक करना और नदी की अविरल धारा को बनाए रखने के लिए सामूहिक प्रयास सुनिश्चित करना है। अनिल कुमार सिंह ने कहा कि अदरी नदी क्षेत्र के जलवायु संतुलन का आधार है। इसे संरक्षित करना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने आंदोलन में सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की।

बैठक में पूर्व मुखिया जुलेखा खातून, विक्रांत सिंह, सुमन अग्रवाल, रघुनाथ राम, तुलसी प्रसाद सिंह, संतोष सिंह, उज्ज्वल कुमार, आदित्य श्रीवास्तव, विवेक कुमार, मृत्युंजय सिंह, दीपक सिंह, रामस्वरूप मेहता, चंदन कुमार, अविनाश कुमार, आलोक सिंह, रोशन मिश्रा, सुरेंद्र सिंह, लवकुश कुमार, विनय सिंह, तपेश्वर सिंह, शिवा कुमार और नरेश पासवान सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे।

# दुकानदारों ने यूनियन का किया गठन, लाइट और सीसीटीवी लगाने को लेकर हुई चर्चा



निज संवाददाता | ओबरा (औरंगाबाद)

ओबरा प्रखंड के कारा मोड़ अतरौली बाजार के दुकानदारों ने विद्या मंदिर इंटर सह सीटेट क्लासेस के परिसर में बैठक कर यूनियन का गठन किया। हर परिस्थिति में यूनियन के साथ-साथ चलने का संकल्प लिया और साफ-सफाई के साथ सुरक्षा से संबंधित बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया। संरक्षक संतोष कुमार शर्मा ने बताया कि जल्द ही कारा मोड़ अतरौली बाजार में लाइटिंग और सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए रूप रेखा तैयार की जाएगी। ताकि नित्य दिन कारा मोड़ अतरौली बाजार में घटने वाली विभिन्न प्रकार की घटनाओं से निजात मिल सके। क्षेत्र में बढ़ती चोरी की घटना को लेकर सीसीटीवी कैमरा लगाने का निर्णय लिया गया। सर्वसहमति से संरक्षक के रूप में संतोष कुमार शर्मा को चुना गया और अध्यक्ष पद के लिए मनोज कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष पद पर टुनटुन यादव, कोषाध्यक्ष पद पर अनिल कुमार, सचिव पद पर रिजवान अली, उप सचिव पद पर रणजीत कुमार के साथ कार्यकारिणी सदस्य के रूप में धीरेंद्र कुमार, जाहिद शाह, चंदन कुमार, आदिल हुसैन, गौतम कुमार, मुस्ताक आलम, वीरेंद्र कुमार ,प्रवीण कुमार,कुमार गौरव प्रसाद अटल को नामित किया गया। मौके पर कारा मोड़ अतरौली बाजार के दुकानदार आरिफ अंसारी,बबन कुमार सिंह, शिवमोहन कुमार रघुनाथ सिंह ने भाग लिया।

# सक्षमता परीक्षा पास 8,000 शिक्षक अबतक नहीं बन पाए राज्यकर्मी

**पटना (नि.सं.)।** सक्षमता परीक्षा पास करने वाले 1.14 लाख शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा मिल चुका है, लेकिन विभाग की लापरवाही की वजह से बिहार में 8 हजार ऐसे शिक्षक हैं, जिनको राज्यकर्मी का दर्जा नहीं अभी तक नहीं मिल पाया है। ये शिक्षक पटना, भोजपुर, अरवल, सारण, मधेपुरा, सुपौल, बेगूसराय सहित 22 जिलों में कार्यरत हैं। इनका आधार , नाम, जन्मतिथि, पिता का नाम, मोबाइल नंबर जिला स्तर पर विभागीय लापरवाही के कारण अपडेट नहीं हुआ है। यह तब है जब शिक्षा विभाग की ओर से 10 हजार से अधिक शिक्षकों की गलतियों को अपडेट करने के लिए 29 अक्टूबर को ही जिलों को निर्देश दिया गया था। लेकिन मात्र 2 हजार शिक्षकों का मोबाइल नंबर, नाम, आधार नंबर ही अपडेट हुआ है। शेष आठ हजार शिक्षकों का मामला अटका हुआ है।

# औरंगाबाद में जिला स्तरीय बाल विज्ञान शोध कार्यक्रम संपन्न



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

शहर के अनुग्रह इंटर विद्यालय में बिहार बाल विज्ञान शोध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार शिक्षा परियोजना, औरंगाबाद के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी ने किया। कार्यक्रम का आयोजन साईंस फॉर सोसाइटी और राज्य शिक्षा, शोध एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीइआरटी) तथा बिहार शिक्षा परियोजना के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम में मानवीय गतिविधियों का हमारे पर्यावरण पर प्रभाव' विषयक चर्चा की गई। कार्यक्रम में विभिन्न प्रखंडो के विद्यालयों के छात्र-छात्राएं अपने प्रदर्श के साथ मौजूद रहे। कार्यक्रम में साईंस फॉर सोसाईटी के जिला समन्वयक राकेश कुमार गौतम, मुकुल कुमार पांडेय, विकास कुमार सिंहा, डायट दाउदनगर के समन्वयक व्याख्याता अमरेंद्र कुमार सिंहा, सी-3 की निहारिका गुप्ता, नेहा कुमारी, धर्मेंद्र कुमार एवं स्वतंत्र कुमार आदि मौजूद रहे। सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी सर्वेश कुमार सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में जिला स्तर पर चयनित होने वाले प्रतिभागी 20 से 22 दिसम्बर तक जहानाबाद के कुर्मा संस्कृति स्कूल में आयोजित राज्य स्तरीय परियोजना प्रस्तुति में भाग लेंगे।

# नये जिला अभियोजन पदाधिकारी दीपक सिंहा ने किया पद्भार ग्रहण



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

औरंगाबाद व्यवहार न्यायालय के जिला अभियोजन पदाधिकारी (डीपीओ) दीपक कुमार सिंहा ने गुरुवार को पद्भार ग्रहण के बाद न्यायिक कार्यों में भाग लिया। पद्भार ग्रहण करने के बाद जिला विधिज्ञ संघ के सहायक सचिव सतीश कुमार स्नेही ने बुके देकर उनका स्वागत किया। अधिवक्ता ने बताया कि डीपीओ दीपक कुमार सिंहा यहां से पहले निगरानी अन्वेषण ब्यूरो, पटना के विधि पदाधिकारी थे। वें अभियोजन पदाधिकारी के रूप में आरा और जहानाबाद में कार्य कर चुके हैं। गौरतलब है कि पूर्व जिला अभियोजन पदाधिकारी उमेश कुमार का तबादला जिला अभियोजन पदाधिकारी कटिहार हो गया है। वही नये जिला अभियोजन पदाधिकारी के पद ग्रहण करने पर लोक अभियोजक पुष्कर अग्रवाल, जिला विधिज्ञ संघ के अध्यक्ष विजय कुमार पांडेय महासचिव जगनारायण सिंह, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संजय सिंह, महासचिव सिद्धेश्वर विद्यार्थी, अनुमंडलीय अभियोजन पदाधिकारी नवीन चतुर्वेदी, संजय सिंह, विकास कुमार सहित अन्य ने शुभकामना और बधाई दी है।

# नल का जल स्टैंड पोस्ट नए मॉडल से बनेंगे मजबूत

निज संवाददाता | पटना

लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री नीरज कुमार ने कहा कि हर घर नल का जल योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में जलापूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए लगातार नए कदम उठाए जा रहे हैं। अब नए या क्षतिग्रस्त स्टैंड पोस्ट नए मॉडल से मजबूत बनाए जाएंगे। मंत्री ने बताया कि स्टैंड पोस्ट पर हर घर नल का जल अंकित करते हुए योजना का प्रतीक चिह्न भी लगाया जाएगा। इस योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए जरूरी है कि प्रत्येक गृह संयोजन उच्चतम गुणवत्ता का हो। विभाग लगातार इसकी गुणवत्ता की जांच करवाता है। सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि स्वीकृत स्टैंड पोस्ट के मॉडल के बनवाएं। विभाग ने हाल के निरीक्षणों में यह पाया है कि कुछ स्थानों पर निर्माण कार्य में सुधार की आवश्यकता है। विभाग ने योजना के मानक अनुरूप निर्माण के लिए तीन प्रकार के मॉडल स्टैंड पोस्ट का नक्शा और प्राक्कलन भी तैयार किया है, जिसपर तकनीकी अनुमोदन प्रदान कर सभी क्षेत्रीय अधिकारियों को दिशा निर्देश जारी किया गया है।

# नारी सशक्तीकरण का असर घर-घर दिख रहा : शीला मंडल

निज संवाददाता | पटना



परिवहन मंत्री शीला मंडल ने कहा है कि वर्ष 2005 से पहले प्रदेश की बहन-बेटियां जंगलराज के भय से अपने घरों के बाहर नहीं निकलती थीं। वहीं, वर्तमान परिस्थिति पूरी तरह से बदल चुकी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा नारी सशक्तीकरण की दिशा में किए गए ठोस प्रयासों का सकारात्मक असर आज घर-घर दिखने लगा है। परिवहन मंत्री गुरुवार को जदयू प्रदेश कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बात कर रही थीं। उन्होंने आगे कहा कि नीतीश सरकार में बिहार का चौतरफा विकास हो रहा है। देश-दुनिया में हमारे राज्य की छवि काफी बेहतर हुई है। हमारे नेता ने अपने दूरदर्शी सोच से प्रदेश के सुदूर गांवों तक विकास की योजनाएं पहुंची रही हैं।